लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

आषाढ़ शुक्ल पक्ष अष्टमी विक्रम संवत 2081

# अमृत विचार

वर्ष -34, अंक -167, पृष्ठ -14+4, मूल्य: 5- रुपये

एक सम्पूर्ण अखबार

लखनऊ, रविवार, 14 जुलाई 2024





इस बार के रविवारीय संस्करण 'लोक दर्पण' में, कौशल विकास से संवरेगा युवाओं का भविष्य व अन्य विषयों पर विशेष सामग्री दी जा रही है।

www.amritvichar.com

**आज का मौसम** 33.4° अधिकतम तापमान | 27.1° न्यूनतम तापमान | आसमान में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे। | सूर्योदय 05 : 24 सूर्यास्त 19 : 04



स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर... 13



**विम्बलडन क्वीन** शनिवार को चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजीकोवा ने इटली की जैस्मीन पाओलिनी को महिला एकल फाइनल के रोमांचक मुकाबले में हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम कर टेनिस की नई रानी बन गईं।

# 7 राज्यों की 13 सीटों में 10 इंडी गठबंधन ने जीतीं

## विस उपचुनावः भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की, एक सीट पर निर्दलीय विजयी

नई दिल्ली, एजेंसी

देश के 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव के शनिवार को आए नतीजों में 'इंडिया' गठबंधन के घटक दलों ने 10 सीट और भाजपा ने दो सीट पर जीत दर्ज की जबकि एक सीट पर निर्दलीय उम्मीदवार की जीत हुई। विधानसभा उपचुनाव के लिए बुधवार को पश्चिम बंगाल की चार, हिमाचल प्रदेश की तीन, उत्तराखंड की दो, पंजाब, मध्य प्रदेश, बिहार और तमिलनाडु की एक-एक सीट पर मतदान हुआ था। इंडिया गठबंधन में शामिल कांग्रेस, आप, तृणमूल कांग्रेस और द्रमुक ने उम्मीदवार उतारे थे। निर्वाचन आयोग के अनुसार पंजाब में, 'आप' के मोहिंदर भगत ने जालंधर पश्चिम सीट पर भाजपा के शीतल अंगुरल को 37,325 मतों से हराया। तमिलनाडु में द्रमुक के अन्नियूर शिवा ने विक्रवांडी सीट पर पीएमके के अंबुमणि सी को 67,757 वोटों से पराजित किया। टीएमसी के उम्मीदवारों कृष्णा कल्याणी, मधुपर्णा ठाकुर, मुकुट मणि अधिकारी और सुप्ति पांडे ने क्रमशः रायगंज, बगदाह, राणाघाट दक्षिण और मानिकतला सीट पर जीत हासिल की। उत्तर दिनाजपुर जिले के रायगंज में कल्याणी ने भाजपा के मानस कुमार घोष पर 50,077 मतों के अंतर से जीत हासिल की। उत्तर 24 परगना जिले की राणाघाट दक्षिण सीट पर तृणमूल कांग्रेस के मुकुट मणि अधिकारी ने भाजपा उम्मीदवार मनोज कुमार बिश्वास को 39048 मतों से हराया। तृणमूल कांग्रेस की मधुपर्णा ठाकुर ने उत्तर 24 परगना जिले की बागदा विधानसभा सीट पर भाजपा के बिनय कुमार बिश्वास को 33455 मतों से पराजित किया। मानिकतला सीट पर तृणमूल प्रत्याशी सुप्ति पांडे ने भाजपा के कल्याण चौबे को 62,312 मतों से हराया।

हिमाचल प्रदेश के मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू की पत्नी एवं कांग्रेस उम्मीदवार कमलेश ठाकुर ने देहरा सीट पर भाजपा के होशियार सिंह को 9,399 मतों से हराया। नालागढ़ में कांग्रेस के हरदीप सिंह बावा ने भाजपा के केएल ठाकुर को 25,618 मतों से हराया। भाजपा ने हमीरपुर सीट जीती है। भाजपा प्रत्याशी आशीष शर्मा को 27,041 वोट मिले, जबकि कांग्रेस के पुष्पिंदर वर्मा को 25,470 वोट मिले। मध्य प्रदेश की अमरवाड़ा सीट पर भाजपा के कमलेश प्रताप शाह ने कांग्रेस के धीरन शाह इनवती से 3,027 मतों के अंतर से हराया जबकि बिहार की रूपौली सीट पर निर्दलीय शंकर सिंह ने जद (यू) के कलाधर प्रसाद मंडल को 8,246 मतों से हराया।

### बदरीनाथ और मंगलौर सीट कांग्रेस ने जीता

**देहरादून।** उत्तराखंड के हरिद्वार जिले की मंगलौर सीट पर कांग्रेस के काजी निजामुद्दीन 449 वोट से विजयी हुए। उन्होंने भाजपा के करतार सिंह भड़ाना को हराया। निजामुद्दीन को 31710 और भड़ाना को 31261 वोट मिले। बसपा प्रत्याशी उबेदुर्रहमान 19552 वोट पाकर तीसरे स्थान पर रहे। बदरीनाथ सीट पर कांग्रेस प्रत्याशी लखपत सिंह बुटोला ने भाजपा के राजेंद्र सिंह भंडारी को 5,224 मतों से शिकस्त दी है। बुटोला को कुल 28161 वोट हासिल हुए जबकि भंडारी को 22937 वोट मिले। तीसरे स्थान पर रहे नवल किशोर नेगी को 1813 वोट ही हासिल हुए।

## एक नजर

### ईडी ने धनशोधन मामले में कई की संपत्ति कुर्क की

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र में 263 करोड़ रुपये के कथित 'आयकर रिफंड' धोखाधड़ी से जुड़े धनशोधन मामले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने एक आईपीएस अधिकारी के पति सहित कई लोगों की संपत्तियां कुर्क की हैं। ईडी ने पुरुषोत्तम चव्हाण का मुंबई स्थित फ्लैट, राजेश बृजलाल बत्रेजा की लोनावाला और खंडाला की जमीन, अनिरुद्ध गांधी की बैंक में जमा राशि, आरोपी राजेश शेट्टी और भूषण अनंत पाटिल की बीमा योजनाएं और 14.02 करोड़ रुपये की कुछ सावधि जमाएं भी जब्त की हैं। धन शोधन निवारण अधिनियम के तहत ये संपत्तियां कुर्क की गई हैं। ईडी ने इस मामले में अब तक कुल 182 करोड़ रुपये की संपत्ति कुर्क की है।

### रक्षामंत्री राजनाथ सिंह को एम्स से छुट्टी दी गई

**नई दिल्ली।** रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह को शनिवार को यहां एम्स से छुट्टी दे दी गई। दो दिन पहले पीठ में दर्द होने की शिकायत के बाद सिंह को अस्पताल में भर्ती कराया गया था। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स) के मीडिया प्रकोष्ठ की प्रभारी डॉक्टर रीमा दादा के अनुसार सिंह के पीठ दर्द का उपचार किया गया। उन्होंने कहा कि सिंह को शनिवार अपराह्न दो बजे अस्पताल से छुट्टी दी गई। सिंह को गुरुवार तड़के न्यूरोसर्जरी विभाग के पुराने निजी वार्ड में भर्ती कराया गया था।

### कांवड़ मार्ग पर काटे पेड़ों की तस्वीरें सौंपें : एनजीटी

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय हरित अधिकरण (एनजीटी) ने भारतीय सर्वेक्षण विभाग को उत्तर प्रदेश में कांवड़ यात्रा के वास्ते सड़क निर्माण के लिए काटे गए पेड़ों की संख्या का पता लगाने के लिए ऊपरी गंगा नहर क्षेत्र की उपग्रह तस्वीरें दाखिल करने का निर्देश दिया है। अधिकरण ने उत्तर प्रदेश में अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पेड़ों की अवैध कटाई न हो। एनजीटी उत्तराखंड सीमा के पास मुरादनगर (गाजियाबाद जिला) से पुरकाजी (मुजफ्फरनगर जिला) तक 111 किलोमीटर लंबे कांवड़ मार्ग की दो लेन के निर्माण के लिए गाजियाबाद, मेरठ और मुजफ्फरनगर के तीन वन प्रभागों में संरक्षित वन क्षेत्र में एक लाख से अधिक पेड़ों की कटाई से संबंधित मामले की सुनवाई कर रहा था। न्यायाधिकरण ने एक समाचार पत्र की उस रिपोर्ट के आधार पर स्वतः संज्ञान लेते हुए मामला शुरू किया था।

# क्षेत्रीय भाषाओं में भी हो कानून की पढ़ाई

## आरएमएलएनएलयू के दीक्षांत समारोह में प्रधान न्यायाधीश डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने दी सलाह

### मेधावियों को दिए पदक, मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य हुए सम्मिलित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** भारत के प्रधान न्यायाधीश (सीजेआई) न्यायमूर्ति डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की पढ़ाई हिंदी और अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी कराई जाए तो अधिकाधिक लोग लाभान्वित होंगे। कानून के सिद्धांतों को यदि हम सरल भाषा में आम जनता को नहीं समझा पा रहे हैं तो इसमें कानूनी पेशे व कानूनी शिक्षा की ही कमी नजर आ रही है। कानून की शिक्षा व जानकारी अधिकाधिक लोगों को उनकी ही भाषा में हो इसके लिए हमें फलदाई और सकारात्मक दिशा में कार्य करना चाहिए।

सीजेआई शनिवार को डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (आरएमएलएनएलयू) लखनऊ के दीक्षांत समारोह में विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि अदालतों को अपने फैसले अंग्रेजी के साथ ही हिंदी व अन्य क्षेत्रीय भाषाओं में भी सुनाना चाहिए। क्षेत्रीय भाषा में अपनापन होता है। अनुवादित भाषा कभी-कभी अर्थ का अनर्थ बना देती है।




दीक्षांत समारोह में एक मेधावी को सम्मानित करते सीजेआई डॉ. डीवाई चंद्रचूड़ व मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, साथ में कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह। ● अमृत विचार

### ताल-तलैया का अर्थ उत्तर प्रदेश में ही जान पाया

सीजेआई ने बताया कि वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश भी रह चुके हैं। उन्होंने यहीं आकर स्थानीय भाषा में ताल-तलैया का अर्थ जाना। बताया कि अंग्रेजी भाषा की समझ अधिकांश न्यायाधीशों व अधिवक्ताओं को तो होती है, लेकिन भोजपुरी, अवधी, बुंदेली, हिंदी आदि बोलने वाले अधिकतर लोग अंग्रेजी नहीं समझ पाते। हमें ऐसे लोगों की सुविधा का ध्यान रखना होगा। उन्होंने यह भी कहा कि मां के प्यार का असल भाव अंग्रेजी के अनुवाद से नहीं मिल सकता। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि कानून की शिक्षा से अंग्रेजी को हटा देने के वे पक्षधर नहीं, लेकिन स्थानीय भाषाओं को भी आगे लाए जाने की जरूरत है। क्योंकि न्याय समय पर मिलना आवश्यक है, इसकी सभी को जरूरत है।

### 1950 से लेकर अब तक 37 हजार आदेशों का हिंदी में हुआ अनुवाद

न्यायमूर्ति डा. चंद्रचूड़ ने यह भी बताया कि 1950 से लेकर अब तक 37 हजार जजमेंट का हिंदी में अनुवाद हो चुका है। हिंदी भाषा को आगे बढ़ाने की कई योजनाएं भी चल रही हैं। उन्होंने मुंबई हाईकोर्ट के बाद इलाहाबाद हाईकोर्ट में वकीलों द्वारा हिंदी में रखे गए पक्षों को भी कार्यक्रम में साझा किया।

### सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन : मुख्यमंत्री योगी

दीक्षांत समारोह में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि सुशासन की पहली शर्त विधि का शासन है। इसी के लिए ही देश जाना जा रहा है। आमजन की धारणा और देश-दुनिया की धारणा बदलने के लिए यह बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करता है। उन्होंने यह भी कहा कि न्याय संगत व्यवस्था हर किसी को प्रिय है। शर्त है कि न्याय समयबद्ध तरीके से हो। इसके लिए विशेषज्ञ प्रमुख भूमिका निभाते हैं। विधि विवि इस भूमिका की सही राह पर बढ़ चुका है। विधि विवि से उपाधि प्राप्त करने वाले जितने भी स्नातक, परास्नातक और शोधार्थी हैं। वे अपने कार्यों के माध्यम से न सिर्फ विश्वविद्यालय को बल्कि समाज और राष्ट्र को लाभान्वित करके अपने अभिभावकों और गुरुजनों को गौरवान्वित करने का कार्य करेंगे।

इस अवसर पर सीजेआई ने यह भी कहा कि कोर्ट के कई फैसले हिंदी या क्षेत्रीय भाषाओं में न होने से आम लोगों को समझ में नहीं आते हैं। इसलिए जरूरी है कि भाषाई दिक्कतों को दूर किया जाए। यह कोई बड़ी बात नहीं, हम चाहें तो इसे बेहतर कर सकते हैं। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने यह भी कहा कि विधि विश्वविद्यालयों में एलएलबी की पढ़ाई हिंदी में भी कराई जानी चाहिए। क्योंकि अंग्रेजी भाषी विधि विद्यार्थी खसरा-खतौनी की जानकारी मांगने पर बगले झांकने लगते हैं। आमजन की भाषा न जानने वाला उनके साथ न्याय कैसे कर पाएगा।

दीक्षांत समारोह में विधि विषय के मेधावियों को पदक प्रदान किए गए। सुप्रीम कोर्ट के न्यायमूर्ति विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली व मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह समेत कई गणमान्य उपस्थित रहे।

# बिना परमिट चलती मिलीं बसें तो अफसरों पर होगी कार्रवाई

● उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री सख्त, परिवहन विभाग के अधिकारियों को दी चेतावनी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** उन्नाव हादसे के बाद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त तेवर अपनाते हुए कहा कि अगर बिना परमिट सड़कों पर बसें पाई गईं, तो बड़े अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि डग्गामार और बिना परमिट बसों के खिलाफ प्रदेश में बड़ा अभियान चलाया जाय। मुख्यमंत्री शनिवार को सरकारी आवास पर परिवहन विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि भविष्य में प्रदेश की सड़कों पर डग्गामार या बिना परमिट कोई बस चलती मिली तो संबंधित अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने स्पष्ट चेतावनी देते हुए कहा कि प्रदेश में चल रही सभी यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की गहनता से जांच की जाय। मुख्यमंत्री ने प्रमुख सचिव परिवहन को निर्देशित करते हुए कहा कि आखिर डग्गामार और बिना परमिट वाली बसें सड़कों पर कैसे बेरोकटोक घूम रही हैं। ऐसी बसों के खिलाफ पूरी सख्ती के साथ अभियान चलाएं।

### एक माह तक चलेगा सघन अभियान

मुख्यमंत्री के कड़े रुख के बाद परिवहन विभाग के आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने प्रदेश के सभी उप परिवहन आयुक्त (परिक्षेत्र), सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन), सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी (प्रशासन/प्रवर्तन) को निर्देश दिए हैं कि एक माह तक अनवरत रूप से सड़क अभियान चलाया जाय। इस दौरान यात्री बसों के साथ ही स्कूली वाहनों की भी चेकिंग की जाय। उन्होंने इसके लिए प्रदेश के विभिन्न टोल प्लाजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार ड्यूटी लगा दी है।

# जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ीं

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्र सरकार ने जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल को पुलिस और आईएएस एवं आईपीएस अधिकारियों से संबंधित निर्णय लेने तथा विभिन्न मामलों में अभियोजन की मंजूरी देने के लिए और शक्तियां सौंपी हैं। उपराज्यपाल भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो से संबंधित मामलों के अलावा महाधिवक्ता और अन्य कानून अधिकारियों की नियुक्ति के संबंध में भी निर्णय ले सकते हैं। जम्मू-कश्मीर का राज्य का दर्जा वापस लेकर उसे दो केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में विभाजित किए जाने के बाद लागू कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम 2019 के तहत जारी नियमों में संशोधन कर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने शुक्रवार को उपराज्यपाल को ये शक्तियां दीं।

### जल्दी नहीं मिलेगा पूर्ण राज्य का दर्जा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने शनिवार को दावा किया कि जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियां बढ़ाए जाने का मतलब यह है कि निकट भविष्य में इस केंद्र शासित का पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल होने की संभावना नहीं दिखती। पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने ''एक्स'' पर पोस्ट किया सुप्रीम कोर्ट ने जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव 30 सितंबर, 2024 तक कराने का आदेश दिया था।

### कश्मीर के राजनेताओं ने गृह मंत्रालय पर साधा निशाना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के उपराज्यपाल की शक्तियों का दायरा बढ़ाने के गृह मंत्रालय के निर्णय पर कश्मीर के नेताओं ने निशाना साधा है। नेशनल कॉन्फ्रेंस के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला ने 'एक्स' पर लिखा कि जम्मू-कश्मीर के लोग एक शक्तिहीन, रबर स्टैम्प मुख्यमंत्री से बेहतर के हकदार हैं, जिसे अपने चपरासी की नियुक्ति के लिए उपराज्यपाल से भीख मांगनी पड़ेगी।

गृह मंत्रालय की एक अधिसूचना के अनुसार पुलिस, लोक व्यवस्था, अखिल भारतीय सेवा और भ्रष्टाचार रोधी ब्यूरो के संबंध में वित्त विभाग की पूर्व सहमति की आवश्यकता वाले किसी भी प्रस्ताव को तब तक स्वीकार नहीं किया जाएगा, जब तक कि इसे उपराज्यपाल के समक्ष नहीं रखा जाता है। कहा गया है कि महाधिवक्ता और अन्य विधि अधिकारियों की नियुक्ति के प्रस्ताव पर उपराज्यपाल का अनुमोदन लेने पड़ेगा।

## जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर की पत्नी का फंदे से लटका मिला शव

**लखनऊ।** जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष कुमार की पत्नी नीलम भारती (39) की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। उनका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक उस वक्त पति जिम गए थे। वापस आने पर जानकारी हुई। वहीं, भाई ने पति, सास और ससुर पर हत्या का आरोप लगाया है।



नीलम भारती (फाइल फोटो)

मूलतः गाजीपुर जखनियां निवासी संतोष कुमार जीएसटी में असिस्टेंट कमिश्नर हैं। संतोष कुमार पत्नी नीलम भारती व अपनी 2 बेटियों के साथ सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर जी-4 में रहते हैं। संतोष के मुताबिक पत्नी लंबे समय से डिप्रेशन में थी। उनका इलाज चल रहा था। शनिवार सुबह दोनों बेटियां खुशी (12) और श्रेया (8) स्कूल गई थीं। इसके बाद वह जिम गये। वापस आने के बाद देखा कि नीलम का शव फंदे से लटका था। सुशांत गोल्फ सिटी के आवास में दीपावली के समय से रह रहे हैं। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्रा के मुताबिक शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन को सुपुर्द कर दिया गया है।

# सीआईसी के पास पीठ गठित करने व नियम बनाने की शक्तियां : कोर्ट

● प्रभावी कामकाज के लिए सीआईसी की स्वायत्तता महत्वपूर्ण : सुप्रीम कोर्ट

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने केंद्रीय सूचना आयोग (सीआईसी) के प्रभावी कामकाज के लिए उसकी स्वायत्तता को सर्वाधिक महत्वपूर्ण करार देते हुए कहा है कि आयोग के पास पीठ गठित करने और नियम बनाने की शक्तियां हैं। न्यायमूर्ति विक्रमनाथ और न्यायमूर्ति सतीश चंद्र शर्मा की पीठ ने पिछले बुधवार को कहा कि प्रशासनिक निकायों की स्वायत्तता और स्वतंत्रता उनके निर्धारित कार्यों को प्रभावी ढंग से करने के वास्ते उनकी क्षमता के लिए महत्वपूर्ण है।

पीठ ने कहा कि आयोग की पीठों के गठन से संबंधित नियम बनाने की मुख्य सूचना आयुक्त की शक्तियों को बरकरार रखा जाता है, क्योंकि ऐसी शक्तियां आरटीआई अधिनियम की धारा 12(4) के दायरे में हैं। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि सीआईसी जैसी संस्थाएं विशिष्ट कार्य करने के लिए स्थापित की जाती हैं, जिसके लिए एक स्तर की निष्पक्षता और विशेषज्ञता की आवश्यकता होती है और ऐसा तभी हो सकता है जब इनमें अनुचित हस्तक्षेप नहीं हो।

पीठ ने कहा कि ये नियम आयोग के कुशल प्रशासन और संचालन को सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक उपकरण हैं। सुप्रीम कोर्ट ने यह टिप्पणी उस फैसले के दौरान की जिसमें उसने दिल्ली हाईकोर्ट के 2010 के निर्णय को खारिज कर दिया। हाईकोर्ट ने अपने आदेश में मुख्य सूचना आयुक्त द्वारा तैयार किए गए केंद्रीय सूचना आयोग (प्रबंधन) विनियम, 2007 को रद कर दिया था तथा कहा था कि सीआईसी को आयोग की पीठ गठित करने का कोई अधिकार नहीं है।

# प्रथमेश बनाये गये लविप्रा के नये उपाध्यक्ष

## 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले, पांच जिलों में बदले गये डीएम

● लविप्रा के उपाध्यक्ष रहे इन्द्रमणि त्रिपाठी औरैया और चन्द्र विजय सिंह अयोध्या के बने नये डीएम

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचारः** राज्य सरकार ने शनिवार की देर रात 11 आईएएस अधिकारियों के तबादले कर दिये। इनमें पांच जिलों के डीएम बदल दिये गये हैं। मुख्यमंत्री के विशेष सचिव व अपर मुख्य कार्यपालक अधिकारी इन्वेस्ट यूपी प्रथमेश कुमार को लखनऊ विकास प्राधिकरण का उपाध्यक्ष बनाया गया है।

लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष रहे इन्द्रमणि त्रिपाठी को औरैया का डीएम बनाया गया है। औरैया की डीएम नेहा प्रकाश को निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन उत्तर प्रदेश के पद पर भेजा गया है। बीते दिन मुख्य निर्वाचन कार्यालय से अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी पद से हटाकर प्रतीक्षारत की गईं निधि श्रीवास्तव को बदायूं का डीएम बनाया गया है। बदायूं के डीएम मनोज कुमार को उत्तर प्रदेश शिक्षा चयन आयोग प्रयागराज का सचिव बनाया गया है। उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ की मुख्य कार्यपालक अधिकारी दिव्या मित्तल को देवरिया का डीएम बनाया गया है। देवरिया के डीएम अखंड प्रताप सिंह को उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण सड़क विकास प्राधिकरण लखनऊ का मुख्य कार्यपालक अधिकारी बनाया गया है। सोनभद्र के डीएम चन्द्र विजय सिंह को अयोध्या का डीएम बनाया गया है। अयोध्या के डीएम नितीश कुमार को दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम आगरा का प्रबंध निदेशक बनाया गया है। राज्यपाल के विशेष सचिव बद्रीनाथ सिंह को सोनभद्र का डीएम बनाया गया है। सदस्य न्यायिक राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश प्रयागराज देवीशरण उपाध्याय को प्रतीक्षारत कर दिया गया है।

## भूस्खलन के चलते गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िए

**देहरादून।** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलिया क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िए गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियों के क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िए जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे।

# दा विंची एक्सआई रोबोट से हुई दुनिया की पहली सर्जरी

## एसजीपीजीआई के डॉक्टरों का दावा, विश्व में इस तरह के दर्ज 231 मामले में यह सबसे ज्यादा जटिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** संजय गांधी स्नातकोत्तर आयुर्विज्ञान संस्थान, लखनऊ (एसजीपीजीआई) के डॉक्टरों ने युवक के मूत्राशय के रास्ते में जमा फैट को रोबोटिक सर्जरी से निकालने में सफलता प्राप्त की है। पेशाब में रुकावट से रोगी के दोनों गुर्दे खराब होने लगे थे। इस दुर्लभ बीमारी को चिकित्सा भाषा में पेल्विक लिपोमैटोसिस कहते हैं। डॉक्टर का दावा है कि दा विंची एक्सआई रोबोट से की गई विश्व की यह पहली सर्जरी है। डॉक्टरों ने अब तक पूरे विश्व में इस तरह के दर्ज 231 मामलों में इसे सबसे जटिल बताया है।



सर्जरी करने वाली डॉक्टरों की टीम।

यूरोलॉजी विभाग के डॉ. यूपी सिंह ने बताया कि पेशाब में रुकावट व दर्द से परेशान 24 वर्षीय युवक ओपीडी में आया था। जांच में दुर्लभ बीमारी पेल्विक लिपोमैटोसिस का पता चला। पेल्विक क्षेत्र में वसा (फैट) जरूरत से ज्यादा जमा था। मूत्राशय का रास्ता सिकुड़ने से रोगी को बार-बार पेशाब करने जाना पड़ता था। फिर भी पेशाब पूरी नहीं निकल पा रही थी। पेशाब रुकने की वजह से रोगी के दोनों गुर्दे में सूजन आ गई थी। गुर्दों की काम करने की क्षमता कमजोर हो रही थी। डा. सिंह ने बेहाशी के डॉ. संजय धीराज की मदद से ऑपरेशन कर फैट को निकाला। दोनों मूत्र नली को जोड़ा और आंत के एक हिस्से की मदद से मूत्राशय के आकार को बड़ा किया। अब रोगी पूरी तरह से ठीक है। पेशाब में रुकावट की समस्या दूर हो गई है। पीजीआई निदेशक डा. आरके धीमान ने जटिल ऑपरेशन टीम में शामिल डॉक्टर व स्वास्थ्यकर्मियों की सराहना की है।

# डग्गामार पर अब इंट्री प्वाइंट से प्रहार

## शुरू हुआ जांच अभियान, बिना परमिट वाले वाहनों को चेक प्वाइंट पर ही रोका जाएगा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी की फटकार से चेते अधिकारियों ने अब डग्गामार और स्कूली वाहनों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से अभियान शुरू कर दिया है। डग्गामार वाहन जहां से निकल रहे हैं, उन इंट्री प्वाइंट से ही प्रहार किए जाने का खाका खींचा गया है। परिवहन आयुक्त चंद्रभूषण सिंह ने ठोस कार्रवाई के लिए प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा पर संभागीय परिवहन अधिकारियों की तिथिवार तैनाती कर दी है। 19 दिनों का कार्यक्रम तय किया गया है। इसमें सभी एक्सप्रेस-वे के टोल को भी शामिल किया गया है। इस आशय के आदेश परिवहन आयुक्त ने प्रदेश के सभी आरटीओ को जारी कर दिए गए हैं।

**▸▸ यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस और ड्राइवरों की होगी जांच**



### चेक पोस्ट मान कर किया जाएगा टोल से कार्य

परिवहन आयुक्त सिंह के मुताबिक, प्रदेश के सभी टोल प्लॉजा से अधिकारी चेक पोस्ट के रूप में कार्य करेंगे। डग्गामार के इंट्री प्वाइंट पर तैनात अफसरों की टीम वाहनों की जांच कर कार्रवाई करेगी।

### इस तरह से होगी कार्रवाई

चिह्नित स्थानों पर वाहनों के कागजातों की जांच होगी। इनमें यात्री बसों और स्कूल बसों का परमिट, फिटनेस, इंश्योरेंस की जांच होगी। कागजात पूरे न होने पर वाहन सीज कर दिया जाएगा। उसे आगे नहीं जाने दिया जाएगा। वाहन चलने लायक न हुआ और उसका संचालन होते हुए पाया गया तो अफसर कार्रवाई के लिए तैयार रहें। बड़े चालान किए जाएंगे। यही नहीं, चेक पोस्ट पर ही चालक की ब्रेथ एनालाइजर से जांच की जाएगी। ड्रंकन ड्राइविंग की दशा में बड़ी कार्रवाई होगी। इसके अलावा यात्री बसें और स्कूली वाहनों को भी चेक किया जाएगा। यह प्रक्रिया हर चेक पोस्ट पर अपनाई जाएगी। ऐसा नहीं होगा कि एक प्वाइंट से निकल आए तो आगे भी बच जाएंगे। चिन्हित स्थानों पर एक-एक इण्टरसेप्टर लगाया जा रहा है। कार्रवाई पर मॉनीटरिंग के लिए व्हाट्सएप ग्रुप भी बनाया गया है, जिस पर मुख्यालय और उच्चाधिकारियों के स्तर से निगरानी होगी।

### हरकत में प्रवर्तन टीम, नवाबगंज टोल प्लॉजा पर 15 वाहन सीज

**लखनऊ :** मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद अभियान शुरू होने के मात्र चार घंटे के भीतर ही 15 वाहन सीज कर दिए गए। डीटीसी सुरेंद्र कुमार और आरटीओ प्रवर्तन संदीप कुमार पंकज ने नवाबगंज टोल प्लॉजा पर जांच अभियान चलाया। इस दौरान 32 वाहनों का चालान भी किया गया। चालकों की जांच हुई। आरटीओ पंकज ने बताया कि रात तक कार्रवाई जारी रहेगी। वाहनों के सीज करने और चालान की संख्या सुबह जारी होगी।



शनिवार को सरकारी आवास पर कानपुर मंडल से आए सांसदों व विधायकों से मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री योगी।

### नहीं बढ़ने दी जाएंगी बिजली दरें : उपभोक्ता परिषद

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में बिजली दरें नहीं बढ़ने दी जाएंगी। उत्तर प्रदेश राज्य विद्युत उपभोक्ता परिषद के अध्यक्ष अवधेश कुमार वर्मा ने साप्ताहिक वेबीनार में उपभोक्ताओं को यह भरोसा दिलाया। उन्होंने कहा कि बिजली कंपनियों पर उपभोक्ताओं के 33,122 करोड़ रुपये निकल रहे हैं। राज्य विद्युत नियामक आयोग की जनसुनवाई में इसका विरोध किया गया, आगे भी विरोध जारी रहेगा। वेबीनार में हरेंद्र कुमार, राजपाल सिंह, निर्दोष कुमार सिंह, विनोद कुमार गुप्ता, सुनील कुमार, जय दीप गुप्त, अंकित शर्मा, पवन सिंह, संदीप कुमार गुप्ता, अरविंद, हरिराम यादव आदि शामिल थे।

### एक नजर

#### बिजली चोरी रोकने के लिए वितरण बाक्स में लगेंगे ताले



अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश में ज्यादा बिजली चोरी वाले चिन्हित क्षेत्रों के बिजली वितरण बाक्स में ताले लगाए जाएंगे। बिजली चोरी पाये जाने पर क्षेत्रीय अभियंताओं की जिम्मेदारी तय होगी। उप्र. पावर कॉरपोरेशन की ओर तैयार राजस्व रणनीति के तहत इस पर कार्य शुरू करने के निर्देश दिये गये हैं। कॉरपोरेशन के सूत्रों ने बताया कि वितरण निगमों को इसे प्रभावी ढंग से लागू करने को कहा गया है। बिजली वितरण बाक्स में सिंगल चाभी वाले ताले लगाने को कहा गया है। इन क्षेत्रों में प्रवर्तन दल के नेतृत्व में प्रभावी कार्रवाई किए जाने के निर्देश दिये गये हैं।

## बंद चल रहीं सभी बिजली उत्पादन इकाइयां चालू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचार :** रिजर्व शट डाउन के नाम पर पिछले दिनों बंद की गईं राज्य बिजली उत्पादन निगम की सभी इकाइयां शनिवार को चालू हो गईं। बंदी का भारी विरोध होने व राज्य विद्युत नियामक आयोग की ओर से जवाब तलब करने के बाद निगम ने सभी को चालू करते हुए गांवों की बिजली आपूर्ति निर्धारित से आधे घंटे और बढ़ा दी है। दूसरी ओर, तकनीकी खराबी के कारण दो इकाइयों में अभी उत्पादन ठप है।

उत्तर प्रदेश पावर कॉरपोरेशन के सूत्रों के अनुसार बीती तीन-चार जुलाई को रिजर्व शट डाउन के तहत टांडा बिजलीघर की 110 मेगावाट की चार इकाइयां और हरदुआगंज की ढाई सौ मेगावाट व 110 मेगावाट क्षमता की दो इकाइयां बंद की गई थीं। इन इकाइयों को बीती 8 जुलाई को चालू होना था, पर इन इकाइयों को 15 जुलाई तक के लिए फिर बंद करने का निर्णय लिया गया था। इसी दिन हरदुआगंज की 660 मेगावाट क्षमता की एक इकाई को भी और बंद कर दिया गया था। इस मामले में राज्य विद्युत नियामक आयोग में याचिका भी दाखिल की गई थी।

## लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश बने पुलिस अधीक्षक जालौन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ 10 आईपीएस समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा पीपीएस का तबादला**

**अमृत विचार :** शासन ने शनिवार को 10 आईपीएस समेत डेढ़ दर्जन से ज्यादा पीपीएस अफसरों का तबादला कर दिया है। लखनऊ पश्चिमी के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को जालौन का पुलिस अधीक्षक बनाया गया है। इसके अलावा दो और डीसीपी को जिले का चार्ज दिया गया है। तीन जिलों के पुलिस अधीक्षकों को जनसुनवाई में ढिलाई बरतने पर जिलों से हटाकर महत्वहीन पदों पर भेजा गया है।

लखनऊ कमिश्नरेट पश्चिम के डीसीपी डॉ. दुर्गेश को पहली बार जिला दिया गया है। डॉ. दुर्गेश लंबे समय तक डीजीपी के स्टाफ ऑफिसर रहे हैं। इसके अलावा श्याम नारायण सिंह वाराणसी कमिश्नरेट से एटा पुलिस अधीक्षक और राम सेवक गौतम कानपुर कमिश्नरेट से शामली के पुलिस अधीक्षक बनाए गए हैं। गौरव बंशवाल को पुलिस अधीक्षक प्रशिक्षण व सुरक्षा से हटाकर डीसीपी वाराणसी कमिश्नरेट बनाया गया है। अभिषेक को पुलिस अधीक्षक शामली से हटाकर पुलिस अधीक्षक बिजनौर बनाया गया। नीरज कुमार जादौन को पुलिस अधीक्षक बिजनौर से हटाकर पुलिस अधीक्षक हरदोई बनाया गया है। ईराज राजा को पुलिस अधीक्षक जालौन से हटाकर पुलिस अधीक्षक गाजीपुर बनाया गया। रामसेवक गौतम को डीसीपी कानपुर कमिश्नरेट से हटाकर पुलिस अधीक्षक शामली बनाया गया।

### जनशिकायतों में ढिलाई बरतने पर हटाया गया

जनशिकायतों पर ठीक से सुनवाई नहीं करने पर कई आईपीएस अफसरों को हटाया गया है। इसमें से हरदोई के पुलिस अधीक्षक केशव चंद्र गोस्वामी को पुलिस अधीक्षक अभिसूचना लखनऊ बनाया गया, राजेश कुमार सिंह को एटा पुलिस अधीक्षक से हटाकर कानपुर कमिश्नरेट भेजा गया है। जबकि एसपी गाजीपुर डॉ. ओमवीर सिंह को लखनऊ कमिश्नरेट भेजा गया है।

### पीपीएस अफसर इधर से उधर

पीपीएस अफसरों में डॉ. कृष्ण गोपाल सिंह को पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ से हटाकर महाकुंभ मेला प्रयागराज भेजा गया है। वरुण कुमार सिंह को बुलंदशहर से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक अलीगढ़ बनाया गया। गिरजा शंकर त्रिपाठी को जालौन से हटाकर बुलंदशहर तैनात किया गया है। अर्चना सिंह को बिजनौर से हटाकर जालौन भेजा गया। अंजनी कुमार चतुर्वेदी को मंडलाधिकारी अयोध्या से हटाकर बिजनौर भेजा गया है। अनिरुद्ध कुमार सिंह को चंदौली से हटाकर मंडलाधिकारी अयोध्या बनाया गया है। राजीव सिसौदिया को पुलिस उपाधीक्षक बहराइच से हटाकर चंदौली भेजा गया है। प्रद्युम्न कुमार सिंह को पुलिस उपाधीक्षक एलआईयू आजमगढ़ से हटाकर पुलिस उपाधीक्षक बहराइच बनाया गया है। संत कबीरनगर के पुलिस उपाधीक्षक बृजेश सिंह को एटीएस लखनऊ का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। कासगंज के पुलिस उपाधीक्षक अजीत चौहान को संत कबीर नगर, राज कुमार पांडे को मंडलाधिकारी चित्रकूट से पुलिस उपाधीक्षक कासगंज बनाया गया है। संजय कुमार सिंह-द्वितीय को सहायक पुलिस आयुक्त कमिश्नरेट प्रयागराज से एटीएस लखनऊ का पुलिस उपाधीक्षक बनाया गया है। बस्ती के मंडलाधिकारी राम कृष्ण चतुर्वेदी को पुलिस उपाधीक्षक महाकुंभ मेला प्रयागराज बनाया गया है। भ्रष्टाचार निवारण संगठन कानपुर के पुलिस उपाधीक्षक जय राम को बस्ती का मंडलाधिकारी बनाया गया है। श्रावस्ती में तैनात पुलिस उपाधीक्षक संदीप कुमार वर्मा को पुलिस उपाधीक्षक महाकुंभ मेला प्रयागराज के पद पर भेजा गया है। अंशुमान मिश्रा को भ्रष्टाचार निवारण संगठन (मुख्यालय) से महाकुंभ मेला उपाधीक्षक विवेक चावला को इटावा से मिर्जापुर व प्रेम कुमार थापा को पीएसी 43वीं वाहिनी एटा से इटावा भेजा गया है।



विधानसभा उप चुनाव में जीत के बाद शनिवार को लखनऊ स्थित राज्य मुख्यालय में कार्यकर्ताओं के साथ खुशी मनाते प्रदेश अध्यक्ष अजय राय।

## विस उप चुनाव में जीत पर कांग्रेस मुख्यालय में जश्न, बांटीं मिठाइयां

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उप चुनाव में 10 सीटों पर इंडी गठबंधन की जीत पर शनिवार को प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में जश्न मनाया गया। नेताओं-कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर खुशी का इजहार किया।

चुनाव परिणाम आते ही राज्य पार्टी मुख्यालय में उत्सव का माहौल रहा। कार्यकर्ताओं ने ढोल-नगाड़े बजाकर पटाखे छोड़े। एक-दूसरे को मिठाई खिलाई। इस दौरान प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने कहा, जनता प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जनविरोधी नीतियों से तंग आ चुकी है। यह जीत जनता की जीत है। अब आने वाले वक्त में हर जगह बदलाव देखने को मिलेगा। अब जनता इनके झूठ को पहचान गई है। अब इन्हें वोट की चोट से सबक सिखायेगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस विधानमंडल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना, पूर्व विधायक अखिलेश प्रताप सिंह, प्रदेश उपाध्यक्ष विश्व विजय सिंह, संगठन महासचिव अनिल यादव, प्रदेश महासचिव मुकेश सिंह चौहान, मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, प्रदेश प्रवक्ता अंशू अवस्थी समेत अन्य नेता मौजूद रहे।

## 'हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' अभियान 15 से

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**▸▸ सभी निकायों में 75 हजार 'होम कम्पोस्टिंग' का लक्ष्य**

**▸▸ प्रत्येक जिले में एक हजार लोगों का किया जाएगा चयन**

**▸▸ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग व संस्थाएं होंगी सम्मानित**

**अमृत विचार :** प्रदेश में 15 जुलाई से 'हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' अभियान शुरू होगा। सभी निकायों में 75 हजार 'होम कम्पोस्टिंग' का लक्ष्य रखा गया है। हर जिले में एक हजार नागरिकों का चयन होगा, जिसमें उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोग व संस्थाएं सम्मानित होंगी। निदेशक नगरीय निकाय व स्वच्छ भारत मिशन-नगरीय अनुज कुमार झा ने इस सिलसिले में सभी नगर आयुक्तों व अधिशासी अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिया है।

निर्देश के तहत घर में खाद बनाने की प्रक्रिया को बढ़ावा देने के लिए 15 जुलाई से 15 सितंबर तक दो माह तक अभियान चलाया जाएगा। होम कम्पोस्टिंग के लिए घरों का चयन कर इन घरों में कचरे का स्वतः निस्तारण करने के साथ पौधरोपण को भी बढ़ावा दिया जाएगा। लोगों को घरों में बाग, टेरिस गार्डन और बॉलकनी गार्डन के साथ हर घर में स्वच्छता व हरियाली के लिए बढ़ावा देने पर जोर दिया जाएगा। अभियान के दौरान प्रत्येक घर को चिन्हित कर दो माह की समयावधि में खाद से पौधारोपण व वेजिटेबल फार्मिंग को बढ़ावा दिया जाएगा। इसके अलावा प्रत्येक घर में न्यूनतम एक सब्जी भी उगाए जाने के लिए लोगों को जागरूक किया जायेगा। कार्यक्रम के प्रचार-प्रसार के लिए सभी निकाय स्वयं के सोशल मीडिया पेज पर कार्यक्रम संबंधित गतिविधियों को पोस्ट करेंगे।

### टॉप तीन लोगों को मिलेगा 5 हजार का उपहार

'हर घर स्वच्छता, हर घर हरियाली' कार्यक्रम के अंतर्गत दो माह की अवधि पूरा होने पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले लोगों को सम्मानित किया जाएगा। इसमें टॉप 1,000 लोगों को 1 हजार रुपये मूल्य के, टॉप 100 लोगों को 2,000 रुपये मूल्य के, टॉप 10 लोगों को 3,000 रुपये मूल्य के और टॉप-3 लोगों को 5,000 रुपये मूल्य की वस्तु उपहार स्वरूप भेंट की जाएगी। उत्कृष्ट कार्य किए जाने पर प्रदेश स्तर पर सम्मानित भी किया जाएगा। उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाओं को भी प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा।

### डीआरएम ने आरपीएफ बैरक का किया निरीक्षण

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार को रेलवे सुरक्षा बल की देख-रेख में आयोजित सेमिनार में उत्तर रेलवे लखनऊ मंडल के डीआरएम एसएम शर्मा ने हिस्सा लिया। इस दौरान उन्होंने रेलवे बैरक का निरीक्षण भी किया। इस दौरान वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त रिजर्व लाइन कम्पी नंबर 38 में सुरक्षा पर आधारित सेमिनार का आयोजन किया गया। इस मौके पर एसएम शर्मा ने सुरक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित करते हुए उनके साथ सुरक्षा संबंधी जरूरी मुद्दों और चर्चा की।

## विभाग ने लगवाया सीसीटीवी, विद्यालय कर रहे बंद

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ 94 आश्रम पद्धति विद्यालय और 75 वृद्धाश्रम में सीसीटीवी लगवाए गए**

**▸▸ वृद्धाश्रम में सीसीटीवी काम कर रहे हैं और निदेशालय से मानीटरिंग की जा रही है**

**▸▸ कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी किए जा रहे बंद, बिजली की आवाजाही का दिया जा रहा तर्क**

**अमृत विचार :** आश्रम पद्धति विद्यालय में अध्यापकों पर नजर रखने के लिए लगाए गए सीसीटीवी का समाज कल्याण विभाग को लाभ पूरी तरह से नहीं मिल पा रहा है। कुछ विद्यालयों में सीसीटीवी बंद किये जा रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दिया जा रहा है। विभाग अब इन्वर्टर से इसको जुड़वाने की तैयारी में है।

बता दें कि समाज कल्याण विभाग की ओर से प्रदेश में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इनमें लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय आने के बाद अध्यापक उपस्थिति पंजिका में उपस्थिति दर्ज करने के बाद नदारद हो जाते थे। साथ ही कई अध्यापक समय पर विद्यालय नहीं पहुंचते थे। इसकी शिकायतें लगातार मिलने के बाद बायोमेट्रिक्स अटेंडेंस लगाने की कार्ययोजना बनाई गई और 1 जुलाई से बायोमेट्रिक्स (फेस रेकग्निशन) से उपस्थिति दर्ज की जा रही है।

अध्यापकों की मनमानी पर रोक लगाने के लिए विद्यालयों में सीसीटीवी भी लगवाए गए हैं। सीसीटीवी कक्षाओं में भी लगे हैं। कक्षाओं में अध्यापक कब पहुंच रहे हैं और कितनी देर पढ़ा रहे हैं, इस पर भी निदेशालय में बैठे अधिकारी नजर रख रहे हैं। हालांकि कुछ विद्यालय सीसीटीवी बंद कर दे रहे हैं और बिजली की आवाजाही का तर्क दे रहे हैं। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि सीसीटीवी को जल्द ही इन्वर्टर से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि 75 वृद्धाश्रम में कैमरे लग गए हैं और मानीटरिंग की जा रही है।

### आईआरसीटीसी कराएगा लद्दाख की सैर

**अमृत विचार, लखनऊ :** इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईआरसीटीसी) ने पर्यटकों को लद्दाख की सैर कराने की तैयारी की है। लखनऊ और कानपुर से पर्यटकों को इस यात्रा पर जाने की सुविधा मिलेगी। आईआरसीटीसी के क्षेत्रीय प्रबंधक अजीत कुमार सिन्हा ने बताया कि लखनऊ से लद्दाख (वाया नई दिल्ली) भ्रमण के लिए हवाई टूर पैकेज लांच किया है। यह यात्रा 6 रात्रि व 7 दिन की होगी। उन्होंने बताया कि 2 से 8 अगस्त के बीच इस पैकेज की बुकिंग की शुरुआत हो चुकी है। यात्रियों को लखनऊ से लेह वाया नई दिल्ली जाने-आने की व्यवस्था फ्लाइट से की गई है। खान-पान व ठहरने के लिए तीन सितारा होटल में व्यवस्था की गयी है। यात्रा के दौरान स्तूप व मठ दर्शन, शाम वैली में लेह पैलेस, शांतिस्तूप, गुरुद्वारा, नुब्रा वैली में स्थित कैंप में रात्रि विश्राम, दिस्कीत, हुंडर व तुर्तुक गांव व स्थानीय जगहों की सैर के साथ प्रसिद्ध पेन्गॉन्ग झील का भ्रमण कराया जायेगा। यात्रा में एक व्यक्ति के ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 60,100 रुपये, दो व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर 55,100 रुपये प्रति व्यक्ति व तीन व्यक्तियों के एक साथ ठहरने पर पैकेज का मूल्य प्रति व्यक्ति 54,600 रुपये है।

## दिसम्बर तक मिलने लगेगी बीएसएनएल की 4जी सेवा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**▸▸ अच्छी कनेक्टिविटी के लिए 6000 टॉवर लगेंगे, 1500 लगाए जा चुके हैं**

अमृत विचार : बीएसएनएल दिसंबर तक पूरे प्रदेश में उपभोक्ताओं को 4जी सुविधा देने की तैयारी कर रहा है। इसके लिए 6000 टॉवर लगाने का लक्ष्य है, जिसमें 1500 टॉवर लगाए जा चुके हैं। लखनऊ में 600 टॉवर लगने हैं। यहां भी 80 टॉवर लगाए जा चुके हैं।

सेल्स एंड मार्केटिंग यूपी ईस्ट के पीजीएम मो. जफर इकबाल ने बताया कि मेक इन इंडिया योजना के अंतर्गत बीएसएनएल के उपभोक्ताओं की 4जी सेवाओं का इंतजार जल्द खत्म होगा। अच्छी कनेक्टिविटी के लिए 700 मेगाहर्टस् के टॉवर लगाए जा रहे हैं। प्रत्येक टॉवर की लागत 40 करोड़ रुपये है। इस तरह के टॉवर रिलायंस जियो और बीएसएनएल के पास ही होंगे। 31 जिलों में तेजी से कार्य चल रहा है। एक टॉवर से लगभग चार किलोमीटर का एरिया कवर होगा। सी-डॉट व टीसीएस से विकसित व उत्पादित उपकरण पूर्वी परिमंडल में लगाए जा रहे हैं। अयोध्या, प्रयागराज, वाराणसी, सीतापुर में तेजी से कार्य चल रहा है। इस वर्ष के अंत तक प्रदेश को 4जी में नेटवर्क से जोड़ने का लक्ष्य है।

उपभोक्ताओं को अपने 2जी, 3जी सिम को करीबी रिटेलर या ग्राहक सेवा केन्द्र में 4जी में बदलवाना होगा। बदलाव ओटीपी के जरिये होगा। इसके एवज में कोई शुल्क नहीं लगेगा। ई-केवाईसी के लिए निकटतम रिटेलर तथा ग्राहक सेवा केन्द्रों पर जाना होगा।

### 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर गिरफ्तार, भेजा गया जेल

**अमृत विचार, लखनऊ :** डीआरआई ने शुक्रवार की देर रात बड़ी कार्रवाई करते हुए लखनऊ-आगरा एक्सप्रेस-वे पर स्थित टोल प्लॉजा के पास से 11 किग्रा सोने के साथ तस्कर को गिरफ्तार किया है। पकड़े गए सोने की कीमत 8 करोड़ से ज्यादा बताई जा रही है। डीआरआई ने आरोपी को कस्टम कोर्ट में पेश किया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। जानकारी के अनुसार, दिल्ली के करोलबाग का रहने वाला सोहन गोयल दुबई मेड सोना लेकर तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स आ रहा था। इसी बीच, डीआरआई को सूचना मिलने पर टीम के अधिकारी टोल प्लॉजा पहुंच गए। इस दौरान रात में लखनऊ नंबर की एक्सयूबी कार को टोल प्लॉजा पर ही रोक लिया गया और वाहन की तलाशी ली गई। तलाशी के दौरान 10 किग्रा सोना और 1 किग्रा सोने के आभूषण बरामद किये गये। पकड़े गए आरोपी की पहचान सोहन गोयल के रूप में हुई। इस दौरान टीम तेलीबाग स्थित वृंदावन ज्वैलर्स पहुंची। यहां पता चला कि शोरूम संचालक फरार है। उधर, सोहन गोयल को शनिवार की सुबह कस्टम न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उसे 14 दिनों की कस्टडी में जेल भेज दिया गया। अधिकारियों के मुताबिक, सोने की सच्चाई जानने के लिए डीआरआई जल्द ही उसे रिमांड पर लेने के लिए न्यायालय में आवेदन करेगी।

## हर गांव में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



- **पहले चरण में लखनऊ के कई गांवों में शुरू किया गया ट्रॉयल**
- **सभी जिलों के गांवों में बढ़ाई जाएगी पानी की आपूर्ति**

**अमृत विचार :** जल जीवन मिशन के तहत अब गांवों में 24 घंटे पानी आपूर्ति की तैयारी शुरू हो गई है। इसके पहले चरण में राजधानी के कई गांवों में ट्रॉयल शुरू किया गया है। योजना के सफल होने पर बाकी जिलों के गांवों में इसे लागू किया जाएगा।

शासन के अधिकारियों ने बताया कि पहले चरण में लखनऊ व आस-पास की चार तहसीलों के कुछ गांवों में ट्रॉयल शुरू किया गया है। इसमें मोहनलालगंज तहसील के उदयपुर, भावाखेड़ा, कुबहरा, कुढ़ा, दहियर गांव, मॉल ब्लॉक के शंकरपुर, पाराभदराही गांव, मलिहाबाद तहसील के खड़ता, शेरपुर भौसा गांव और सरोजनीनगर तहसील के गोदौली गांव शामिल हैं। सोलर पैनल के जरिए पानी आपूर्ति की जा रही है। गांवों में एक भी नल बिना टोटी का न हो, इस पर भी जोर दिया जा रहा है। कहीं भी पाइप लाइन या नल से लीकेज न हो, ताकि पानी की बर्बादी न होने पाए। जल समितियों व स्वयंसेवी संस्थाओं के जरिये पानी बचाने के लिए लोगों को जागरूक किया जा रहा है। गौरतलब है कि ग्रामीण क्षेत्रों में पानी आपूर्ति को लेकर काफी समय से दिक्कत चल रही थी, साथ ही समस्या का समाधान करने की मांग की जा रही थी।

### पानी भंडारण की समस्या से मिलेगी निजात

वर्तमान में कई ग्रामीण इलाकों में सुबह और शाम दो-दो घंटे की पानी की आपूर्ति होती है। इससे लोगों को पानी भंडारण करना पड़ता है। 24 घंटे पानी आने से स्टोरेज की समस्या का समाधान होगा। लोगों को ताजा व साफ पानी मिल सकेगा। नमामि गंगे व ग्रामीण जलापूर्ति के प्रमुख सचिव अनुराग श्रीवास्तव ने कहा कि जल जीवन मिशन के तहत उत्तर प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में नल से जल पहुंचाने का कार्य युद्ध स्तर पर किया जा रहा है।




शनिवार को वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक करते पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार।

## त्योहारों में डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का लें सहयोग : डीजीपी

**अमृत विचार, लखनऊ :** पुलिस महानिदेशक प्रशांत कुमार ने शनिवार को आगामी त्योहारों में सुरक्षात्मक तैयारी को लेकर पुलिस मुख्यालय में वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान उन्होंने कहा कि नए कानून लागू होने के बाद संबंधित संसाधनों को लेकर बजट जारी किया जा चुका है। इसलिए जिले के अधिकारी व्यवस्थापन सुनिश्चित करना शुरू कर दें। इसके अलावा मोहर्रम और कांवड़ यात्रा को लेकर शांति समितियों के साथ अधिकारी बैठक करना शुरू कर दें। डिजिटल वॉलेंटियर्स और सिविल डिफेंस का पूरा सहयोग लें। त्योहार रजिस्टर का पूरा अवलोकन कर लें। साथ ही त्योहारों को लेकर नई परंपरा की शुरुआत न होने दें। अधिकारी नियमित जनसुनवाई करें। बैठक के दौरान एडीजी कानून-व्यवस्था अमिताभ यश, पुलिस अधीक्षक लोक शिकायत शशिकांत तिवारी सहित कई अधिकारी मौजूद रहे।

अमृत विचार
एक सम्पूर्ण अखबार

अपने आसपास की घटना, आयोजन की सूचना और फोटो हमें भेजें। इसे अखबार में प्रकाशित किया जाएगा।

इमेल
lkocityreporter@amritvichar.com

व्हाट्सएप
8112979390

## मौसम

बारिश के साथ तेज हवा व बिजली गिरने की भी संभावना है।

33.4° अधिकतम तापमान | 27.1° न्यूनतम तापमान

## शहर में आज



- मोती महल में चन्द्रभान गुप्त का 123वां जन्मदिवस समारोह 8:00 बजे से।
- अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा में हजरत कासिम की शादी की मंजरकशी- 10:00 बजे।
- केडी सिंह बाबू स्टेडियम में राज्य स्तरीय ताइक्वांडो प्रतियोगिता -11:00 बजे।
- सरोजनी नगर साई सेंटर में राज्य स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता- 11:00 बजे।
- चौक स्टेडियम में जिला फुटबॉल लीग के मुकाबले- 3:00 बजे।
- गोमतीनगर स्थित महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल में गुरु पूर्णिमा का आयोजन- 4:30 बजे
- आसिफी इमामबाड़े से हजरत कासिम की याद में शाही मेहंदी का जुलूस- 9:00 बजे।

## एक नजर

### 48 घंटे के भीतर तेज बारिश की संभावना

**अमृत विचार, लखनऊ :** मौसम विभाग की ओर से अगले 48 घंटों में भारी बारिश की संभावना जताई जा रही है। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के मुताबिक, लखनऊ, सीतापुर, लखीमपुर, हरदोई, रायबरेली और आसपास जनपदों में तेज बारिश के आसार है। तेज हवाएं भी चलेंगी। 24 घंटे के भीतर लखनऊ क्षेत्र में 3.7 मिमी वर्षा रिकार्ड की गई। प्रदेश में सबसे अधिक वर्षा हमीरपुर में हुई। यहां 58 मिमी रिकार्ड की गई।

### वाटरप्रूफ लिफाफे में भेजें भाई को राखी

**अमृत विचार,लखनऊ :** रक्षाबंधन त्योहार के लिए डाकघर में काउंटर बढ़ाने की तैयारी है।अगले हफ्ते से राखी रखने के लिए कवर भी उपलब्ध हो जाएंगे। 10 रुपये में वाटर प्रूफ लिफाफा भी अगले सप्ताह से उपलब्ध हो जाएगा। जीपीओ में अलग से दो काउंटर 24 घंटे खुले रहेंगे। स्पीड पोस्ट से तीन दिन में राखी पहुंचा दी जाएगी। जीपीओ के चीफ पोस्ट मास्टर सुशील कुमार तिवारी ने बताया कि प्रदेश के अंदर जाने वाली राखी को स्पेशल बेग तैयार किए जा रहे हैं।

### महानगर में रामलीला का मंचन 7 अक्टूबर से

**अमृत विचार, लखनऊ :** रामलीला समिति, महानगर की ओर से इस साल सात से 13 अक्टूबर तक रामलीला का मंचन किया जाएगा। समिति के महासचिव हेम पन्त की अध्यक्षता में हुई बैठक में इस साल रामलीला महोत्सव की जिम्मेदारी महेंद्र पंत को सौंपी गई है। 20 अगस्त से पूर्वाभ्यास शुरू किया जाएगा। बैठक में समिति के वरिष्ठ उपाध्यक्ष विनोद कुमार पंत, संयोजक दीपक पाण्डेय दीनू, देवेन्द्र मिश्रा, कुणाल पन्त, हरीश लोहुमी मौजूद रहे।



डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के तीसरे दीक्षान्त समारोह में पदक प्राप्त करने वाले मेधावी। अमृत विचार



मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ के हाथों मिले पदक दिखातीं न्यायिक अधिकारी। अमृत विचार

# अविस्मरणीय... अभिभूत... गौरवशाली

## डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विवि के दीक्षांत समारोह में सीजेआई डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ के हाथों मेधावियों को मिले मेडल

**09** वर्षों के बाद आयोजित हुआ समारोह

**18** मेधावियों को सीजेआई ने दिए मेडल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** नौ साल के लंबे इंतजार के बाद वो पल आ गया डॉ. राममनोहर लोहिया राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय के मेधावियों को इंतजार था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ के हाथों मेडल पाकर और उनसे बातचीत कर मेधावी अभिभूत दिखे। उन्होंने अपने आप को गौरवशाली बताते हुए इस क्षण को अविस्मरणीय करार दिया। कार्यक्रम के दौरान इन पलों को होनहार और उनके अभिभावक संजोते नजर आए।

विवि ऑडीटोरियम में सुबह 10:50 बजे सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ का आगमन हुआ। उनके साथ सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस विक्रम नाथ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, इलाहाबाद हाइकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश जस्टिस अरुण भंसाली, मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह, उच्च शिक्षा मंत्री योगेन्द्र उपाध्याय, कुलपति प्रो. अमरपाल सिंह सहित अन्य मौजूद थे। राष्ट्रगान और दीप प्रज्जवलन के बाद चीफ जस्टिस ने बीएएलएलबी और एलएलएम के 18 छात्रों को मेडल प्रदान किये। मंच पर आए सभी मेधावियों से बातचीत करते हुए उन्हें समाज में महत्वपूर्ण और सकारात्मक भूमिका निभाने के लिए प्रेरित किया। अभिभूत होनहार कार्यक्रम के दौरान क्षणों को संजोते दिखाई दिए। इनके सहभागी अभिभावक भी बने। इस अवसर पर स्वर्ण, रजत, और कांस्य पदकों के अलावा कुछ प्रायोजित पदक भी वितरित किए गए, जिसमें प्रदीप कुमार अग्रवाल मेमोरियल गोल्ड मेडल, जस्टिस ओपी प्रधान मेमोरियल गोल्ड फार क्रिमिनल लॉ, वीरेंद्र भाटिया गोल्ड मेडल फार स्टूडेंट ईयर और केके लुथरा मेमोरियल एडवोकेसी गोल्ड मेडल शामिल हैं।



दीक्षान्त समारोह में डॉ. इन्दुरानी को प्रमाणपत्र देते सीजेआई डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़।

### सीजेआई और सीएम ने किया पौधरोपण

सीजेआई और सीएम ने विधि विश्वविद्यालय परिसर में पौधरोपण किया। इनके साथ विवि के कुलपति प्रोफेसर अमरपाल सिंह द्वारा भी पौधा रोपा गया।

### मुख्य समारोह में पदक पाने वाले मेधावी

| | |
|---|---|
| इंदु रानी- एलएलएम 2016 | दीपाली यादव- बीएएलएलबी 2016, |
| अभिषेक दीक्षित- एलएलएम 2017 | मांडवी मेहरोत्रा- बीएएलएलबी 2017 |
| अनुराग- एलएलएम 2018 | सुरभि कार्वा- बीएएलएलबी 2018 |
| प्रियंवदा प्रियदर्शनी- एलएलएम 2019 | सिद्धांत शंकर पांडेय- बीएएलएलबी 2019 |
| गुलफ्शा- एलएलएम 2020 | अदिति बांगर- बीएएलएलबी 2020 |
| साइमा सुल्तान- एलएलएम 2021 | दीक्षा गुप्ता- बीएएलएलबी 2021 |
| सौरभ तिवारी- एलएलएम 2022 | कृतिका- बीएएलएलबी 2022 |
| शिवेश राज-एलएलएम 2023 | वनज विद्यान- बीएएलएलबी, 2023 |
| अक्षत अग्रवाल- एलएलएम 2024 | रूपल जायसवाल- बीएएलएलबी 2024 |

### स्वर्ण पदक जीतने वाले अन्य मेधावी

**डिप्लोमा कोर्स पीजीडीसीएल :** स्वाति भूषण, कृतिका चावला, अभिजीत गुप्ता, अजय प्रकाश कुशवाहा, रोहित कुमार और शिवानी शुक्ला।

**पीजीडीआइपीआर :** श्रेया त्रिपाठी, अर्पिता तिवारी और अखिलेश कुमार।

### डिग्रियां भी की गईं प्रदान

बाकी मेधावियों को मुख्य समारोह के बाद पदक दिए गए। इसके साथ ही बीए एलएलबी के 1448, एलएलएम के 200, डिप्लोमा के 182 और पीएचडी के 68 विद्यार्थियों को डिग्री भी प्रदान की गईं।

### पिछले समारोह में भी मुख्य अतिथि थे जस्टिस चंद्रचूड़

विश्वविद्यालय ने इससे पहले केवल दो दीक्षांत समारोह आयोजित किए गए। वर्ष 2015 में हुए पिछले समारोह के मुख्य अतिथि जस्टिस डॉ. डीवाई चन्द्रचूड़ ही थे।तब वे इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस थे। करीब 40 एकड़ में फैले लोहिया विधि विश्वविद्यालय की स्थापना वर्ष 2006 में हुई। इस बार सत्र 2011 से लेकर सत्र 2024 में पास हुए बीए-एलएलबी और एलएलएम के मेधावी छात्रों को पदक दिए गए।

### कर्मण्ये वाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन...



इलाहाबाद हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस अरुण भंसाली ने भगवत गीता का श्लोक पढ़ते हुए कहा कि कर्मण्ये वाधिकारस्ते मां फलेषु कदाचन...। गीता के श्लोक का सार बताते हुए जस्टिस भंसाली ने सभी मेडलिस्ट और उपाधि पाने वाले छात्रों को बधाई दी। कहा कि भगवत गीता का ये श्लोक आपको जीवन में आगे बढ़ने की प्रेरणा देता रहेगा। इन्फॉर्मेशन बदलाव के इस दौर में आप सभी को इसके लिए हमेशा तैयार रहना होगा।

## नागरिकों का बार और बेंच में विश्वास बना रहना जरूरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** विधि विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में सीएम योगी ने कहा कि जब मुख्य न्यायाधीश उपाधि प्राप्त करने वाले उपाधि धारकों से परिचय पूछने के साथ उनके द्वारा किये जा रहे कार्यों के बारे में पूछ रहे थे, तो ये देखकर प्रसन्नता हो रही थी कि बहुत सारे उपाधि धारक न्यायिक क्षेत्र के अलग-अलग स्थानों पर जाकर अपनी सेवाएं दे रहे हैं।



उन्होंने कहा कि अक्सर देखा गया है कि पारिवारिक विवादों को लेकर जब लोग आते हैं, तो वह किसी की नहीं सुनते, लेकिन अधिवक्ता जहां कहता है, वहां वो आंख बंद करके हस्ताक्षर कर देते हैं। ऐसा इसलिए क्योंकि अधिवक्ता पर आमजन को विश्वास है। यह विश्वास ही सबसे बड़ी पूंजी है। यही विश्वास सामान्य नागरिक का बार और बेंच दोनों पर बना रहना चाहिए। इस विश्वास पर खरा उतरना हम सबके लिए सदैव सबसे बड़ी चुनौती रही है। बदलते परिवेश में लोगों की जरूरतों, उनके तौर-तरीकों और तकनीकी व्यवस्थाओं के हिसाब से कार्य करना आवश्यक है। सीएम ने कहा कि पुरानी कहावत है कि परिवार के हित में व्यक्ति को छोड़ना पड़े तो परवाह नहीं करनी चाहिए। ऐसे ही राष्ट्र के हित में कुछ छोड़ना पड़े तो कत्तई परहेज नहीं करना चाहिए।

## गोल्ड मेडल पाने वाले कई मेधावी बन चुके हैं न्यायिक अधिकारी और राजपत्रित अधिकारी

### डिजिटल साक्ष्य रहेंगे कारगर वादकारियों को होगी सहूलियत



डॉ. सुरभि

डॉ. सुरभि की राय है कि बदला कानून डिजिटल साक्ष्यों के साथ सहूलियत लेकर आया है। डिजिटल साक्ष्य कारगर साबित होंगे। नया कानून वादकारियों के लिए बेहतर विकल्प लेकर आया है। वे बुलंदशहर में जूडीशियल मजिस्ट्रेट हैं। इन्होंने बीएएलएलबी के अलावा एलएलम और पीएचडी भी विधि विवि से की है।

### संगठनात्मक संरचना को मजबूती देने की जरूरत



दीक्षा गुप्ता

दीक्षा गुप्ता को 4 गोल्ड मिले हैं। ये राजस्थान में जयपुर स्थित महानगर में सिविल जज एवं न्यायिक मजिस्ट्रेट हैं। रायबरेली निवासी दीक्षा का कहना है कि नया कानून निश्चित रूप से कारगर रहेगा। लेकिन इसको अमल में लाए जाने के लिए संगठनात्मक संरचना को मजबूती देने की आवश्यकता है।

### तथ्यपरक परीक्षण के साथ नया कानून देगा लाभ



शिवेश राज

गोल्ड पाने वाले शिवेश राज जायसवाल सोनभद्र में एडिशनल सिविल जज हैं। इनका कहना है कि दोषियों के तथ्यपरक परीक्षण में नया कानून और डिजिटलाइजेशन व्यवस्था कारगर साबित होगी। पुलिस को भी अपने कार्य सरलता और पारदर्शी माध्यमों से करने होंगे।



डॉ. इन्दुरानी

पीएचडी धारक डॉ. इन्दुरानी मुजफ्फरनगर में सिविल जज सीनियर डिवीजन हैं। इनका कहना है कि किसी भी कार्य को करने के लिए आवश्यक मूलभूत भौतिक एवं संगठनात्मक संरचना की आवश्यकता होती है। नया कानून दूरगामी परिणाम देने वाला बनेगा।



सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय

सिद्धार्थ शंकर पाण्डेय सिविल सर्विसेज की तैयारी कर रहे हैं। इनके पिता रिटायर्ड जज हैं। बहन अपूर्वा पाण्डेय अण्डर ट्रेनी डिप्टी एसपी हैं। परिवार ने उन्हें प्रेरणा दी है। अभिभावकों को नई पीढ़ियों को समय-समय पर प्रोत्साहित करना होगा।



रूपल जायसवाल

रूपल जायसवाल को 3 मेडल मिले हैं। ये पीसीएसजे की तैयारी कर रही हैं। पिता कृष्ण कुमार जायसवाल रिटायर्ड प्लांट सेक्रेटरी हैं। बताया कि बड़ी बहन पॉवर कारपोरेशन में आफीसर ट्रेनी हैं। सभी ने मिलकर उन्हें कुछ नया करने की प्रेरणा दी।

### पढ़ाई के लिए मां ने नौकरी छोड़ी

वनज विद्यान ने मॉं को आइडियल बताते हुए कहा कि मां ने पालन-पोषण के लिए अपनी नौकरी छोड़ दी थी। सुप्रीम कोर्ट में वकालत कर रहे रवि शंकर पाण्डेय का कहना है कि नए परिवेश में सामाजिक परिवर्तन भी जल्द देखने को मिलेगा। वसुधा सिंह ने अपना लक्ष्य सिविल सेवा से जुड़ा होना बताया। डॉ. अभिषेक दीक्षित गौतमबुद्ध विश्वविद्यालय नोएडा में प्रोफेसर हैं। लखनऊ हाईकोर्ट में वकालत कर रहे यश कुमार सिंह कहते हैं कि नया कानून बदलाव लेकर आया है।लखनऊ निवासी अनुराग 2017-18 बैच के छात्र और वर्तमान में कासगंज के सिविल जज हैं। इनका कहना है कि सही जानकारियां आमजन तक पहुंचानी आवश्यक है।



वनज विद्यान

### कमजोरों को हक दिलाना है लक्ष्य



कृतिका

मध्य प्रदेश हाईकोर्ट में अधिवक्ता कृतिका का लक्ष्य कमजोर वर्ग के लोगों को उनका हक-हुकूक दिलाना है। अक्षत अग्रवाल पीसीएसजे की तैयारी कर रहे हैं। उन्होंने समय - समय पर विधिक शिविर भी लगाए जाने की जरूरत पर जोर दिया।

### अध्ययन करते वक्त माहौल तैयार करें



गार्गी बोरा

पीएचडी कर रहीं गार्गी बोरा की इच्छा छात्रों को पढ़ाते हुए नया माहौल तैयार करने की है। इनका मानना है कि अच्छे अनुभव ही अच्छे वातावरण की स्थापना कर सकते है। इसलिए अध्ययन करते समय एक अच्छा माहौल तैयार करें ताकि भविष्य में सहूलियत हो सके।

### अपना लक्ष्य तय कर शुरू करें पढ़ाई



प्राची वर्मा

बीए एलएलबी आनर्स की प्राची वर्मा को ओवर ऑल गोल्ड मैडल मिला है। ये नेशनल हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन (एनएचपीसी) में असिस्टेंट मैनेजर हैं। इन्होंने नए छात्रों को लक्ष्य निर्धारित करते हुए अध्ययन करने को कहा है।

### बार और बेंच की भूमिका महत्वपूर्ण



कमलेश कुमारी

कमलेश कुमारी कानपुर ट्रेजरी विभाग में अफसर हैं। इनका मानना है कि नया कानून लोगों के लिए सहूलियत देगा। लेकिन बार और बेंच को भी इसमें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी होगी तभी सही और सटीक न्याय की परिकल्पना पूरी होगी।

### खुशी के पलों में छलके अभिभावकों के आंसू

डॉ. अभिषेक दीक्षित के साथ उनकी मां ललिता भी आई थीं। डिग्री मिलने के बाद अभिषेक ने मेडल और डिग्री के साथ पगड़ी भी मां को पहना दी। खुशी के पलों में मां के छलकते आंसुओं के बीच डॉ. अभिषेक ने बताया कि उनके पिता स्व आशुतोष दीक्षित का काफी समय पहले देहांत हो गया था, वो एयर फोर्स में थे। मां ने पिता और मां दोनों का फर्ज निभाया, पढ़ाई के समय वे मेरे साथ हमेशा रहीं। यश कुमार के साथ उनके पिता दिवाकर सिंह थे। वनज के साथ पिता पंकज कुमार और मां वंदना रानी थीं। मेधावियों के कई अभिभावक कार्यक्रम के दौरान मोबाइल से वीडियो और फोटो बनाते रहे।





**यातायात** आज शाम 7 बजे से बदल जाएंगे दो थानाक्षेत्रों में रास्ते

# कल निकाला जाएगा 'शबे-आशूर' का जुलूस

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी में 15 व 16 तारीख को 9वीं मुहर्रम 'शबे-आशूर'' का जुलूस निकाला जायेगा। जुलूस के दौरान यातायात व्यवस्था चाक चौबंद रखने के लिये शाम सात बजे से जुलूस के समापन तक डायवर्जन लागू रहेगा।

जुलूस नाजिम साहिब का इमामबाड़ा विक्टोरिया स्ट्रीट थाना क्षेत्र चौक से शुरू होकर अकबरीगेट, मेफेयर तिराहा, बिल्लौचपुरा तिराहा, गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज, मंसूर नगर तिराहा, मैदान एलएच खां, कश्मीरी मोहल्ला होकर सआदतगंज थाना क्षेत्र के दरगाह हजरत अब्बास मोहल्ला रुस्तमनगर में समाप्त होगा।

डीसीपी ट्रैफिक कमलेश कुमार दीक्षित ने बताया इस दौरान वाहन चालकों के लिये वैकल्पिक मार्ग निर्धारित किये गये हैं। कोई समस्या होने पर ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर- 9454405155 पर संपर्क करें। उन्होंने बताया कि जुलूस के दौरान पूरे रास्ते में पुलिस बल तैनात रहेगा। इस दौरान पूरे क्षेत्र की ड्रोन से भी निगरानी की जाएगी।

### इन रास्तों से वाहनों की आवाजाही रहेगी बंद

- मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा से मेफेयर तिराहा (विक्टोरिया स्ट्रीट), नक्खास नहीं जा सकेंगे।
- नक्खास तिराहे से मेडिकल क्रास (कमला नेहरू) चौराहा या टुड़ियागंज तिराहे की ओर नहीं जा सकेंगे।
- मेफेयर तिराहा चौक से नक्खास, विक्टोरिया स्ट्रीट की ओर नहीं जा सकेंगे।
- टुड़ियागंज तिराहे से नक्खास या गिरधारी सिंह इंटर कॉलेज की ओर नहीं जा सकेंगे।
- मंसूर नगर तिराहा से टुड़ियागंज या शिया यतीम खाना, टापेवाली गली की ओर नहीं जा सकेंगे।
- दरगाह हजरत अब्बास (टापेवाली गली) से शिया यतीम खाना, मंसूर नगर तिराहा की ओर नहीं जा सकेंगे।
- लाल माधव (हैदरगंज) तिराहा से नक्खास की ओर नहीं जा सकेंगे।
- रकाबगंज पुल चौराहा से याहियागंज होते हुए नक्खास की ओर नहीं जा सकेंगे।

### इन वैकल्पिक रास्तों से करें आवागमन

- चौक या मेडिकल कॉलेज होकर अपने गन्तव्य तक पहुंच सकेंगे।
- नादान महल रोड से रकाबगंज पुल होकर आवाजाही करें।
- कश्मीरी मोहल्ला होकर आवाजाही करें।
- बाजारखाला, लालमाधव (हैदरगंज) होकर आवाजाही करें।
- काश्मीरी मोहल्ला होकर आवाजाही करें।
- कैम्पवेल रोड, हरदोई रोड होकर आवाजाही करें।
- ऐशबाग या बुलाकी अड्डा होकर निकलें।
- मेडिकल कॉलेज या नाका होकर निकलें।

## साक्षात्कार से भर्ती डॉक्टरों को मिलेगा एक लाख रुपये वेतन

**अमृत विचार, लखनऊ :** स्वास्थ्य विभाग में अब वॉक इन इंटरव्यू से भर्ती होने वाले डॉक्टरों को एक लाख रुपये प्रति माह सैलरी मिलेगी। अभी तक इनकी सैलरी कम होने के कारण यह नौकरी छोड़ रहे थे। जिसके चलते विभाग ने सैलरी बढ़ाई है।

सीएमओ के अधीन 24 जुलाई को आयोजित वॉक इन इंटरव्यू से 38 डॉक्टरों का चयन होना है। इसमें सरकारी अस्पतालों में इमरजेंसी मेडिकल अफसर के 18 पद भरे जाएंगे। इन्हें एक लाख रुपये वेतन तय किया गया है। वहीं मेडिकल अफसर के तीन पद के लिए करीब 80 हजार रुपए वेतन व बीस हजार इंसेटिव मिलेगा। अफसरों का कहना है इंटरव्यू सीएमओ आफिस में होगा। वहीं कई अन्य चयनित डॉक्टरों को हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर पर भेजा जाएगा। वेतन मिलेगा।

# सिंचाई विभाग नहीं कर पाया कुकरैल नदी की फोटोग्राफी

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▶▶ बारिश के चलते टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी, कल जाएगी टीम थ्री डी नक्शा बनने में लगेगा समय

**अमृत विचार :** सिंचाई विभाग की टीम शनिवार को कुकरैल नदी के 50 मीटर के दायरे में फोटोग्राफी नहीं कर पाई। बारिश और अवकाश के चलते टीम मौके पर नहीं पहुंची। इससे थ्री डी नक्शा बनने में अभी समय लगेगा।

रहीम नगर, इन्द्रप्रस्थ नगर, अबरार नगर, खुर्रम नगर और पंत नगर में लखनऊ विकास प्राधिकरण की टीम कुकरैल नदी के 50 मीटर के दायरे में बने मकानों पर निशान लगा रही है। इस कार्रवाई का क्षेत्रीय निवासी जमकर विरोध कर रहे हैं। शुक्रवार को पंत नगर के निवासियों ने लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष डॉ. इन्द्रमणि त्रिपाठी से उनके कार्यालय में मुलाकात करके रजिस्ट्री की कॉपी दिखाई है। इसके बाद एलडीए उपाध्यक्ष ने सिंचाई विभाग से नदी का थ्री डी नक्शा मांगा है।

शनिवार को सिंचाई विभाग की टीम को उक्त क्षेत्रों में नदी के 50 मीटर के दायरे में फोटोग्राफी करनी थी। बारिश के चलते टीम मौके पर नहीं पहुंच सकी। सिंचाई विभाग के अधिशासी अभियंता मुकेश वैश्य ने बताया कि थ्री डी नक्शा बनाने के लिए फोटोग्राफी की जानी है। शनिवार को बारिश के कारण टीम नहीं पहुंच पायी। सोमवार को फोटोग्राफी कराई जाएगी।

मालूम रहे कि सिंचाई विभाग की रिपोर्ट के बाद ही लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) इन पांच मोहल्लों में अवैध मकानों का चिह्नीकरण करेगा। इसके बाद ही रिवर फ्रंट के लिए ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की जाएगी।

### ट्रांस गोमती संघर्ष समिति आज बनाएगी रणनीति

रहीम नगर, इन्द्रप्रस्थ नगर, अबरार नगर, खुर्रम नगर और पंत नगर के मकान तोड़े जाने की एलडीए की तैयारी के खिलाफ ट्रांस गोमती संघर्ष समिति रविवार को बैठक करेगी। इसमें आगे की रणनीति तय की जाएगी। समिति के पदाधिकारी आशुतोष पाठक ने बताया कि लगभग सात से आठ हजार मकान दायरे में आ रहे हैं। एलडीए के एकतरफा और मनमाने निर्णय के खिलाफ सभी निवासी न्यायालय जाएंगे।

## एक नजर

### कमरे में फंदे से लटका मिला युवक का शव

**अमृत विचार, काकोरी :** पारा क्षेत्र में युवक का शव फंदे से लटका मिला। पुलिस के मुताबिक, शनिवार सुबह करीब 7 बजे सलेमपुर पतौरा निवासी राजदीप गौतम (21) ने कमरे में पंखे हुक में फंदा लगाकर जान दे दी। राजदीप में घरों में बिजली वायरिंग का काम करता था। परिजन की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पारा एसआई राजू सिंह ने थाने का सीयूजी नंबर रिसीव किया। बताया ऐसा कोई मामला संज्ञान में नहीं है। जानकारी की जा रही है।

### युवक को पीटने का विरोध करने पर पिता-पुत्र को पीटा

**अमृत विचार, पीजीआई :** पीजीआई क्षेत्र में युवक को पीटने का विरोध करने पर आरोपियों ने पिता-पुत्र को पीट दिया। पुलिस के मुताबिक, वृंदावन के 4बी/275 निवासी अजय प्रकाश मौर्य ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कॉलोनी के रहने वाले राहुल और सानू को कुछ लोग घेर कर पीट रहे थे। इस पर अजय और उनके पिता ने बीच बचाव का प्रयास किया। इस पर आरोपियों ने पिता-पुत्र को लात घूसों से पीट दिया। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

### महिला ने पति पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** बंथरा क्षेत्र निवासी महिला ने पति पर दुष्कर्म का आरोप लगाते हुये थाने में प्रार्थना-पत्र दिया है। पुलिस के मुताबिक, चार वर्ष पहले शादी हुई थी। युवक नौकरी करने विदेश चला गया। वहां से लौटने के बाद दोनों में विवाद हो गया। पति पर प्रताड़ना का मामला दर्ज करा मायके रहने लगी थी। महिला का आरोप है कि शुक्रवार शाम मायके पहुंचे आरोपी ने कमरे में अकेला पाकर उससे दुष्कर्म किया। चीख सुन रिश्तेदार ने बाहर से गेट बंद कर प्रधान व ग्रामीणों को बुला लिया। प्रधान की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी को थाने ले गयी और धारा 151 में चालान कर दिया। इंस्पेक्टर हेमंत राघव का कहना है दोनों का मामला न्यायालय में चल रहा है। अभी तलाक नहीं हुआ है। दुष्कर्म की घटना नहीं हुई है। युवती अपने पति का मोबाइल लेकर घर के अंदर भाग गई थी। इसी को लेकर दोनों में विवाद हुआ है।

# पीएचसी में तैनाती, वेतन सीएचसी से और निदेशालय में ड्यूटी कर रहे डॉक्टर

## सिसेंडी पीएचसी में डॉक्टर तैनात होने के बावजूद मरीजों को नहीं मिल पा रहा इलाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- डॉ दिनेश वर्ष 2020 से निदेशालय से संबद्ध हैं
- डॉ. दिवाकर को किया गया खुजौली पीएचसी से संबद्ध

**अमृत विचार :** मोहनलालगंज के सिसेंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में तैनात डॉक्टर को करीब चार साल पहले निदेशालय से संबद्ध कर दिया गया, जबकि उसकी सैलरी सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) से जारी की जा रही है। वहीं, सिसेंडी पीएचसी के एक अन्य डॉक्टर को पीएचसी खुजौली से संबद्ध किया गया है। ऐसे में इलाज के लिए सिसेंडी आने वाले मरीजों को बिना इलाज ही वापस लौटना पड़ रहा है।

मोहनलालगंज के सिसेंडी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) में डॉ. दिनेश और डॉ. दिवाकर की तैनाती है। डॉ. दिनेश वर्ष 2020 से निदेशालय से संबद्ध हैं। डॉ. दिवाकर खुजौली पीएचसी से संबद्ध हैं। सप्ताह में एक दिन मोहनलालगंज सीएचसी में उनकी 24 घंटे की इमरजेंसी ड्यूटी लगती है। इमरजेंसी ड्यूटी के बाद नियमानुसार एक दिन का अवकाश मिलता है। इस स्थिति में डॉ. दिवाकर सिसेंडी पीएचसी पर मरीजों को सप्ताह में सिर्फ एक-दो दिन ही देख पाते हैं। डॉक्टर के मौजूद न होने पर पीएचसी स्टाफ के भरोसे संचालित होती है। इस संबंध में मोहनलालगंज सीएचसी के अधीक्षक डॉ. अशोक कुमार ने कहा कि डॉ. दिनेश को निदेशालय में संबद्ध हुए काफी समय हो गया है। डॉ. दिवाकर को भी खुजौली पीएचसी से संबद्ध किया गया है। उनकी ड्यूटी सीएचसी इमरजेंसी में भी लगती है। इसलिए सिसेंडी पीएचसी में पूरे सप्ताह डॉक्टर उपस्थिति नहीं रह पाते हैं। हालांकि, कोशिश रहती है कि कोई मरीज बिना इलाज के वापस न लौटे।

## इमरजेंसी में डॉक्टर नहीं था, एक घंटे तड़पा सर्पदंश का मरीज

संवाददाता, मोहनलालगंज

**अमृत विचार:** मोहनलालगंज सीएचसी में डॉक्टर मौजूद न मिलने से मरीज परेशान हो रहे हैं। शुक्रवार रात को सर्पदंश से पीड़ित मरीज को देखने डॉक्टर एक घंटे बाद पहुंचे।

मोहनलालगंज क्षेत्र के बक्का खेड़ा के अमन को सांप ने डस लिया था। परिजन उसे लेकर सीएचसी पहुंचे, लेकिन वहां डॉक्टर मौजूद नहीं थे। स्टाफ ने बताया कि डॉक्टर खाना खाने गए हैं। एक घंटे इंतजार के बाद परिजन ने अधीक्षक अशोक कुमार से शिकायत की। जिसके बाद डॉक्टर आए और अमन को इंजेक्शन लगाकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया। परिजनों ने बताया कि अमन की हालत अब खतरे से बाहर है।

दहियर गांव निवासी किसान विपिन पांडेय और शेरपुर के सुरेश उल्टी, पेट दर्द से परेशान होकर शुक्रवार रात 10.30 बजे सीएचसी पहुंचे। इमरजेंसी में डॉक्टर मौजूद नहीं थे। विपिन ने कहा कि मोहनलालगंज सीएचसी की बदहाल स्वास्थ्य सेवाओं की शिकायत स्वास्थ्य मंत्री से करेंगे। सीएचसी अधीक्षक डॉ अशोक कुमार ने बताया कि इमरजेंसी में मौजूद न होने की शिकायत मिली है। डॉक्टर से लिखित स्पष्टीकरण लिया जाएगा। मरीज अमन में सर्पदंश जैसे लक्षण नहीं मिले, इसलिए एंटीवेनम इंजेक्शन नहीं लगाया गया। अन्य इंजेक्शन लगाकर जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था।

# निरीक्षण के लिए डफरिन से बाहर किए तीमारदार, हंगामा

## छह घंटे तक मरीजों का हालचाल नहीं मिलने से फूटा गुस्सा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



डफरिन अस्पताल के इमरजेंसी गेट पर हंगामा करते तीमारदार। अमृत विचार

**अमृत विचार :** डफरिन अस्पताल में कायाकल्प की प्री-टीम के निरीक्षण के चलते शनिवार को तीमारदारों को अस्पताल से बाहर कर दिया गया। छह घंटे बाद भी मरीज का हाल न मिलने से नाराज तीमारदारों ने इमरजेंसी गेट के पास हंगामा कर दिया। दोपहर 1:40 बजे निरीक्षण के बाद एक-एक तीमारदार को अंदर भेजा गया।

कायाकल्प की प्री-टीम ने शनिवार को गोलागंज स्थित रानी अवंतीबाई (डफरिन) अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल प्रशासन ने सब कुछ चाक चौबंद दिखाने के लिए तीमारदारों को परिसर से बाहर कर दिया।

दोपहर करीब 1:30 बजे तक अंदर प्रवेश न मिलने से नाराज तीमारदारों ने इमरजेंसी के गेट पर हंगामा शुरू कर दिया। उनकी सुरक्षा गार्डों से बहस भी हुई। दौलदगंज निवासी तीमारदार अमरावती ने बताया कि बेटी राधा का सिजेरियन प्रसव हो रहा है। वह ओटी में है, लेकिन सुबह से मिलने नहीं जाने दिया गया। रोशनी ने बताया कि बहन तृषा की डिलीवरी होने है।

उसे प्रसव पीड़ा हो रही है, लेकिन साथ कोई नहीं है। हमें सुबह 7 बजे अस्पताल से बाहर कर दिया गया। बहन की बहुत चिंता हो रही है। निरीक्षण के बाद सुरक्षा गार्डों ने तीमारदारों को अंदर जाने दिया, तब हंगामा खत्म हुआ।

अस्पताल की निदेशक डॉ. मधु गैरोला ने कहा कि निरीक्षण एक बजे तक खत्म हो गया था। मरीजों का इलाज भी चल रहा था। यदि गेट बंद किया गया था तो गार्ड से सोमवार को पूछताछ की जाएगी। गलती पाए जाने पर कार्रवाई होगी।

### बलरामपुर अस्पताल में भी हुआ निरीक्षण

कायाकल्प प्री-टीम ने बलरामपुर अस्पताल में भी व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। यहां मरीजों का इलाज सामान्य तरीके से चलता रहा। टीम ने कुछ सुझाव और बदलाव किए जाने के बारे में कहा है। इसके बाद फाइनल टीम निरीक्षण करने के लिए आएगी, तब कायाकल्प का बजट व सर्टिफिकेट मिलेगा। अस्पताल निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने बताया कि टीम के सुझाव पर अमल किया जाएगा।

# आग से झुलसे पीड़ितों को प्लास्टिक सर्जरी से मिल रहा नया जीवन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



जागरुकता कार्यक्रम में मौजूद डॉक्टर, स्टाफ, मरीज और अन्य लोग। अमृत विचार

- केजीएमयू प्लास्टिक सर्जरी विभाग के जागरूकता कार्यक्रम में विशेषज्ञों ने दी जानकारी

**अमृत विचार :** आग से झुलसे मरीजों को नया जीवन देने में प्लास्टिक सर्जरी कारगर साबित हो रही है। कैंसर जैसी गंभीर बीमारी में भी इसकी उपयोगिता बढ़ी है। यह जानकारी केजीएमयू प्लास्टिक सर्जरी विभाग के अध्यक्ष डॉ. विजय कुमार ने शनिवार को जागरूकता कार्यक्रम में दी।

डॉ. विजय ने कहा कुछ वर्ष पहले तक लोगों में प्लास्टिक सर्जरी को लेकर कई तरह की भ्रांतियां थीं। लोग सोचते थे डॉक्टर इलाज में पॉलीथीन का इस्तेमाल करते हैं। हालात यह थे कि एमबीबीएस छात्र भी यही समझते थे। धीरे-धीरे प्लास्टिक सर्जरी का दायरा बढ़ा। इससे कॉस्मेटिक के अलावा कैंसर, कटे अंगों को जोड़ना, हेयर ट्रांसप्लांट, आग में झुलसे मरीजों किया गया। अब लोगों में जागरूकता बढ़ी है। डॉ. अंशु सिंह ने बताया कि आग से जले गंभीर मरीजों को आईसीयू में भर्ती किया जा रहा है। शरीर में घाव ज्यादा होने से इन मरीजों को संक्रमण से बचाना बहुत बड़ी चुनौती होती है। जरा सी लापरवाही से मरीज संक्रमण की चपेट आ सकते हैं। लिहाजा आईसीयू प्रोटोकॉल का पालन कर इलाज मुहैया कराना चाहिए।

डॉ. भव्या नैथानी ने कहा कि आईसीयू के मरीजों में रोगों से लड़ने की ताकत कम हो जाती है। ऐसे में आसानी से मरीज संक्रमण की जद में आ सकता है।

डॉक्टर ही नहीं सभी संवर्ग के कर्मचारियों को भी इस बात का ध्यान रखने की जरूरत है। डॉ. सौरभ और डॉ. मनीगंडन ने जलने के पश्चात बचाव और प्राथमिक उपचार के प्रति जानकारी दी।

## बलरामपुर अस्पताल में एक्स-रे मशीन खराब

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** बलरामपुर अस्पताल की डिजिटल एक्स-रे मशीन गत तीन दिनों से खराब है। डिजिटल एक्स-रे मशीन में प्रतिदिन करीब 150 मरीजों की जांच हो रही थी। इतने ही मरीजों की जांच सामान्य एक्सरे मशीन पर भी हो रही है। गत तीन दिनों से डिजिटल एक्स-रे मशीन खराब है। जांच के लिए मरीज भटक रहे हैं। उन्हें एक दो दिन में मशीन ठीक होने की बात कहकर लौटाया जा रहा है। अस्पताल के निदेशक डॉ. एनबी सिंह बताया कि जल्द ही खराब उपकरणों की खरीद कर मशीन दुरुस्त करा दी जाएगी।

### नीलामी सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि प्रा0वि0 लालामोहम्मदपुर अकबरपुर अम्बेडकरनगर में यूकेलिप्टस के 48 पेड़ों की नीलामी दिनाँक 16.07.2024 दिन मंगलवार को होनी है। आप सादर आमंत्रित हैं।

## ठेले और रेहड़ी वालों को स्वच्छता के प्रति किया जागरूक

**अमृत विचार, लखनऊ :** महापौर सुषमा खर्कवाल एवं नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने शनिवार को 1090 चौराहे से जीरो वेस्ट चौपाटी अभियान का शुभारंभ किया। जिसमें मरीन ड्राइव व चटोरी गली में लगे सभी ठेले व रेहड़ी वालों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करने के साथ कूड़े को कूड़ेदान में डालने की अपील की। ठेले वालों को ग्राहकों से स्वच्छता बनाये रखने के लिए अपील करने की सलाह दी। जिससे शहर साफ-सफाई व्यवस्था को बेहतर बनाया जा सके। प्रतिबंधित पॉलीथिन व प्लास्टिक का इस्तेमाल न करने के निर्देश दिये। महापौर ने कहा कि एक माह का अभियान चलाया जा रहा है। नगर को स्वच्छ बनाये रखने की केवल नगर निगम नहीं आम जनता की भी जिम्मेदारी निभानी होगी। उन्होंने एसबीएम की टीम का उत्साहवर्धन भी किया।



उत्तर प्रदेश जिला पंचायत कार्य अधिकारी संघ के चुने गए पदाधिकारी व सदस्य। अमृत विचार

## विनोद बने उप्र जिला पंचायत कार्य अधिकारी संघ के अध्यक्ष

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- सुभाष भारतीय व स्वाति जैन उपाध्यक्ष, प्रणव पांडेय महामंत्री स्वाति गुप्ता संयुक्त सचिव बनीं

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश जिला पंचायत कार्य अधिकारी संघ की बैठक में जिला पंचायतों में संवर्ग के सुदृढ़ीकरण को लेकर चर्चा हुई। साथ ही नई कार्यकारिणी के लिए चुनाव हुआ। चुनाव में विनोद कुमार को पुनः कार्य अधिकारी संघ का अध्यक्ष चुना गया।

जिला पंचायत सभागार में हुई बैठक के दौरान सुभाष भारतीय को उपाध्यक्ष, स्वाति जैन उपाध्यक्ष, प्रणव पांडेय महामंत्री और स्वाति गुप्ता संयुक्त सचिव चुनी गईं। इसके अलावा मणीन्द्र सिंह, संतोष कुमार त्रिपाठी, वर्तिका त्रिपाठी, प्रियंका चतुर्वेदी, आशीष सिंह, शिवाल तिवारी, अर्जुन सिंह, पल्लवी यादव और आयुषी बरनवाल को सदस्य चुना गया। कार्यकारिणी ने जिला पंचायतों में संवर्ग को आ रही समस्याओं को दूर करने पर विशेष ध्यान देने की बात कही है।

# ब्याज के एवज में दिलाया एक वर्ष का मेंटीनेंस लाभ

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- कब्जा मिलने में देरी पर आवंटी ने रेरा में की थी शिकायत

**अमृत विचार :** उप्र भू-सम्पदा नियामक प्राधिकरण (यूपी रेरा) ने फ्लैट में कब्जा मिलने में देरी पर आवंटी को ब्याज के एवज में एक वर्ष का मेंटीनेंस लाभ दिलाया है। आवंटी को 2017 में फ्लैट पर कब्जा मिलना था, लेकिन साढ़े चार वर्ष बाद भी नहीं मिल पाया। इस पर आवंटी ने फरवरी 2022 में रेरा में शिकायत दर्ज कर विलंबित अवधि के ब्याज सहित कब्जा दिलाने की मांग की थी।

आवंटी ने गौतमबुद्ध नगर स्थित प्रोमोटर हेबे इंफ्रास्ट्रक्चर प्रालि. की महागुन मंत्र-2 परियोजना में एक फ्लैट की बुकिंग की थी। एग्रीमेन्ट फॉर सेल के अनुसार लगभग 23.77 लाख रुपये का भुगतान भी कर दिया था। प्रोमोटर द्वारा जून 2022 में आवंटी को कब्जा लेने का प्रस्ताव दिया गया था लेकिन आवंटी ने फ्लैट का कब्जा जुलाई 2023 में लिया। इसके बाद आवंटी ने विलंबित अवधि का ब्याज दिलाने की मांग की थी। इस पर प्रोमोटर द्वारा फंड की कमी की समस्या बताई गयी और विवाद का समाधान कराने का अनुरोध किया गया। रेरा अध्यक्ष संजय भूसरेड्डी ने बताया कि रेरा कंसिलिएशन फोरम द्वारा दोनों पक्षों को अपनी मांगों और प्रस्ताव पर पुनः विचार करते हुए सर्वसम्मति से विवाद का समाधान करने की सलाह दी गई। इस प्रक्रिया में आवंटी ने विलंबित अवधि का ब्याज फ्लैट के अगले एक वर्ष के एडवांस मेंटेनेंस के रूप में देने के प्रोमोटर के प्रस्ताव पर सहमति दे दी।

### उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्थाएं होंगी पुरस्कृत

**अमृत विचार, लखनऊ :** दिव्यांगजनों के लिए श्रेष्ठ कार्य करने वाले कर्मी/संस्थाओं को 12 श्रेणियों में राज्य स्तरीय पुरस्कार दिया जाएगा। पुरस्कारों के लिए आवेदन पत्र दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग की वेबसाइट hwd.up.nic.in पर है। आवेदन 15 जुलाई तक किया जा सकता है। विश्व दिव्यांग दिवस पर 3 दिसंबर को पुरस्कार वितरण होगा। इच्छुक व्यक्ति एवं स्वैच्छिक संस्थान आवेदन पत्र तीन प्रतियों में कार्यालय जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी, जिला पंचायत भवन परिसर, कैसरबाग में जमा कर सकते हैं।

सभी प्रकार के रोगों का समाधान आयुर्वेद द्वारा
सैक्स समस्याएं!!
मर्दाना कमजोरी, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष
सेक्स में कमी, निःसन्तान दम्पत्ति अवश्य मिलें
प्रातः 10 बजे से सायं 07 बजे तक
सेक्स वर्धक दवाओं का उपयोग न करें ये दवाएं लाईलाज कर सकती है।
राना डिस्पेंसरी 9919792325 9415810891
पता : लाल कुआँ, मेन रोड (हुसैन गंज) लखनऊ
हर बुधवार सीतापुर में रोडवेज बस अड्डा के पास

अमृत विचार क्लासीफाइड
वर्गीकृत विज्ञापन हेतु अमृत विचार अखबार के कार्यालय में सम्पर्क करें

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि **लालवती पत्नी जयराम सिंह निवासिनी ग्राम धनपालपुर परगना सरेनी, तहसील लालगंज, जिला रायबरेली** की रहने वाली हूं। मेरे आधार कार्ड में नाम लालवती पत्नी जयराम सिंह दर्ज है, जबकि त्रुटिवश अन्य अभिलेखों में ऊषा देवी पत्नी जयराम सिंह अंकित हो गया, जो कि गलत है। जिसे संशोधित होना नितांत आवश्यक है।

### सूचना

मेरी माता जी स्व0 रामपत्ती पत्नी स्व0 भागीरथी के नाम जमीन का पुराना बैनामा जो मौजा पिपरदेउरा स्थित आराजी नं0 76 मि0 खाता नं0 1390 बैनामा दिनांक 23-03-1992 को बही सं0 1 जिल्द सं0 1701 पृष्ठ संख्या 328 से329 तक क्रमांक 1417 पर उपनिबंधक कार्यालय सदर महराजगंज के यहां रजिस्ट्री हुआ था, का मूल दस्तावेज दिनांक 02-06-2024 को वास्तव में कहीं खो गया है। **-सीताराम पुत्र स्व0 भागीरथी, ग्राम मुडिला, पोस्ट खुटहा बाजार, थाना पनियरा, जनपद महराजगंज।**

### सूचना

सूचित हो कि मैंने अपना नाम SHAMIMUN NISA से बदलकर SAMEEUNNISHA रख लिया है। अब मुझे इसी नाम से जाना व पहचाना जाये। W/O: MAGFOOR AHMAD, R/O: POORAB TARAF SHAHZADPUR, AKBARPUR, AMBEDKAR NAGAR

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैं, **साबिरा, पत्नी अनीस अहमद एवं पुत्री स्व0 सैय्यद शौकत अली शाह, निवासिनी- भवन संख्या 179-सी, शक्ति नगर, निकट पीरबाग मस्जिद, इन्दिरा नगर,** [illegible]

### सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपने पुत्र तालिब रजा को उसके गलत चाल चलन के चलते अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं उसके द्वारा भविष्य में किए गए [illegible]

### न्यायालय अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी) लखनऊ।

पत्रांक: 298/रीडर/नोटिस/2024 दिनांक: 28 जून, 2024

वाद संख्या डी-202410460002261
राजधानी नगर सहकारी बैंक लिमिटेड बनाम सौरभ खन्ना आदि
अर्न्तगत धारा-14, अधि0-वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन (सरफेसी) अधिनियम, 2002
तारीख पेशी- 16.07.2024

**नोटिस**

1- श्री सौरभ खन्ना पुत्र श्री के.सी. खन्ना निवासी-101, मानस विहार, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
2- श्री रिषी खन्ना पुत्र श्री के.सी. खन्ना निवासी-101, मानस विहार, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
3- श्रीमती ऊषा खन्ना पत्नी पुत्र श्री के.सी. खन्ना निवासी-101, मानस विहार, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
4- श्रीमती कोमल खन्ना पत्नी श्री पुत्र श्री रिषी खन्ना निवासी-101, मानस विहार, इन्दिरा नगर, लखनऊ।
5- श्री आलोक शर्मा पुत्र श्री अनिल कुमार शर्मा निवासी- ई-98, कुर्मांचल नगर, सर्वोदयनगर, इन्दिरा नगर, लखनऊ।

उपरोक्त वाद जिला मजिस्ट्रेट महोदय के न्यायालय से प्राप्त होकर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में विचाराधीन है।

अतः आप दिनांक 16.07.2024 को समय 12.00 बजे दिन में अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित होकर कारण स्पश्ट करें कि क्यो न वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा 14 (1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के संबंध में दे दी जाय। यदि आप उक्त निर्धारित दिनॉक व समय पर अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में उपस्थित नहीं होते है तो समझा जायेगा कि आपको कुछ नहीं कहना है और तद्नुसार नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जायेगा।

(अमित कुमार)
अपर जिलाधिकारी, नगर (पूर्वी)
लखनऊ।

### न्यायालय अपर कलेक्टर (प्रशासन), लखनऊ।

संख्या: 2064/रीडर/2024 दिनॉक: 08.07.2024

वाद संख्या:-डी-202410460002270
राजधानी नगर सहकारी बैंक लि0 बनाम रिषी खन्ना आदि
धारा-14 सरफेसी एक्ट
नियत तिथि:- 27.07.2024

**नोटिस**

1- श्री ऋषि खन्ना पुत्र श्री के0सी0 खन्ना 101, मानस विहार, इंदिरा नगर, लखनऊ।
2- श्रीमती कोमल खन्ना पानी श्री ऋषि खन्ना, 101 मानस विहार, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ।
3- श्री अभिषेक जायसवाल पुत्र श्री एम0पी0 जायसवाल, 41/499/1, सेठ रामजश रोड, नरही लखनऊ।
4- श्री विजय शंकर बाजपेयी पुत्र स्व0 देवी शंकर बाजपेयी, ए-20, सर्वोदय नगर, इंदिरा नगर, लखनऊ।

एतद्द्वारा आपको नोटिस दी जाती है कि उक्त उनवान की पत्रावली में अधिकृत अधिकारी राजधानी नगर सहकारी बैंक लि0 द्वारा अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में याचिका प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया है कि आपके द्वारा उक्त बैंक से लिए गये ऋण का भुगतान अभी तक अदा नहीं किया गया है। इस न्यायालय में जिलाधिकारी महोदय लखनऊ के स्थानान्तरण आदेश के उपरान्त विचाराधीन है, जिसमें आप पक्षकार हैं।

अतः उपरोक्त के सम्बन्ध में आपको सूचित किया जाता है कि अधिकृत अधिकारी राजधानी नगर सहकारी बैंक लि0 के प्रार्थना पत्र के क्रम में दिनांक 27.07.2024 नियत की जाती है, नियत तिथि को अधोहस्ताक्षरी के न्यायालय में समय 12:00 बजे दिन में उपस्थित होकर कारण स्पष्ट करें कि क्यों न वित्तीय अस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुर्नगठन और प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम-2002 की धारा-14(1) के अन्तर्गत कार्यवाही करते हुए बैंक द्वारा प्रस्तुत अभिलेख में कथित सम्पत्ति को कब्जे में लेकर बैंक को ऋण अदायगी वसूली के सम्बन्ध में दे दी जाय। तत्सम्बन्धी अपना पक्ष/कथन/साक्ष्य प्रस्तुत करें अन्यथा यह समझा जायेगा कि आपको इस सम्बन्ध में कुछ नहीं कहना है और नियमानुसार आदेश पारित कर दिया जायेगा।

अपर जिला मजिस्ट्रेट (प्रशासन)/
अपर कलेक्टर (प्रशासन)
लखनऊ।

**बाजार** — व्यापारी वर्ग को आगामी बजट में राहतभरे प्रावधान किए जाने की उम्मीद

# यार्न और कपड़े पर 5 फीसदी जीएसटी की दरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** आगामी बजट की ओर व्यापारी टकटकी लगाकर देख रहे हैं। कपड़ा और रेडीमेड जगत से जुड़े कारोबारियों ने पॉलिएस्टर और कॉटन दोनों के धागे और कपड़े पर पांच प्रतिशत जीएसटी दर की मांग दोहराई है। व्यापारियों का कहना है कि जीएसटी की अलग-अलग दरें न केवल व्यापार को प्रभावित करती हैं बल्कि आईटीसी क्लेम में लंबी लिखा-पढ़ी चलती हैं।

व्यापारी कहते हैं कि यह अव्यवहारिक है। भला रेडीमेड एक जोड़ी कपड़ा 1,000 रुपये में कहां मिलता है, इसके ऊपर निकलते ही 12 प्रतिशत जीएसटी का नियम प्रभावी हो जाता है। इसकी वजह से मध्यम वर्ग से रेडीमेड कपड़ा दूर होता जा रहा है। एक समान जीएसटी दर पांच फीसदी हो जाए तो कपड़ा व्यापार और रफ्तार पकड़ेगा। व्यापारियों का मानना है कि पॉलिएस्टर और कॉटन (यार्न) दोनों पर ही जीएसटी दर पांच फीसदी होनी चाहिए। जिससे कपड़ा सस्ता होगा और लोगों की खरीदारी बढ़ेगी।

### उद्यमियों की मनमानी रुके



कपड़ा उद्योग से जुडे बडे व्यापारी मनमाने तरीके से यार्न का बहाना लेकर कीमत बढ़ा देते हैं। इसे हर हाल में रुकना चाहिए। यह नहीं हो सकता कि सूरत में उद्योग लगाने वाले मनमानी करें और इसका बोझ व्यापारी और आमजन भुगते। **-अशोक मोतियानी,** अध्यक्ष उप्र. कपड़ा उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल

### यार्न में तेजी से रेडीमेड कपड़ा महंगा



यार्न में तेजी से चिकन वस्त्र, कपड़ा और रेडीमेड आर्टिकल सभी की दरों में बड़ा अंतर आता है जो खासतौर पर मध्यम वर्ग को दूर करता है। 1,000 रुपये पर पांच प्रतिशत की जीएसटी और इससे एक रुपया ऊपर निकलते ही 12 फीसद ग्राहक को देना पड़ता है। **-प्रभू जालान,** महामंत्री स्वदेशी मार्केट एवं उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

### एक समान दर से ही बढ़ेगा व्यापार



रेडीमेड और कपड़े में जीएसटी की अलग-अलग दरें व्यापार को खत्म करने वाला नियम है। एक समान दर ही कपड़ा व्यापारी को गति देगी। दोनों तरह के यार्न की दरें एक होनी चाहिए जिससे कारोबार फले-फूले और टैक्स चोरी रुके। -अनिल बजाज, महामंत्री कपड़ा उद्योग व्यापार मंडल

### जीएसटी दरें पांच प्रतिशत हों



जीएसटी की दरें पांच प्रतिशत ही होनी चाहिए। यह मांग लंबे समय से व्यापारी कर रहा है। इससे व्यापार को राहत मिलेगी और लोगों की खरीदारी क्षमता बढ़ेगी। एक हजार रुपये से आगे बढ़ते ही कर की दर व्यापार पर चोट करती है। **- उत्तम कपूर,** वरिष्ठ उपाध्यक्ष लखनऊ व्यापार मंडल

### कार्यालय नगर पालिका परिषद - राठ (हमीरपुर)

पत्राक: 471 / न0पा0 प0- राठ / म्यु0सू0 /2023-24/ दिनांक: 10/07/2024

**म्युटेशन सूचना**

निम्न प्रकार से पालिका अभिलेख में नामान्तरण हेतु आवेदन पत्र दस्तावेज सहित प्राप्त हुआ है। जिस पर आपत्ति हेतु 30 दिवस का समय निर्धारित किया गया है। निर्धारित अवधि के पश्चात किया गया कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी और तदनुसार पालिका अभिलेख में परिवर्तन कर दिया जायेगा। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा।

1. **मुहाल पठानपुरा-**1 वार्ड-2 में स्थित भवन सं0 802 पर अंकित श्रीमती निधि कोष्टा पत्नी प्रदीप कुमार का नाम पंजीकृत विक्रय पत्र के आधार पर निरस्त कर उसी स्थान पर श्री कमलेश द्विवेदी पुत्र श्याम बिहारी द्विवेदी का नाम अंकित करने का आवेदन।
2. **मुहाल पठानपुरा-**1 वार्ड-2 में स्थित प्लाट पर श्री कमल पुत्र बारेलाल के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती गीता पत्नी संदीप कुमार का नाम अंकित करने का आवेदन।
3. **मुहाल सिकन्दरपुरा-**1 वार्ड-1 में स्थित प्लाट पर श्री गोविन्दे उर्फ गोविन्द पुत्र नाथूराम के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती माया पत्नी घनश्याम का नाम अंकित करने का आवेदन।
4. **मुहाल लुधियातपुरा-**1 वार्ड-6 में स्थित प्लाट पर श्री इदरीश मुहम्मद पुत्र हाजी यासीन के द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र करने के आधार पर श्रीमती त्रिवेणी पत्नी विक्रम सिंह राजपूत का नाम अंकित करने का आवेदन।
5. **मुहाल जुल्हैटी-**2 वार्ड-24 में स्थित भवन सं0 163 पर अंकित श्री गेंदीलाल सोनी पुत्र बैजनाथ का नाम पंजीकृत वसीयतनामा के आधार पर निरस्त कर उसी स्थान पर श्री आदित्य सोनी ना0बा0 पुत्र उमाशंकर संरक्षक मॉ श्रीमती नीलम सोनी का नाम अंकित करने का आवेदन।

**अधिशासी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद, राठ - हमीरपुर

## एक नजर

### एजुप्रिन्योरशिप अवार्ड से शिक्षिका सम्मानित



अमृत विचार, लखनऊ : सिटी मॉन्टेसरी स्कूल अलीगंज प्रथम कैम्पस की शिक्षिका डॉ. सुनीता पाण्डेय को टीचिंग-लर्निंग में 'एजुप्रिन्योरशिप अवार्ड' से सम्मानित किया गया। अभी हाल ही में नई दिल्ली में आयोजित एक सम्मान समारोह में बोएट कम्पनी के सीईओ अमन गुप्ता ने डॉ. सुनीता पाण्डेय को अवार्ड प्रदान कर सम्मानित किया। उक्त जानकारी जन-सम्पर्क अधिकारी ऋषि खन्ना ने दी।

### सीए देंगे सफलता की निशुल्क सलाह



अमृत विचार , लखनऊ : दि इंस्टीट्यूट आफ चाटर्ड एकाउण्टेंड परीक्षा में सफलता छात्र करने वाला होनहार जल्द ही निशुल्क सलाह देंगे। इंदिरा नगर निवासी गौरव सिंह राणा ने सफलता प्राप्त की है। इनका कहना है कि वे प्रैक्टिस आरंभ करने के साथ वे नए छात्रों को निशुल्क सलाह देने का कार्य करेंगे।

### जुल्म के खिलाफ आवाज बुलंद करें : अजय राय

अमृत विचार, लखनऊ : शहादत को याद करने के लिए शनिवार को उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय ने सादात अली खान मकबरा में मोहर्रम की अशरे की मजलिस में शिरकत की और इमाम हुसैन के संदेश को सुना। यहां की मजलिस को मौलाना कमर साहब ने पढ़ी, जो इराक देश से आए हुए है। मजलिस का अयोजन मकबरा सादात अली खान मेमोरियल सोसाइटी के प्रेसीडेंट सैय्यद शरफ जैदी तथा सेक्रेटरी सैय्यद इम्तियाज आलम ने किया।

### उपचुनावों में जीत से खुशी की लहर : नरेन्द्र त्रिपाठी

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश कांग्रेस कार्यालय श्रम प्रकोष्ठ की शनिवार को आयोजित बैठक में प्रकोष्ठ के चेयरमैन नरेन्द्र त्रिपाठी ने कहा कि 7 राज्यों की 13 विधानसभा सीटों पर हुए उपचुनावों में इंडिया गठबंधन के प्रत्याशियों की जीत से कार्यकर्ताओं में खुशी की लहर हैं। जनता ने सरकार को चेता दिया है कि अब उनकी तानाशाही नहीं चलने दी जाएगी।




**शेरनी के सामने बिल्ली**

राजधानी के प्राणि उद्यान (चिड़ियाघर) में शनिवार को एक बिल्ली शेरनी के बाड़े में पहुंच गई। शेरनी कई बार झपटा लेकिन वह बिल्ली को छू भी नहीं पाया। इसे देखने के लिए भीड़ जुटी तो कर्मचारियों ने शेरनी को बाड़े में बंद कर बिल्ली को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाया। फोटो : प्रमोद शर्मा

# कंपोजिट ग्रांट के व्यय में गड़बड़ी, होगी जांच

कार्यालय संवाददाता लखनऊ



गौरा कंपोजिट विद्यालय में जांच करते हुए बीएसए राम प्रवेश। अमृत विचार

**अमृत विचार:** राजधानी के मोहनलालगंज में स्थित कंपोजिट विद्यालय गौरा प्रथम में बेसिक शिक्षा अधिकारी को निरीक्षण के दौरान ग्रांट के व्यय में गड़बड़ी मिली है। ऐसे में बीएसए ने जांच कमेटी गठित कर दी है। साथ ही विद्यालय के प्रधानाध्यापक से पिछले पांच साल की विद्यालय ग्रांट से जुड़ी पत्रावलियां तलब की है।

मौजूदा समय में शिक्षा विभाग की टीम स्कूलों टैबलेट का प्रशिक्षण देने के लिए पहुंच रही है। इसी क्रम में बेसिक शिक्षा अधिकारी राम प्रवेश व उनकी टीम मोहनलालगंज के गौरा प्रथम में शिक्षकों को टैबलेट के बारे में जानकरी देने के लिए पहुंचे थी। इस दौरान बीएसए ने पाया कि विद्यालय के भवन में कई सालों से रंगरोगन व मूलभूत सुविधाओं में सुधार नहीं किया गया है। इस दौरान प्रधानाध्यापक से कंपोजिट ग्रांट खर्च का ब्योरा पूछा गया तो कुछ जवाब नहीं दे सके। इस पर नाराज बीएसए ने विद्यालय ग्रांट के व्यय से जुड़ी पत्रावलियां मांगी तो वह भी मौके पर नहीं दिखाई जा सकी। ऐसे में बीएसए ने कंपोजिट ग्रांट के खर्च को लेकर जांच के आदेश दिए हैं। इसके लिए बीएसए ने बीईओ मोहनलालगंज सुशील कुमार और सहायक लेखाधिकारी को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

- **मोहनलालगंज के कंपोजिट विद्यालय गौरा प्रथम का मामला**
- **बीएसए ने निरीक्षण में पकड़ी खामी, चार वर्ष से विद्यालय का नहीं कराया गया रंगरोगन**
- **गौरा द्वितीय में भी शिक्षक नहीं बता पाये निपुण लक्ष्य, सभी को दी गई प्रतिकूल प्रवृष्टि**

"कंपोजिट विद्यालय गौरा प्रथम में ग्रांट के व्यय में गड़बड़ी की जानकारी मिली है। इस संबंध में प्रधानाध्यापक से पत्रावलियां मांगी गई है। साथ ही जांच कमेटी भी गठित की गई है। **-राम प्रवेश बेसिक शिक्षा अधिकारी लखनऊ**

### आठ शिक्षकों को प्रतिकूल प्रवृष्टि

मोहनलालगंज में ही प्राथमिक विद्यालय गौरा द्वितीय में सभी शिक्षकों को बीएसए ने प्रतिकूल प्रवृष्टि दी है। सभी शिक्षक ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज कराने में लापरवाही कर रहे थे। इसके साथ ही निपुण लक्ष्य, और मिशन प्रेरणा ऐप सहित तमाम जानकारी भी नहीं दे पाये। यहां बीएसए की ओर से पूछे जाने पर शिक्षक पढ़ाई को मॉड्यूल भी नहीं बता पाये। जिसके बाद सभी शिक्षकों के खिलाफ प्रतिकूल प्रवृष्टि की कार्रवाई की करते हुए नोटिस जारी किया गया है।

# अब राजकीय इंटर कॉलेज में भी ऑनलाइन उपस्थिति अनिवार्य, विवि व कॉलेजों में सख्ती

## माध्यमिक शिक्षा निदेशक ने दूसरी बार जारी किया आदेश, सोमवार से होगा अनुपालन

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** माध्यमिक शिक्षा परिषद के अधीन संचालित राजकीय व सहायता प्राप्त माध्यमिक विद्यालयों में शिक्षकों और कर्मचारियों की ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर निदेशक ने सख्त आदेश जारी कर दिया है। आदेश में कहा गया है कि वह अपने विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को सख्ती से लागू करवाए।

इससे पहले विभाग की ओर से माध्यमिक विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर अगस्त 2022 में आदेश जारी किया गया था। इस आदेश के बाद माध्यमिक विद्यालयों ने बजट मुहैया करने की मांग सरकार से की थी। तब से यह व्यवस्था ठंडा बस्ते में चली गई थी। अब बेसिक विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शुरू हुए बवाल के बाद माध्यमिक शिक्षा विद्यालयों में भी इसे लागू करने की प्रक्रिया शुरू की गई है। सभी विश्वविद्यालय, डिग्री कॉलेज, माध्यमिक विद्यालय और बेसिक शिक्षा परिषद के विद्यालयों में ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करने को लेकर 2 साल पहले सरकार की ओर से इन संस्थाओं को आदेश जारी किया गया था। निदेशक डॉ महेन्द्र देव ने बताया कि कॉलेजों में मनमानी नहीं चलेगी शिक्षकों को आनलाइन उपस्थिति दर्ज करानी होगी।

**विवि और महाविद्यालयों में भी सख्ती :** राज भवन के निर्देश पर सभी विश्वविद्यालय जैसे लखनऊ विश्वविद्यालय, डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी सहित प्रदेश के सभी राज्य विश्वविद्यालय में बायोमेट्रिक उपस्थिति को अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया। शिक्षको के विरोध के बाद भी राजभवन इस संबंध में बैकफुट पर नहीं आया।



विद्यालय में टैबलेट संचालन की जानकारी देतीं एआरपी ज्योति बाला शर्मा।

### शिक्षकों के प्रशिक्षण में जुटे एआरपी

**अमृत विचार लखऊ :** ऑनलाइन उपस्थिति को लेकर शिक्षकों का प्रशिक्षण लगातार जारी है। इसमें एआरपी भी अपनी भूमिका निभा रहे हैं। नगर जोन चार में एआरपी ज्योति बाला शर्मा ने कई विद्यालयों में शिक्षकों को जागरूक किया। वहीं प्राथमिक विद्यालय मिश्री बाग में पाया गया कि टैबलेट पर छात्र उपस्थिति का विकल्प खोलने पर जल्दी खुल नहीं रहा है। टैबलेट पर इस गड़बड़ी शिकायत विद्यालय की शिक्षक उमा पाण्डेय ने की।

### बेसिक शिक्षा विभाग ने अपडेट किया एप

**अमृत विचार, लखनऊ:** बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित सरकारी विद्यालयों में टैबलेट से ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज हो इसके लिए ऐप को अपडेट कर दिया गया है। सोमवार से शिक्षक जैसे ही टैबलेट आन करेंगे ये उनको अपने आप अपडेट हुआ ऐप मिलेगा। इस बारे में राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से बताया गया कि शिक्षकों की ऑनलाइन उपस्थिति में साढ़े 8 बजे तक दर्ज करने की अनुमति दी गई थी लेकिन देरी होने पर इसके बाद भी उपस्थिति दर्ज की जा सके इसलिए उस विकल्प को अब अपडेट किया गया है। सोमवार से ये ऐप अच्छे से कार्य करेगा। राज्य परियोजना कार्यालय की ओर से बताया गया कि काफी संख्या में शिक्षक आनलाइन उपस्थिति दर्ज कर रहे हैं। जिनके टैब में दिक्कत आएगी उसकी समस्या का हल भी किया जा रहा है।



पदाधिकारियों के साथ बैठक करते जिलाध्यक्ष सुधांशु मोहन। अमृत विचार

# ऑनलाइन हाजिरी के विरोध में चलाया हस्ताक्षर अभियान

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **15 को शिक्षक देंगे ज्ञापन 23 को बीएसए कार्यालय का होगा घेराव**

**अमृत विचार:** राजधानी में प्राथमिक शिक्षक संघ की ओर से प्रत्येक विकास खंड व नगर क्षेत्र की बीआरसी पर डिजिटल हाजिरी में आने वाली व्यावहारिक कठिनाइयों के निराकरण न होने के कारण विरोध स्वरूप सभी शिक्षकों के डिजिटल अटेंडेंस ना देने के पक्ष में हस्ताक्षर अभियान चलाया।

शिक्षकों ने जिसमें विकासखंडवार विरोध स्वरुप हस्ताक्षर दर्ज किया विकासखंड काकोरी से 354 चिनहट से 242 मलिहाबाद से 414 महानगर क्षेत्र से 201 सरोजिनी नगर से 547 माल से 351 गोसाईगंज से 433 मोहनलालगंज से 442 और बक्शी का तालाब से 415 शिक्षकों ने हस्ताक्षर कर विरोध दर्ज कराया। वहीं दूसरी ओर सुधांशु मोहन की अध्यक्षता में शिक्षक भवन में बैठक आयोजित हुई जिसमें प्रदेश संगठन द्वारा निर्धारित कार्यक्रमों का समर्थन करते हुए 15 जुलाई को बीएसए को ज्ञापन सौंपने का निर्णय लिया और 23 जुलाई को बीएसए कार्यालय पर धरना देने का निर्णय लिया गया।

# अल्फा पद्धति से पढ़ाएंगे सरकारी शिक्षक

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

**अमृत विचार:** राजधानी के सरकारी स्कूलों में अब अल्फा पद्धति से पढ़ाई होगी। इस संबंध में 1619 अध्यापकों को विशेष प्रशिक्षण दिया गया है। सीएमएस स्कूल में देवी संस्थान के सहयोग से शिक्षकों को मिले प्रशिक्षण के बाद अब बच्चों को पहले से बेहतर शिक्षा मिलेगी।

बीएसए ने बताया कि इस पद्धति के माध्यम से प्राथमिक शिक्षा प्रदान करते हुए कैसे निपुण लक्ष्य को 45 दिनों मे प्राप्त किया जा सकता है इसको लेकर प्रशिक्षण सत्र का आयोजन किया गया। चार दिनों तक चले इस शिविर में प्रमुख सचिव बेसिक शिक्षा डॉ एमके शनमुगा सुन्दरम ने भी 1619 अध्यापकों को प्रशिक्षण दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री योगी के मुख्य सलाहकार अवनीश अवस्थी, सीएमएस की संस्थापक सदस्य भारती गांधी, देवी संस्थान की मुखिया सुनीता गांधी, गीता गांधी किंगडन, राम प्रवेश बीएसए लखनऊ, बीईओ उपस्थित रहे।



अल्फा पद्धति से पढ़ाई का प्रशिक्षण पाने वाले शिक्षक। अमृत विचार

- **राजधानी के सरकारी विद्यालयों के 1619 शिक्षकों को दिया गया प्रशिक्षण**

# संविदा पर भी रखे जा सकते हैं अध्यापक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** समाज कल्याण विभाग की ओर से संचालित आश्रम पद्धति विद्यालय में गुरुजनों के आशीर्वाद से वंचित छात्रों की समस्या जल्द दूर हो सकती है। विभाग अध्यापकों को संविदा पर भी रखने का विचार कर रहा है। नियुक्ति के लिए प्रस्ताव बनाकर आयोग और शासन को भेजा जाएगा।

समाज कल्याण निदेशालय की ओर से प्रदेश के 75 जिलों में 94 आश्रम पद्धति विद्यालय संचालित किए जा रहे हैं। इन विद्यालयों में लगभग 32 हजार छात्र-छात्राएं अध्ययनरत हैं। विद्यालय में 60 प्रतिशत अनुसूचित जाति/जनजाति, 25 प्रतिशत अन्य पिछड़ा वर्ग और 15 प्रतिशत सामान्य वर्ग के छात्रों को प्रवेश की व्यवस्था है। छात्र-छात्राओं को निशुल्क छात्रावास, पाठ्य पुस्तकें और यूनिफार्म आदि की व्यवस्था सरकार की ओर से की जाती है। 94 विद्यालयों में 40 सीबीएसई और 54 माध्यमिक शिक्षा परिषद से संबंद्ध हैं। 32 हजार छात्र-छात्राओं के लिए प्रवक्ता के 930 और सहायक अध्यापक के 930 पद स्वीकृत हैं और इनके सापेक्ष 650 प्रवक्ता और 557 सहायक अध्यापक कार्यरत हैं। प्रवक्ता के 280 और सहायक अध्यापक के 373 पद खाली पड़े हैं। पिछली बार 151 अध्यापक मिले थे मगर 53 ने ही कार्यभार संभाला था। समाज कल्याण निदेशक कुमार प्रशांत ने बताया कि नियुक्ति के लिए दोबारा प्रस्ताव तैयार किया जा रहा है। साथ ही संविदा पर भी अध्यापकों को रखने के लिए विचार किया जाएगा।

# घर बैठे करें पालि की ऑनलाइन पढ़ाई

**अमृत विचार, लखनऊ :** केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय लखनऊ परिसर के निदेशक का कहना है कि पालि के प्रति लोगों की रुचि बढ़ रही है। पालि की व्यापक मांग को ध्यान में रखते हुए विश्वविद्यालय ऑनलाइन पढ़ाई शुरू करने जा रहा है। परिसर निदेशक प्रो. सर्वनारायण झा ने बताया कि इन पाठ्यक्रमों की अध्ययन सामग्री (स्टडी मैटेरियल) हिन्दी माध्यम से बनायी जा रही है। बाद में अंग्रेजी माध्यम से भी पाठ्य सामग्री तैयार की जायेगी। अग्रिम सत्र से ये दोनों पाठ्यक्रम शुरू हो जाएंगे। पाठयक्रम शुरू होने के पश्चात देश-विदेश से लोग घर बैठे ही पालि का अध्ययन कर सकेंगे।

# नगर निगम कार्यकारिणी के 6 सदस्यों का चुनाव कल

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

- **11 बजे से होगा नामांकन 3 से 5 बजे तक मतदान**
- **भाजपा ने पांच नाम तय किए सपा आज तय करेगी प्रत्याशी**

**अमृत विचार :** नगर निगम कार्यकारिणी के छह नए सदस्यों का सोमवार को चुनाव किया जाएगा। इसके लिए भाजपा ने पांच नाम तय कर दिए हैं, जबकि सपा एक सदस्य का नाम रविवार को घोषणा करेगी।

नगर निगम कार्यकारिणी के 12 सदस्यों में छह सदस्यों का कार्यकाल पूरा हो चुका है। इनमें भाजपा पांच और एक सदस्य सपा का था। इन्हीं छह पदों के लिए नए सदस्यों का चुनाव होगा। नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकनाथ हॉल में सुबह 11 से 11:30 बजे तक नामांकन होगा। 12 बजे तक नाम वापस लिए जा सकेंगे। आवश्यकता होने पर दोपहर 3 से शाम 5 बजे तक मतदान कराया जाएगा। इसके बाद मतगणना और परिणाम की घोषणा की जाएगी। कोरम पूरा होने के बाद कार्यकारिणी की बैठक होगी। जिसमें नगर निगम सदन की बैठक बुलाने के लिए तिथि निर्धारित की जाएगी।

**भाजपा पार्षद रामनरेश नाराज :** सरोजनीनगर द्वितीय वार्ड से भाजपा पार्षद रामनरेश रावत कार्यकारिणी सदस्य के लिए घोषित सूची में अनुसूचित जाति के पार्षद का नाम न होने पर नाराजगी जताई है। उन्होंने मुख्यमंत्री, रक्षामंत्री, प्रदेश अध्यक्ष और महापौर को पत्र लिखकर सूची पर पुनर्विचार करने की मांग की है। पार्षद ने कहा है कि जब तक महापौर नहीं बुलाएंगी तब तक चुनाव में शामिल नहीं होंगे। महापौर सुषमा खर्कवाल ने 28 फरवरी को नगर निगम सदन की बैठक से रामनरेश रावत को निलंबित कर दिया था।

### भाजपा के प्रत्याशी

अनुराग मिश्रा अन्नू, भृगुनाथ शुक्ला, गौरी सांवरिया, केएन सिंह, चरणजीत गांधी

### सपा से इनकी है दावेदारी

यावर हुसैन रेशु, शफीकुर्रहमान चचा, देवेंद्र यादव, शवा रहमान, राम नरेश चौरसिया

क्या ऑपरेशन ही एक मात्र समाधान है ?
SINCE 2006
जोड़ों का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस में!
कहीं आप इन जटिल रोगों से परेशान तो नहीं? जोड़ो का दर्द, गठिया, स्पॉन्डिलाइटिस, रूमेटॉइड अर्थ राइटिस, स्लिपडिस्क, कमर दर्द, कंधे का दर्द/फ्रोजेन शोल्डर, स्याटिका, मांसपेशियों का दर्द, एड़ी का दर्द, वातरक्त (GOUT) इत्यादि।
दर्द की दवाइयाँ खाकर अपने शरीर को नुकसान न पहुंचाये – आयुर्वेद अपनायें
VACHAK वाचक आयुर्वेद®

आइए इसी संबंध में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा जी से हुई बातचीत के कुछ अंश

प्रश्न 1: गठिया रोग की पहचान कैसे करें ?
उत्तर : गठिया रोग का सबसे प्रमुख लक्षण है जोड़ों में दर्द होना जब जोड़ों में दर्द व सूजन कुछ दिन या हफ्तों में ठीक ना हो और चलते फिरते या उठते बैठते दर्द होने लगे तो हमें चाहि, कि किसी अच्छे डॉक्टर से सलाह लें

प्रश्न 2: डा0 कहते हैं कि आपके घुटनों का गिरीश सूख गया है तो यह गिरीश क्या होता है?
उत्तर : यहां एक गाढ़ा तरल पदार्थ है जिसे सायनोवियल फ्लुएड कहते हैं जो आपके जोड़ों को हिलने डुलने में मदद करता है और आपस में रगड़ खाने से रोकता है

प्रश्न 3: रूमेटोइड अर्थराइटिस क्या है?
उत्तर : यह एक ऑटोइम्यून डिजीज है जिसमें शरीर की इम्युनिटी स्वस्थ कोशिकाओं को ही नुकसान पहुंचाना शुरू कर देती हैं जो जोड़ों में दर्द सूजन और जकड़न का कारण बनती है इसे आयुर्वेद में आमवात के नाम से जाना जाता है

प्रश्न 4: क्या बिना ऑपरेशन के गठिया में आराम हो सकता है?
उत्तर : आयुर्वेद शास्त्र के अनुसार गठिया एक जटिल बीमारी है तथा इसमें ऑपरेशन नहीं बताया गया है यह वातव्याधि के अंतर्गत आता है जिसमें वात नाशक व रसायन औषधियों का प्रयोग किया जाता है जिससे जोड़ो में चिकनाहट बनना शुरू हो जाता है और जोड़ों का दर्द व सूजन कम हो जाने से मरीज को चलने फिरने में आराम हो जाता है

प्रश्न 5: क्या अत्यधिक पेन किलर खाना नुकसानदायक है?
उत्तर : हां अत्यधिक पेन किलर खाने से हमारे शरीर को नुकसान हो सकता है विशेषतया हमारे पेट व गुर्दे को नुकसान पहुंच सकता है

प्रश्न 6: डॉक्टर साहब बिना दर्द की दवा के मरीज को आराम कैसे मिलेगा?
उत्तर : जोड़ों में दर्द का मुख्य कारण जोड़ों के अंदर उपस्थित गिरीश का कम हो जाना जिससे हड्डियां आपस में रगड़ खाती है जिससे दर्द व सूजन की स्थिति पैदा होती है आयुर्वेदिक औषधियों में एंटीऑक्सीडेंट मल्टीविटामिन Antiinflammatory व रसायन गुण होते हैं जिससे जोड़ों में चिकनाहट उत्पन्न होती है इस कारण हड्डियां आपस में रगड़ कम खाती हैं जिससे दर्द व सूजन में आराम हो जाता है

प्रश्न 7: सवाल घुटनों के दर्द व गठिया में क्या क्या नहीं खाना चाहिए?
उत्तर : आयुर्वेद के अनुसार जोड़ों का दर्द व गठिया वात व्याधि के अंतर्गत आती है अत: वाद वर्धक आहार-विहार जैसे उड़द की दाल कटहल घुईया बैगन भिंडी राजमा मटर कद्दू वा देर रात तक जागना हानिकारक होता है

प्रश्न 8: गठिया रोग में क्या क्या खाना फायदेमंद होता है?
उत्तर : गठिया रोग में सूप सलाद हरी सब्जियां दूध मट्ठा पनीर अंजीर अखरोट पपीता अनार इत्यादि खाना फायदेमंद होता है

प्रश्न 9: डॉक्टर साहब गठिया से पीड़ित मरीजों को क्या सलाह देना चाहते हैं?
उत्तर : गठिया से पीड़ित मरीजों को नियमित रूप से तेल की मालिश सिकाई व एक्सरसाइज करना चाहिए तथा सीढ़ी ज्यादा ना चढ़े व नीचे ना बैठे तथा जल्द से जल्दआयुर्वेद विशेषज्ञ की सलाह लें जिससे आप की बीमारी आगे ना बढ़े

प्रश्न 10: अच्छा डॉक्टर साहब यदि कोई मरीज ऑपरेशन कराने के बाद भी उसे दर्द या तकलीफ रह जाती है तो क्या ऐसे मरीजों में भी आयुर्वेदिक दवाइयां लाभकारी होंगी?
उत्तर : हां बिल्कुल ऑपरेशन के बाद भी यदि मरीज को दर्द या तकलीफ रह जाती है तो आयुर्वेदिक दवाइयों से इलाज किया जा सकता है



डॉ. ओम प्रकाश वर्मा
MD (आयुर्वेद) आयुर्वेद स्पेशलिस्ट

पुरस्कार एवं सम्मान
- सन 2015 में प्रसिद्ध मीडिया हाउस के द्वारा इन्हें बेस्ट आयुर्वेदिक चिकित्सक के सम्मान से सम्मानित किया गया
- सन 2017 में माननीय यूपी कैबिनेट मिनिस्टर श्रीमती रीता बहुगुणा जोशी जी ने मार्वल हेल्थ आइकॉन अवार्ड से सम्मानित किया
- सन 2017 में ही माननीय महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश श्री राम नाईक जी द्वारा पर्सनालिटी ऑफ इंडिया के सम्मान से सम्मानित किया गया
- श्री बी एस डी आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल द्वारा टी.बी. दिवस पर एक कार्यक्रम में डॉक्टर साहब को उनके योगदान हेतु सम्मानित किया गया
- चैनल न्यूज 18 यूपी/उत्तराखंड ने कार्यक्रम लाइफ लाइन में डॉक्टर ओम प्रकाश वर्मा को यूपी के हेल्थ मिनिस्टर माननीय श्री सिद्धार्थ नाथ सिंह जी द्वारा सम्मानित किया गया
- संस्कृत संस्थान द्वारा मानव सेवा के कार्य में निशुल्क योगदान के लिए सम्मानित किया गया
- संस्था एक पहल द्वारा माननीय मेयर लखनऊ श्रीमती संयुक्ता भाटिया द्वारा यूपी आई कॉन अवार्ड से सम्मानित किया गया

Web : www.vachak.in
अपॉइन्टमेंट के लिए सम्पर्क करें –
7080239313
7570060266

आलमबाग
पता: शॉप नं0 206, तालकटोरा रोड, निकट आलमबाग चौराहा, लखनऊ नियर बृजवासी बेकरी
परामर्श समय- सुबह 10:00 से 02:00 तक

मुंशीपुलिया
पता: 638/010 फरीदीनगर पिकनिक स्पॉट रोड, मुंशीपुलिया, लखनऊ नियर साहू पैलेस
परामर्श समय- सायं 06:00 से 09:00 तक

रविवार सायं अवकाश

## एक नजर

### गैस सिलेंडर वाहन में लगी आग

**अमृत विचार, लखनऊ :** सुशांत गोल्फ सिटी क्षेत्र में शनिवार शाम गैस सिलेंडर लदे वाहन में आग लग गई। वाहन के पिछले पहिये से धुआं उठने के बाद आग लग गई। ट्रैफिक इंस्पेक्टर की सक्रियता से बड़ा हादसा टल गया। गैस सिलेंडर लादकर जा रही गाड़ी में आग लगी देख ट्रैफिक इंस्पेक्टर राधेश्याम ने हमराही के साथ अग्निशमन उपकरण से काबू पाया। आग लगने के दौरान गाड़ी में एक दर्जन से अधिक गैस सिलेंडर लदे थे। ऐसे में वाहन में अग्निशमन उपकरण साथ में होने से शहीद पथ स्थित सुशांत गोल्फ सिटी में बड़ा हादसा टल गया।

### मकान की दूसरी मंजिल से गिरा युवक, मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** गुड़बा क्षेत्र में छत से गिरकर घायल युवक की इलाज के दौरान मौत का मामला सामने आया है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के वृंदावन विहार निवासी रोहित तिवारी (25) एक निजी स्कूलों में नौकरी करता था। पिता महेश ने बताया कि गुरुवार रात रोहित मकान की दूसरी मंजिल की छत पर लेटा था। देर रात बारिश शुरू होने पर छत से उतरते समय रोड पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गया। रोहित की चीख सुनकर परिजन बाहर पहुंचे और आनन-फानन ट्रामा सेंटर ले गए। जहां इलाज के दौरान शुक्रवार देर रात उसने दम तोड़ दिया। रोहित अविवाहित था। परिवार में पिता, मां सुचिता तिवारी हैं। वह चार भाई बहनों में सबसे बड़ा था।

# मेकअप आर्टिस्ट की हत्या कर शव छत पर फेंका

## मुंह बोली बहन समेत तीन पर परिजन ने लगाया हत्या का आरोप

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



शिवा (फाइल फोटो)

- हसनगंज चरही में हुई वारदात, पुलिस कर रही जांच
- पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की बात आई सामने

**अमृत विचार :** हसनगंज चरही में मेकअप आर्टिस्ट शिवा श्रीवास्तव (16) की गला घोंटकर हत्या कर दी गई। उसका शव मकान की छत पर पड़ा मिला। शुक्रवार देर रात को एक युवक ने पुलिस कंट्रोल रूम में आत्महत्या करने की सूचना दी। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दिया। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पहुंची मां ने हत्या कर शव फेंकने की बात कही। मुंह बोली बहन समेत तीन पर आरोप लगाया। देर शाम को पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला घोंटकर हत्या करने की बात सामने आई। जिसके बाद पुलिस ने तीन लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रही है।

मूलतः हरदोई मल्लावां निवासी पोस्टमैन संतोष श्रीवास्तव का बेटा शिवा चार माह पहले लखनऊ मेकअप आर्टिस्ट का कोर्स करने आया था। आशियाना स्थित एक इंस्टीट्यूट से वह पढ़ाई कर रहा था। शिवा मुंहबोली बहन के साथ हसनगंज चरही में किराए के मकान में रहता था। कुछ दिन पूर्व दोनों के बीच कहासुनी हुई। इसके बाद से ही शिवा चरही निवासी अनुपम और शिवम के साथ रहने लगा। एसआई तेज बहादुर यादव के मुताबिक, शुक्रवार की रात करीब 11 बजे पुलिस कंट्रोल रूम को शिवम ने कॉल कर शिवा के खुदकुशी करने की सूचना दी थी।

**गले में फंसी थी रस्सी :** पुलिस के मुताबिक, मुंहबोली बहन शिल्पा उर्फ माही और दो दोस्त अनुपम सोनी और शिवम शुक्ला ने बताया कि शिवा ने खुदकुशी की है। हालांकि वारदात स्थल के हालात कुछ और बयां कर रहे हैं। शिवा के गले में रस्सी फंसी थी। आसपास के लोगों से पूछताछ में सामने आया कि माही की शादी परिजन ने तय कर दी थी। जबकि उसका किसी युवक से प्रेम संबंध था। शिवा ने इस बात की जानकारी माही के पति को बातचीत के दौरान दे दी। इसी बात पर दोनों के बीच झगड़ा हुआ। शुक्रवार देर रात को दोनों के बीच विवाद हुआ। मोबाइल फोन तोड़न के बाद शिवा की हत्या की गई। गुमराह करने के लिए पुलिस को खुदकुशी की सूचना दी गई है।

### बेटे की हत्या कर शव छत पर फेंका

शुक्रवार रात को हुई घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने जांच शुरू की। वहीं उसके पिता संतोष के मोबाइल का नंबर मिला। देर रात को ही पुलिस ने परिजन को सूचना दी। परिजन तड़के लखनऊ पहुंच गए। शनिवार को पोस्टमार्टम हाउस पर शिवा की मां संतोषी ने बेटे की हत्या का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि मुंहबोली बहन ने दो लोगों के साथ मिलकर हत्या की है। इसके बाद शव को छत पर फेंक दिया।

पुलिस कंट्रोल रूम पर मेकअप आर्टिस्ट के खुदकुशी करने की सूचना आई थी। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। मां ने मुंहबोली बहन समेत तीन पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

–मनीषा सिंह, एडीसीपी मध्य

# असिस्टेंट कमिश्नर व ससुरालियों पर हत्या का आरोप

**असिस्टेंट कमिश्नर की पत्नी की मौत का मामला**

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



सुशांत गोल्फ सिटी स्थित जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष कुमार का आवास।

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी निवासी जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर की पत्नी नीलम की संदिग्ध हालात में मौत हो गई। उसका शव कमरे में फंदे से लटका मिला। भाई नवीन कुमार ने पति और ससुरालियां पर हत्या का आरोप लगाते हुए थाने में तहरीर दी है। भाई ने बताया कि 7 वर्ष से नीलम को प्रताड़ित किया जा रहा था। बीमार बताकर दिल्ली में फर्जी इलाज करा रहे थे। प्रताड़ित करने का आलम यह था कि कार में साथ जाते समय उसे अपमानित करते थे। बीच रास्ते में उसे उतार कर घर चले जाते। सामाजिक समारोह में उसे साथ तक नहीं लेकर जाते थे। पुलिस हर बिंदु पर जांच कर रही है।

बिहार के पटना निवासी नवीन ने बताया कि 2010 में बहन की शादी संतोष कुमार से की थी। करीब 7 वर्ष से बहन को उसके पति और सास-ससुर प्रताड़ित करते थे। उसे अक्सर मारते-पीटते थे। उसे मानसिक रूप से परेशान किया जाता था। नीलम बार-बार मुझसे कहती थी कि भैया पूरा परिवार मेरे खिलाफ है। मैंने कई बार अपने जीजा से इस बारे में बात करना चाहा, लेकिन वो हमारी बात नहीं सुनते थे। मेरी बहन अकेलेपन का शिकार हुई। उससे कहा जाता था कि घर छोड़कर चली जाओ, तुम हमारे साथ रहने लायक नहीं हो। नीलम संतोष के साथ कहीं भी जाती, उसे बीच रास्ते में ही गाड़ी से उतार देता, गालियां देता था। जिससे वो अकेलेपन की शिकार हो गई।

**सिर्फ दिखावे के लिए कराया इलाज :** भाई नवीन का आरोप है कि संतोष उसकी बहन नीलम का इलाज सिर्फ दिखावे के लिए कराता था। संतोष यह बताना चाहता था कि नीलम की दिमागी हालत ठीक नहीं है। बहन हमसे कहती थी, मुझे कुछ नहीं हुआ है पर कोई मुझे परिवार का हिस्सा मानने को तैयार नहीं है। साजिश रचकर नीलम की हत्या की गई है। प्रभारी निरीक्षक अंजनी मिश्रा ने बताया कि मकान को सील कर दिया गया है। भाई ने हत्या की तहरीर दी है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### कई अनसुलझे सवाल

- शव का लटका मिला तो पुलिस को सूचना क्यों नहीं ?
- शव को खुद ही नीचे उतारा, पुलिस का इंतजार क्यों नहीं किया?
- दुपट्टे का फंदा काटने के बजाए खोलने में क्यों लगे रहे?
- अकेले कैसे शव को नीचे उतारा?
- फंदे से नीचे उतारने के बाद आखिर अस्पताल क्यों नहीं लेकर गए?

## कॉलोनी के लोग पहुंचे तो असहज हो गए संतोष

- घटना के समय स्कूल में थी दोनों बेटियां
- संतोष पर लग चुका है भ्रष्टाचार का आरोप

**अमृत विचार :** सुशांत गोल्फ सिटी के सेक्टर जी-4 कॉलोनी का सोशल मीडिया ग्रुप बना है। इस ग्रुप पर सुबह 9 बजे कॉलोनी के एक व्यक्ति ने मैसेज डाला कि जीएसटी के असिस्टेंट कमिश्नर संतोष के आवास में कुछ अनहोनी हो गई है। कॉलोनी के लोगों ने बताया कि सभी को देखते ही संतोष असहज हो गए। इधर-उधर की बातें करने लगे। कॉलोनी वालों को उनके हाव-भाव से संदेह हुआ है। उस वक्त दोनों बेटियां खुशी (12) और श्रेया (8) स्कूल गई थीं।

**खुद ही शव को नीचे उतारा, अस्पताल भी नहीं ले गए :** पुलिस के मुताबिक, जब टीम पहुंची तो शव फर्श पर पड़ा था। पंखा चल रहा था। पूछताछ में सामने आया कि असिस्टेंट कमिश्नर जब घर पहुंचे तो पत्नी को फंदे से लटका देखा। आंगन में रखी सीढ़ी कमरे में लेकर पहुंचे। खुद फंदा खोलकर नीलम को नीचे उतारा।

पुलिस के मुताबिक, नीलम को संतोष अस्पताल भी नहीं लेकर गए। सूत्रों के मुताबिक, संतोष पर भ्रष्टाचार का आरोप भी लगा था। इस मामले में उनके खिलाफ कार्रवाई भी हुई थी।

# सज-धज कर पहुंचा दुल्हा, दूल्हन व ससुराली फरार

संवाददाता, मलिहाबाद

- रहीमाबाग इलाके की घटना, उन्नाव के औरास से आई थी बारात
- पांच लाख रुपये ऐंठने के बाद युवती शादी को हुई राजी

**अमृत विचार :** उन्नाव के औरास से सज-धजकर दुल्हा 10 लग्जरी कार से बारात लेकर रहीमाबाद के हाशिमपुर पहुंचा। वहां न तो दूल्हन मिली और न ही ससुराल के लोग। ससुराल में ताला बंद मिला। युवती व ससुरालियों के मोबाइल पर कॉल किया तो सभी के नंबर बंद आ रहे थे।

मायूस होकर दूल्हा बारात लेकर वापस गया। इसके बाद रहीमाबाद थाने में तहरीर दी। जिस पर पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

उन्नाव के औरास के दलेलपुर निवासी सोनू पाल के मुताबिक उसकी दोस्ती रहीमाबाद के हाशिमपुर निवासी युवती से मोबाइल पर हुई थी। दोनों में बातचीत के दौरान प्रेम हो गया। 4 वर्ष तक दोनों की मुलाकात होती रही। युवती ने परिजन के बीमारी का झांसा देकर सोनू से पांच लाख रुपये वसूल लिए। बातचीत के दौरान दोनों शादी के लिए तैयार हो गए। शादी की तारीख 11 जुलाई तय की गई। गुरुवार शाम को युवक बारात लेकर दलेलपुर पहुंचा। तो वहां पर न तो दूल्हन मिली और न ही ससुराल के लोग।

### बीमारी के नाम पर लिए 5 लाख

थानाध्यक्ष रहीमाबाद अनुभव सिंह के मुताबिक, सोनू ने बताया कि वह चंडीगढ़ में 5 वर्ष से नौकरी कर रहा है। 4 वर्ष पहले उसकी मुलाकात युवती से हुई। युवती ने छह माह पहले मां की बीमारी का झांसा देकर साढ़े तीन लाख रुपये ऑनलाइन लिए। डेढ़ लाख रुपये उसे कैश दिये थे। शादी तय होने के बाद युवती से बातचीत हुई। उसने बताया कि गांव के बाहर सरकारी स्कूल में बारात रुकने का इंतजाम किया गया है। जब बारात वहां पहुंची तो कोई व्यवस्था नहीं थी। गांव के लोगों से पूछताछ की गई तो युवती और उसके परिजनों के बारे में जानकारी देने से इनकार कर दिया। इसके बाद युवक ने पुलिस को सूचना दी। पुलिस ने तफ्तीश की तो पता चला कि युवती और उसके घरवाले उस गांव में रहते ही नहीं हैं। थानाध्यक्ष ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

# युवती ने प्रेमी से शादी कराने की पुलिस से लगाई गुहार

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद थाने पहुंची युवती ने पुलिस से प्रेमी के साथ शादी कराने की गुहार लगाई। पुलिस ने प्रेमी के परिजन को थाने बुलाकर समझाने का प्रयास किया, लेकिन बात नहीं बनी।

रहीमाबाद थाना क्षेत्र निवासी युवती का गांव के ही युवक से प्रेम-प्रसंग एक वर्ष से चल रहा है। इस बीच युवती गर्भवती हो गयी, तो मामला परिजन को पता चला। युवती के परिजन युवक के घर दोनों की शादी की बात करने पहुंचे। जहां युवक के परिजन ने गाली गलौज कर भगा दिया। इसके बाद युवती को भी उसके परिजन ने घर से निकाल दिया। पीड़ित युवती ने थाने पहुंच पुलिस से उसकी शादी युवक से कराने की गुहार लगाई है।

मामले में शनिवार को थाने में देर शाम तक दोनों पक्षों में सुलह समझौता का पुलिस प्रयास कराती रही, लेकिन बात नहीं बनी। इसके बाद युवती के परिजन युवक के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराने की बात कहते हुए चले गये। इंस्पेक्टर अनुभव सिंह ने बताया कि युवती के परिजन ने अभी रिपोर्ट दर्ज करने की बात नहीं कही है।

## सार-संक्षेप

### दारोगा के साथ गाली गलौज, वर्दी उतरवाने की धमकी

**अमृत विचार, लखनऊ :** हजरतगंज में मेफेयर तिराहा के पास शुक्रवार रात कार सवार व्यापारी भाइयों ने दारोगा के साथ गाली-गलौज की। आरोपी वीआईपी मूवमेंट के लिए ट्रैफिक रोकने के बाद भी निकलना चाहते थे। दारोगा ने रोका तो आरोपी हंगामा करने लगे। हंगामे की सूचना पर पहुंची पुलिस आरोपी भाइयों को हिरासत में लेकर कोतवाली ले आई। जहां शांतिभंग की कार्रवाई की गई। दारुलशफा चौकी इंचार्ज अभिमन्यु सिंह के मुताबिक, रात करीब 9.30 बजे वीआईपी मूवमेंट का अलर्ट पर मेफेयर तिराहे पर कुछ देर के लिए ट्रैफिक रोका गया। तभी व्यापारी प्रशांत मिश्र और शशांक अपनी कार से लगातार हार्न बजाने लगे। दारोगा ने उन्हें वीआईपी मूवमेंट के कारण ट्रैफिक बंद होने की बात कही। इसके बाद ट्रैफिक खुलने पर अभिमन्यु बाइक से जाने लगे। तभी प्रशांत और शशांक ने उन्हें ओवरटेक कर रोकते हुए गाली गलौज किया। इस बीच प्रशांत और शशांक की बहन भी आ गई और अभिमन्यु को गाली देते हुए वर्दी उतरवाने की धमकी दे डाली। दारोगा ने इंस्पेक्टर विक्रम सिंह को सूचना दी। तो कोतवाली से पहुंची अतिरिक्त फोर्स ने प्रशांत और शशांक को हिरासत में लिया। इंस्पेक्टर के मुताबिक, आरोपियों की लालबाग कार बाजार में दुकान है।

### कुकरैल नदी में मिला बुजुर्ग का शव

**अमृत विचार, लखनऊ :** सर्वोदयनगर स्थित कुकरैल नदी में शनिवार को विदेशी कश्यप (76) का शव उतराता मिला। पुलिस के मुताबिक, शुक्रवार सुबह से वह लापता थे, परिजन तलाश कर रहे थे। इंस्पेक्टर गाजीपुर के मुताबिक नदी में शव मिलने की सूचना पर टीम पहुंची। स्थानीय लोगों ने शव की शिनाख्त सर्वोदय नगर निवासी विदेशी कश्यप के रूप में की है। उनके दामाद राजेश कश्यप ने बताया कि विदेशी रोज की तरह शुक्रवार को भी मार्निंग वॉक पर निकले थे लेकिन घर नहीं लौटे। इसके बाद उनकी तलाश शुरू हुई। जब कोई सुराग नहीं मिला तो बेटे दीपक ने गाजीपुर थाने में गुमशुदगी दर्ज कराई। दीपक के मुताबिक, पिता पिछले काफी समय से डिप्रेशन में थे।

### कैश लोडिंग कंपनी के दो कर्मचारियों ने हड़पे 4.20 लाख

**अमृत विचार, लखनऊ :** एटीएम बूथ में कैश लोड करने वाली कंपनी के दो कर्मचारियों ने 4.20 लाख रुपये हड़प लिए। कंपनी के शाखा प्रबंधक ने विभूतिखंड थाने में तहरीर दी। जिसके आधार पर एफआईआर दर्ज कर ली गई है। प्रभारी निरीक्षक विभूतिखंड सुनील कुमार सिंह ने बताया कि अजय कुमार सिंह विभूतिखंड स्थित सीएमएस इंफोसिस्टम के शाखा प्रबंधक हैं। अजय ने तहरीर में बताया कि उनकी कंपनी बैंकों के एटीएम में कैश डालने का कार्य करती है। बीते 29 मई को सेंट्रल बैंक के एक एटीएम में कैश भरने के लिए गाड़ी में लोड किया गया था। कंपनी के कर्मचारी सुल्तानपुर के सुखऊपुर गांव निवासी सचिन यादव व सआदतगंज निवासी मुख्तार अब्बास कैश लेकर एटीएम पहुंचे थे। मगर तकनीकी कमी के कारण लोडिंग नहीं हो पाई और रकम दोबारा कंपनी के वॉलेट में रख दी गई। 6 जून को जब वॉलेट की जांच कि गई एक लाख 72 हजार 500 रुपये गायब थे। 10 जून को दोबारा कैश लोड करने के लिए सचिन व मुख्तार अब्बास एटीएम पहुंचे थे। इस बार भी लोडिंग नहीं हो पाई। ऐसे में कैश कंपनी के वॉलेट में जमा कर दिया गया था। आरोप है कि 11 को जब दोबारा वॉलेट की जांच की गई तो 18 लाख में से 2 लाख 47 हजार रुपये कम मिले। अजय ने दोनों कर्मचारियों पर 4.20 लाख रुपये गबन का आरोप लगाते हुए डीसीपी पूर्वी से शिकायत की। उनके आदेश पर विभूतिखंड पुलिस ने सचिन व मुख्तार अब्बास के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है।



शराब की दुकान के आसपास निरीक्षण कर लोगों को समझाती आबकारी टीम।

### खुले में शराब पीने वालों के खिलाफ अभियान जारी

**अमृत विचार, लखनऊ :** आबकारी टीम का खुले में शराब पीने और पिलाने वालों के खिलाफ अभियान जारी है। इसी क्रम में शुक्रवार देर रात आबकारी टीम ने बुद्धेश्वर चौराहा, बालागंज चौराहा, फरीदीपुर, हैनिमेन चौराहा, कामता तिराहे और कपूरथला के आस-पास के क्षेत्रों का निरीक्षण किया। साथ ही शराब की दुकानों के आस-पास के इलाकों को विशेष रूप से चेक किया गया। अभियान के दौरान आबकारी नियमों का उल्लंघन करने वाले एक व्यक्ति के विरुद्ध अभियोग पंजीकृत कर कार्रवाई की गयी।

### हादसे में जेसीबी मैकेनिक और मजदूर की मौत

**अमृत विचार, लखनऊ :** राजधानी के अलग-अलग क्षेत्र में हुए सड़क हादसे में जेसीबी मैकेनिक और साइकिल सवार मजदूर की मौत हो गई। पुलिस ने दोनों के शव का पंचनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के मुताबिक, लीली खेड़ा गांव निवासी हिमांचल यादव (26) जेसीबी मैकेनिक थे। वह ट्रांसपोर्ट नगर में काम करते थे। पिता सियाराम ने बताया कि बेटा 20 दिन से काम पर नहीं जा रहा था। शुक्रवार शाम गांव के लखेंद्र रावत के साथ बाइक से कहीं गए थे। घटना को लेकर प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि लखेंद्र व हिमांचल डिवाइडर पर बैठकर शराब पी रहे थे। देर रात अज्ञात वाहन की टक्कर से हिमांचल की मौत हो गई। हादसे के बाद डर के कारण लखेंद्र भाग निकला। इंस्पेक्टर अभिनव वर्मा ने बताया घटनास्थल से 100 मीटर पर हिमांचल की चप्पलें, लोवर, गमछा व बाइक की चाबी मिली है। इसके अलावा चिलम, पानी के दो पाउच और शराब का एक पाउच मिला है। इंस्पेक्टर ने बताया कि परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर कार्रवाई की जायेगी। उधर, मोहनलालगंज कोतवाली अंतर्गत कुडौली गांव निवासी मजदूर राजेश रावत (40) शनिवार सुबह वह साइकिल से मजदूरी करने जा रहे थे। गौरा गांव के पास सड़क पार करते समय निगोहां की ओर से आए तेज रफ्तार ट्रक ने रौंद दिया। हादसे में उसकी मौके पर मौत हो गई। दुर्घटना कर मौके से भाग रहे ट्रक चालक को पुलिस ने मोहनलालगंज कस्बे से गिरफ्तार कर लिया है।

# 26 नाबालिगों को आरपीएफ ने कराया मुक्त

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



आरपीएफ द्वारा छुड़वाएं गए नाबालिग। अमृत विचार

- अमृतसर में मजदूरी और नाशपाती का काम करने के लिए ले जाए जा रहे थे नाबालिग

**अमृत विचार :** रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सोमवार को मानव तस्करी में जुटे दो तस्करों को पकड़ा और इनके चंगुल से 26 नाबालिगों को मुक्त कराया। इन बच्चो को बिहार और पूर्वांचल के कई जिलों से मजदूरी के लिए पंजाब के अमृतसर ले जाया जा रहा था। बच्चों की उम्र 10 से 15 वर्ष के बीच है। आरपीएफ ने मुक्त कराए बच्चों को चाइल्ड लाइन भेज दिया है। मानव तस्करी के आरोप में दोनों ठेकेदारों को जेल भेज दिया गया। जिन बच्चो को ट्रेन से छुड़ाया गया है, वे चंदौली, बनारस, जौनपुर और बिहार के भभुआ जिले के हैं।

उत्तर रेलवे लखनऊ के वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त देवांश शुक्ल ने बताया कि इस घटना को देखते हुए जवानों को अधिक सतर्कता बरतने के निर्देश दिये गए हैं। शुक्रवार शाम ट्रेन नंबर 12237 वाराणसी-जम्मूतवी बेगमपुरा एक्सप्रेस लखनऊ स्टेशन के प्लेटफार्म नंबर छह पर शाम 5:15 बजे पहुंची। इस दौरान एंटी ह्यूमन ट्रैफिकिंग यूनिट की टीम, आरपीएफ की टीम और बचपन बचाओ आंदोलन के साथ मुखबिर की सूचना पर इस ट्रेन में छापेमारी की गई।

बेगमपुरा एक्सप्रेस की महिला बोगी के बगल वाले जनरल कोच में एक संदिग्ध व्यक्ति के साथ कुछ नाबालिग बच्चे दिखाई दिए। इन लोगों से आरपीएफ ने पूछताछ की। पता चला कि बच्चे ठेकेदार के साथ अमृतसर में मजदूरी और नाशपाती का काम करने के लिए जा रहे है। आरपीएफ बच्चों को ले जा रहे ठेकेदार से ट्रेन से उतरने के बाद कड़ी पूछताछ की गई। ठेकेदार ने बताया कि सभी बच्चों के माता-पिता और परिजनों को पैसों का लालच देकर और कुछ लोगों को एडवांस धनराशि देकर काम दिलाने के नाम पर ले जाया जा रहा था।

# छात्रा ने बाथरूम में खुद को लगाई आग, मौत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- दो वर्ष से मुस्कान का नूर मंजिल में चल रहा था इलाज

**अमृत विचार :** गोसाईंगंज के अमेठी संजयनगर निवासी कक्षा 9 की छात्रा मुस्कान (17) ने शनिवार सुबह खुद को बाथरूम में बंद कर आग लगा ली। उसे किसी तरह बाहर निकालकर सिविल अस्पताल लेकर गए। जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।

पुलिस के मुताबिक, मुस्कान मानसिक रूप से बीमार थी। गोसाईंगंज के अमेठी संजय नगर निवासी किशोरी मैकेनिक हैं। किशोरी के मुताबिक, उसकी बेटी मुस्कान मानसिक रूप से बीमार थी। दो वर्ष से बेटी का नूर मंजिल में इलाज चल रहा था। शनिवार तड़के 4 बजे पत्नी विद्यावती ने बाथरूम से धुआं निकलता देखा। वह भागकर बाथरूम की तरफ गई तो दरवाजा अंदर से बंद था। आसपास के लोगों की मदद से बाथरूम का दरवाजा तोड़ा तो बेटी आग की लपटों के बीच जल रही थी। किसी तरह आग बुझाकर उसे गोसाईगंज सीएचसी ले गए। जहां डॉक्टरों ने उसे सिविल अस्पताल रेफर भेज दिया। जहां इलाज के दौरान मुस्कान ने दम तोड़ दिया। बेटी मुस्कान को आग की लपटों के बीच घिरा देख घर में कोहराम मच गया। मां विद्यावती यही रट लगाए थी कि बेटी ने यह क्या कर लिया। बेटी का शव देख मां विद्यावती बेसुध हो गई। होश आने पर वह यही रट लगाए थी कि बेटी का इलाज करवा रहीं थी। कुछ समय बाद वह ठीक हो जाती। इतना बड़ा कदम कैसे उठा लिया। इंस्पेक्टर गोसाईगंज ब्रजेश चंद्र तिवारी के मुताबिक पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बिना इलाज किये डॉक्टर पर रुपये हड़पने का आरोप

**अमृत विचार, मलिहाबाद :** रहीमाबाद निवासी पीड़ित ने बिना इलाज पूरा किए डॉक्टर पर रुपये हड़पने का आरोप लगाया है। रुपये वापस मांगने पर डॉक्टर ने धमकी दी। पीड़ित के प्रार्थना-पत्र पर पुलिस आगे की कार्रवाई कर रही है।

इंस्पेक्टर अनुभव सिंह के मुताबिक, ग्राम जगदीशपुर खुर्द निवासी अमन मौर्या ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया बीमार मां सुमन मौर्य को 11 जून को रहीमाबाद गहदों रोड पर स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां डॉक्टर ने एक लाख 20 हजार रुपये नकद व 64 हजार ऑनलाइन जमा कराये थे। इलाज में लापरवाही से मां की हालत गंभीर हो गयी। आरोप है कि इलाज करने वाले डॉक्टर ने मां को दूसरे अस्पताल में यह कहकर भर्ती कराने भेज दिया कि जो बिल होगा वह देंगे। दूसरे अस्पताल में बिल जमा करने की बारी आई तो आरोपी डॉक्टर भाग निकला। इंस्पेक्टर ने बताया मामले की जांच में मिले तथ्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी।

**चोरों का आतंक** — यूपीसीएलडीएफ के सभापति के आवास से लाखों की चोरी

# राजधानी में टूट रहे माननीयों के आवास के ताले

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ



**अमृत विचार :** पुलिस कमिश्नरेट की मुस्तैदी को चोर खुलेआम चुनौती दे रहे हैं। एक तरफ आम लोगों के बंद मकानों के ताले तो लगातार टूट रहे हैं। वहीं, माननीयों के आवास भी इन चोरों के निशाने पर हैं। पिछले पांच दिन के अंदर दो माननीय के आवासों के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों का माल पार कर दिया। इसमें ओसीआर स्थित यूपीसीएलडीएफ (उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी संघ लि.) के सभापति के सरकारी फ्लैट का ताला टूटने का मामला सामने आया है।

सभापति के निजी सचिव ने हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। वहीं, दो दिन पहले भाजपा से राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के भाई हिमांशु के इंदिरानगर स्थित आवास से चोरी हुई थी।

**पहले भी टूटे चुके हैं माननीयों के आवास के ताले :** 15 सितंबर 2023 को इंदिरानगर सेक्टर-9 निवासी भाजपा की महिला विधायक सरोज सोनकर के बंद मकान का ताला तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का माल साफ कर दिया। पड़ोसियों की सूचना पर पहुंचे भतीजे प्रदीप सोनकर ने एफआईआर दर्ज कराई थी। वारदात के समय पार्टी के काम आठ सितंबर को राजस्थान गई थीं।

5 जून 2018 को लखीमपुर खीरी से भाजपा विधायक योगेश वर्मा के आवास में चोरी हो गई। उनको हजरतगंज के डालीबाग इलाके के बहुखंडी मंत्री आवास में फ्लैट आवंटित है। वारदात के समय वह एक मीटिंग में थे। जब वह घर पहुंचे तो आलमारी का ताला टूटा था। लॉकर से एक लाख 26 हजार रुपये, दो कीमती घड़ियां गायब थी।

### ओसीआर बिल्डिंग में सभापति के घर में चोरी

यूपीसीएलडीएफ के सभापति चौधरी यशवीर सिंह का सरकारी आवास ओसीआर बिल्डिंग में है। निजी सचिव सुनील ने हुसैनगंज थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। जिसमें बताया कि आठ जुलाई को दोपहर तीन बजे कर्मचारी सभापति के फ्लैट की सफाई करने पहुंचा तो ताला टूटा हुआ था। मगर, कोई सामान चोरी नहीं हुआ था। कर्मचारियों ने घटना की सूचना सुनील को दी। सुनील ने थाने में शिकायत की। इंस्पेक्टर हुसैनगंज राम कुमार गुप्ता के मुताबिक फ्लैट में लगे सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

### भाजपा सांसद के भाई के घर में चोरी

इंदिरानगर सेक्टर-21 में भाजपा राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी के भाई हिमांशु परिवार समेत रहते हैं। उन्होंने हाल में ही गोमतीनगर में नया मकान बनवाया है। पूरा परिवार तीन महीने पहले वहां चला गया। इंदिरानगर के मकान में ताला बंद था। 11 जुलाई की दोपहर को उनकी पत्नी प्रतिभा पहुंची तो ताला टूटा था। अंदर सामान बिखरा हुआ था। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। जांच कर रही है। एसीपी गाजीपुर विकास जायसवाल के मुताबिक मामले की जांच की जा रही है। सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

# महिला कारोबारी समेत दो घरों से लाखों का सामान चोरी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- बीबीडी व गोमतीनगर की घटनाएं, आरोपियों की पहचान करने के लिए कैमरे खंगाले

**अमृत विचार :** बीबीडी थाना क्षेत्र निवासी एक महिला कारोबारी ने रिपोर्ट दर्ज कराई। बताया कि चोर बंद मकान का ताला तोड़कर गहने और नकदी समेट ले गए। चोरों ने दूसरी वारदात गोमतीनगर क्षेत्र में अंजाम दी। पुलिस मामला दर्ज कर घटना स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल कर आरोपियों की पहचान का प्रयास कर रही है।

बीबीडी पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र के जुग्गौर निवासी कारोबारी रिया खान ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया कि शुक्रवार को मकान में ताला बंद कर बाहर गईं थी। रात में लौटीं तो मकान का ताला टूटा और कमरे में सामान बिखरा मिला। चोर घर से लाखों रुपये के गहने व साढ़े चार लाख रुपये नकद चुरा ले गए। रिया ने बउवा, वीरेंद्र व उसके अन्य साथियों पर चोरी का संदेह जताते हुए शिकायत की। उधर, गोमतीनगर के फतेहपुर निवासी अभिजीत सिंह के मुताबिक, उनके जीजा विनय सिंह भदौरिया मुंबई में निजी कंपनी में काम करते हैं। उनका एक मकान विनीतखंड में है। 11 जुलाई को ब्रोकर जतिन कपूर ने विनय को कमरे में चोरी होने की सूचना दी थी। जीजा के कहने पर अभिजीत पहुंचे तो अलमारी में रखे पांच लाख के गहने व नकदी चोरी होने की जानकारी हुई। अभिजीत ने किरायेदारों पर चोरी की आशंका जताते हुए थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है।

## सार-संक्षेप

### लखनऊ के कौस्तुभ बने चैंपियन



**अमृत विचार, लखनऊ :** राजस्थान के जयपुर स्थित चित्रकूट स्टेडियम में विजयेंद्र कुलकर्णी मेमोरियल ऑल इंडिया रैंकिंग चैंपियनशिप सीरीज-7 अंडर- 16 टूर्नामेंट 8 से 12 जुलाई तक आयोजित किया गया। देश के कई राज्यों से खिलाड़ियों ने यहां पर प्रतिभाग किया। यहां खेले गए युगल के फाइनल में लखनऊ के कौस्तुभ और उनके युगल में पार्टनर पबुवल दर्श (राजस्थान) ने खिताबी जीत दर्ज की। कौस्तुभ और पबुवल ने प्री क्वार्टर फाइनल में जीवेन ओला (राजसथान) और हर्ष भट्ट को 6-1 6-3 को हरा कर क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। इसके बाद राजस्थान के अली खान और अपूर्व जैन की जोड़ी को कौस्तुभ और पबुवल ने 6-3,6-0 शिकस्त दी और सेमीफाइनल में पहुंचे, जहां दूसरी वरीयता प्राप्त कबीर परमार (गुजरता) और अरमान दुआ (दिल्ली) की जोड़ी को 6-3, 6-4 मात देकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल में कौस्तुभ सिंह और पबुवल का मुकाबला प्रथम वरीयता प्राप्त जोड़ी प्रेयांश तंवर (राजस्थान) और अश्विन छिल्लर (राजस्थान) से हुआ। इस मुकाबले में कौस्तुभ ने साथी के साथ के साथ पहला सेट 6-3 से जीता और दूसरा सेट 4-6 से हारने कि बाद फाइनल टाईब्रेक में 10-4 से जीत दर्ज की और चैंपियन बने। कौस्तुभ सिंह प्ले एन फिट टेनिस एकेडमी में कोच मो. उबैद से ट्रेनिंग लेते हैं।



यूनिटी कॉलेज की चैंपियन टीम। अमृत विचार

### कायम अब्बास के खेल से यूनिटी कॉलेज बना चैंपियन

**अमृत विचार, लखनऊ :** लामार्टिनियर कॉलेज के पोलो मैदान पर खेले गए सीआईएससीई जोनल अंडर-17 फुटबॉल प्रतियोगिता के खिताबी मुकाबले में कायम अब्बास जैदी के 2 गोल की मदद से यूनिटी कालेज ने गतवर्ष चैंपियन ला मार्टिनियर कालेज को 2-0 से हराकर चैंपियन बनने का गौरव हासिल किया। इससे पूर्व सेमीफाइनल मैच में यूनिटी कॉलेज ने स्टैला मेरी को 6-0 गोल से हराया। पहला गोल पहले हाफ में कायम अब्बास ने दागा। इसके बाद अमान रिजवी ने हैट्रिक सहित 4 गोल दागकर टीम को फाइनल में पहुंचाया। खिताबी मुकाबला शुरू होते ही कायम अब्बास ने पहले हॉफ के 5वें मिनट में ही लामटीर्नियर की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए मैदानी गोल दागकर टीम को 1-0 की बढ़त दिला दी। पहले हॉफ के अंतिम क्षण 30वें मिनट में कायम अब्बस ने एक बार फिर प्रतिद्वंद्वी टीम के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया और शानदार गोल कर टीम को 2-0 की बढ़त दिलाई। मैच के अंत तक यही स्कोर कायम रहा। कॉलेज के सचिव नजमुल हसन रिजवी और प्रधानाचार्य दीपक मैथ्यूज और स्पोर्ट्स टीचर आमिर अली ने फुटबॉल टीम और जोनल एथलेटिक्स में स्वर्ण पदक जीतने वाले कालेज धावक कायम अब्बास की सराहना की और उन्हें बेहतर प्रदर्शन की शुभकामनाएं दी।

### अच्छे विचारों से ही बदलेगा हमारा जीवन : आचार्य सुप्रभसागर

**अमृत विचार, लखनऊ :** शनिवार की सुबह जैन समाज के गुरु सुप्रभसागर ने जैन समाज के लोगों के साथ सआदतगंज जैन मंदिर से यहियागंज जैन मंदिर पहुंचे। जहां पर दर्शन एवं प्रवचन करने के बाद ढोल नगाड़ों के साथ मेडिकल कॉलेज होते हुए चौक स्थित नेमिनाथ दिगंबर जैन मंदिर में उनका जयकारों से स्वागत किया गया। आचार्य सुप्रभ सागर ने यहां कहा कि जब तक अपने अंदर आप अच्छाइयां नहीं लाएंगे तब तक आपकी बुराइयां आपके बाहर नहीं निकलेंगी। यह इतना आसान नहीं है कि हम कुछ मिनट में अपने जीवन को बदल दें। कुछ हमने पिछले जन्म में अच्छे कर्म किए जिससे हमें मनुष्य का जन्म मिला। गुरु प्राप्त हुए, शास्त्र प्राप्त हुए। उन्होंने कहा कि जितनी सहजता से बुरे विचार हमारे दिलों दिमाग पर हावी होते हैं अगर अच्छे विचार भी आ जाएं तो निश्चित ही आपका जीवन बदल जाएगा। बहुत ज्यादा प्रयास मत करना लेकिन एक प्रयास जरुर करना कि एक अच्छा विचार जो आपके जीवन को बदलने का प्रयास करें।

# कुरान व अहलेबैत को समझे बगैर इस्लाम को समझना नामुमकिन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुहर्रम की छह तारीख आते-आते कर्बला के शहीदों का गम अपने पूरे उरूज पर आ गया है। स्याह लिबासों में अजादार एक इमामबाड़े से दूसरे इमामबाड़े में जाकर मजलिसों में शिरकत कर रहे हैं। विक्टोरिया स्ट्रीट, हुसैनाबाद, दरगाह हजरत अब्बास रोड, काजमैन, सआदत अली खां का मकबरा हर जगह सबीलों का इंतजाम किया गया है। इन सबीलों पर चाय, शर्बत और पानी का इंतजाम है।

इमामबाड़ा गुफरानमआब, इमामबाड़ा आगा बाकर, मदरसा नाजमिया, अफजल महल, सआदत अली खां का मकबरा, आसिफी इमामबाड़ा में बड़ी मजलिसों के आयोजन हो रहे हैं। इमामबाड़ा गुफरानमआब में मौलाना कल्बे जवाद ने कहा कि अगर कोई हदीस और सुन्नत के खिलाफ बात करे तो वह मुसलमान नहीं हो सकता। इमामबाड़ा कसरे हुसैनी में मौलाना मोहम्मद मियां आब्दी ने कहा कि कुरान और अहलेबैत दोनों जरूरी हैं। उन्होंने कहा कि इस्लाम को समझना है तो कुरान और अहलेबैत दोनों को समझना होगा।अकबरी गेट स्थित इमामबाड़ा तकी साहब में मौलाना सैफ अब्बास ने विलायत के मुद्दे पर विस्तार से बात की। गोलागंज स्थित मकबरा आलिया में मौलाना राहिब हसन ने कहा कि हजरत इमाम हुसैन ने अपनी जान कुर्बान कर दी लेकिन यजीद के साथ समझौता नहीं किया।सआदत अली खां के मकबरे में मौलाना कमर हैदर ने कहा कि हर इंसान को अपना किरदार अच्छा बनाना चाहिए क्योंकि मां-बाप जिस रास्ते पर चलते हैं उसका असर उनके बच्चों पर जरूर आता है। इमामबाड़ा आगा बाकर में मौलाना मीसम जैदी ने कहा कि पैगम्बर-ए-इस्लाम ने हजरत अली के बारे में कहा था कि उनके अन्दर तमाम अम्बिया के गुण मौजूद थे। इमामबाड़ा जकी अली खां में मौलाना डॉ. अरशद जाफरी ने कहा कि मोहम्मद और आले मोहम्मद ने दीन की तबलीग तलवार से नहीं किरदार से की।

रौजा-ए- जैनबिया में मौलाना तकी रजा ने कहा कि आले मोहम्मद दुनिया के सबसे बड़े विद्वान थे। इनके अलावा मदरसा नाजमिया में मौलाना हमीदुल हसन, इमामबाड़ा आगा होम्यो में मौलाना अख्तर अब्बास, इमामबाड़ा नवाब अफसर जहां में मौलाना मुर्तजा नासिर सईद, इमामबाड़ा मकसदे हुसैनी में मौलाना रईस काजमी, कर्बला अज्मतुद्दौला मेंहदीगंज में मौलाना फिरोज हुसैन और अलीगंज स्थित हुसैनी बारगाह में मौलाना इब्राहीम कुम्मी ने मजलिसों को खिताब किया।



आग पर चलकर मातम मनाते लोग। अमृत विचार

### आसिफी इमामबाड़े में हुआ आग पर मातम

छठी मुहर्रम की रात को आसिफी इमामबाड़े में आग पर मातम किया गया। हजरत इमाम हुसैन की शहादत के बाद यजीदी फ़ौज की तरफ से जलाए गए खेमों की याद में आग पर मातम किया जाता है। बड़ी संख्या में अजादार दहकती हुई आग से या हुसैन के नारे बुलंद करते हुए गुजर गए। आग पर मातम करने वालों में नौजवान भी थे, बच्चे भी और बुजुर्ग भी। हाथों में अलम लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने आग पर मातम किया। इस मौके पर इमामबाड़े के बाहर सबील का इंतजाम किया गया था।




अली असगर का फ़कीर बना बच्चा।

### यौमे अली असगर मनाया गया

इमामबाड़ा गुफरानमआब में शनिवार को यौमे अली असगर मनाया गया। हजरत इमाम हुसैन के छह महीने के बेटे हजरत अली असगर की याद में हुए यौमे अली असगर की मजलिस को फातिमा जवाद नकवी ने खिताब किया।

### आसां खुदा के फज़ल से मुश्किल तमाम हो

इमामबाड़ा नाजिम साहब में इदारा-ए-तहफ्फुज-ए-मर्सियाख्वानी की ओर से पहली मुहर्रम से चल रही मर्सियाख्वानी की छठी मजलिस को वाराणसी से आये अब्बास इर्तेजा कानी ने खिताब किया। उन्होंने मीर अनीस का मर्सिया पेश किया। हज़रत अली अकबर के हाल का मर्सिया सुनकर लोगों की आंख नम हो गई।

# दूसरे दिन भी छाए मेजबान, 4 स्वर्ण पदक जीते

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**उत्तर प्रदेश राज्य ताइक्वांडो चैंपियनशिप**

- **साई लखनऊ व साई रायबरेली को 2-2 स्वर्ण**

**अमृत विचार :** मेजबान लखनऊ के खिलाड़ियों ने 40वीं सब जूनियर, 8वीं कैडेट, 42वीं जूनियर व 41वीं सीनियर क्योरगी व आठवीं पूमसे ताइक्वांडो चैंपियनशिप के दूसरे दिन शनिवार भी शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए चार स्वर्ण पदक अपने नाम किए।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ की देखरेख में लखनऊ जिला ताइक्वांडो संघ द्वारा केडी सिंह बाबू स्टेडियम के बहुउद्देश्यीय हाल में आयोजित चैंपियनशिप में दूसरे दिन साई लखनऊ व साई रायबरेली के खिलाड़ियों ने 2-2 स्वर्ण पदक जीते। आज मथुरा, आगरा, बिजनौर, यूपी पुलिस को भी एक-एक स्वर्ण पदक मिले। दूसरे दिन खेले गए मुकाबलों में लखनऊ ने 4 स्वर्ण, 3 रजत व 6 कांस्य पदक अपने नाम किए। लखनऊ के खिलाड़ी अब तक 12 स्वर्ण, 8 रजत व 10 कांस्य पदक के साथ सबसे आगे चल रहे हैं।

उत्तर प्रदेश ताइक्वांडो संघ के सचिव राजकुमार ने बताया कि दूसरे दिन की स्पर्धाओं में मथुरा की विशाखा, बिजनौर के अभिषेक कुमार, लखनऊ के हर्ष जोशी, अनिका चौहान, उर्वशी, कृष्णा वर्मा, आगरा की आरती शर्मा, यूपी पुलिस के ऋषि राय, साई रायबरेली के शनि कुमार व विनीत कुमार एवं साई लखनऊ की सानिया खान, सुमित सिंह ने स्वर्ण पदक जीते। आज की स्पर्धाओं में बालिका जूनियर अंडर-46 किग्रा भार वर्ग में मथुरा की विशाखा ने स्वर्ण, आगरा की चित्रा ने रजत एवं चंदौली की श्रेया कुमारी गुप्ता व लखनऊ की लकी प्रजापति ने कांस्य पदक जीते।

पुरुष सीनियर अंडर-63 किग्रा में बिजनौर के अभिषेक कुमार ने स्वर्ण, साई लखनऊ के उज्जवल कुमार ने रजत एवं देवरिया के हर्ष कुमार यादव व जौनपुर के अनीश कुमार यादव ने कांस्य पदक जीते। पुरुष सीनियर अंडर-68 किग्रा में यूपी पुलिस के ऋषि राय ने स्वर्ण, आगरा के मुनेंद्र कुमार ने रजत एवं गौतमबुद्धनगर के आदर्श राज व वाराणसी के विकास सिंह यादव ने कांस्य पदक जीते।

महिला सीनियर 73 किग्रा से अधिक भार वर्ग में आगरा की आरती शर्मा ने स्वर्ण, देवरिया की प्रियंका कुमारी ने रजत एवं गाजियाबाद की गगनदीप कौर व लखनऊ की रिया श्रीवास्तव ने कांस्य पदक जीते। महिला सीनियर अंडर-57 किग्रा में साई लखनऊ की सानिया खान ने स्वर्ण, लखनऊ की अक्षिता शाह ने रजत एवं गोरखपुर की ऐश्वर्या यादव व आगरा की पूर्ति भदौरिया ने कांस्य पदक जीते। बालक कैडेट अंडर-152 सेमी. में लखनऊ के हर्ष जोशी ने स्वर्ण, प्रयागराज के अयान ने रजत एवं सहारनपुर के आराध्य चौधरी व जालौन के ऋषभ कुमार ने कांस्य पदक जीते। बालिका सब जूनियर अंडर-29 किग्रा में लखनऊ की अनिका चौहान ने स्वर्ण, लखनऊ की सृष्टि कश्यप ने रजत एवं लखनऊ की आयरा मंसूरी व बरेली की दिव्यांशी सिंह ने कांस्य पदक जीते। बालिका सब जूनियर अंडर-26 किग्रा में उर्वशी ने स्वर्ण, पंखुड़ी वर्मा ने रजत एवं आराध्या वर्मा व लक्ष्मी चौधरी (सभी लखनऊ) ने कांस्य पदक जीते।

बालक जूनियर अंडर-73 किग्रा में साई रायबरेली के शनि कुमार ने स्वर्ण, साई लखनऊ के बृजेश कुमार पाल ने रजत एवं लखनऊ के अर्पित सिंह व गाजियाबाद के अनिरुद्ध भाटी ने कांस्य पदक जीते। बालक जूनियर अंडर-68 किग्रा में साई रायबरेली के विनीत कुमार ने स्वर्ण, आगरा के हर्षित बघेल ने रजत एवं गोंडा के कार्तिक शर्मा व बरेली के शुभम रौतेला ने कांस्य पदक जीते। बालक जूनियर 63 किग्रा में साई लखनऊ के सुमित सिंह ने स्वर्ण, सहारनपुर के राहुल मलिक ने रजत एवं बरेली के मोहम्मद अहमद व देवरिया के शुभम यादव ने कांस्य पदक जीते।

# भाषा विवि और लविवि में प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय में विभिन्न विषयों की प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया। परीक्षा के दौरान कुलपति ने परीक्षा कक्षों में जाकर निरीक्षण भी किया।

भाषा विवि में दो पालियों में परीक्षाओं के आयोजन हुए। विवि प्रवक्ता डॉ. रुचिता सुजय चौधरी ने बताया कि बी फार्मा, डी फार्मा, एमटेक, एमबीए, एमसीए, बीसीए, बीबीए एवं बीटेक प्रवेश परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली में कुल 300 अभ्यर्थियों में से 161 ने परीक्षा दी। वहीं द्वितीय पाली में कुल 696 में 498 अभ्यर्थियों ने लिखित प्रवेश परीक्षा दी।

प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद ने बताया कि आज की प्रवेश परीक्षा का परिणाम 15 जुलाई को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर घोषित कर दिया जाएगा। परीक्षार्थी www.kmclu.ac.in पर लॉगिन करके अपना परिणाम देख सकते हैं। उधर, परीक्षा आयोजन के दौरान कुलपति प्रो. एनबी सिंह ने परीक्षा कक्षों का निरीक्षण किया। इस दौरान प्रवेश समन्वयक प्रो. एहतेशाम अहमद, प्रो. सौबान सईद, नीरज शुक्ल, डॉ. वसी अहमद आजम अंसारी की अहम भूमिका रही।

### 8 विषयों की परीक्षा आयोजित

विवि प्रवक्ता ने बताया कि विश्वविद्यालय अपने सभी कोर्स के लिए समर्थ पोर्टल के माध्यम से प्रवेश दे रहा है। इस कड़ी में 8 विषयों के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन किया गया।

**लविवि में बीबीए और एलएलबी परीक्षाओं का आयोजन :** लखनऊ विश्वविद्यालय में बीबीए परीक्षा आयोजित की गई। प्रथम पाली बीबीए परीक्षा में 75 फीसद छात्र उपस्थित रहे। दूसरी परीक्षा एलएलबी इंटीग्रेटेड रही। इसमें 80 फीसद छात्र उपस्थिति रहे

# दोहरे पदक के करीब लखनऊ की अर्णवी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लखनऊ की अर्णवी पाठक ने धमाकेदार प्रदर्शन करते हुए एक लाख की इनामी राशि वाले अंडर-13 द्वितीय योनेक्स सनराइज यूपी स्टेट मेजर बैडमिंटन चैंपियनशिप में दोहरे स्वर्ण पदक के करीब पहुंच गई हैं। उन्होंने बालिका एकल व युगल के सेमीफाइनल में जीत दर्ज करते हुए फाइनल में जगह बनाई है।

बीबीडी यूपी बैडमिंटन अकादमी में खेली जा रही चैंपियनशिप में शनिवार को प्री क्वार्टर फाइनल, क्वार्टर फाइनल और सेमीफाइनल मैच खेले गये। बालिका अंडर-13 एकल सेमीफाइनल में लखनऊ की अर्णवी पाठक ने मेरठ की गर्विता त्रिपाठी को रोमांचक मैच में 21-12, 21-16 से हराया। दूसरे सेमीफाइनल में नोएडा की वान्या चौधरी ने मेरठ की मान्या सिंह को 19-21, 21-9, 21-19 से हराकर जगह बनाई।

बालिका युगल सेमीफाइनल में गर्विता त्रिपाठी और वान्या चौधरी की जोड़ी अर्णवी पाठक व मान्या सिंह की जोड़ी से भिड़ेगी।

बालक एकल सेमीफाइनल में आगरा के अतीक अहमद ने अलीगढ़ के सक्षम पाराशर को 21-19, 21-15 से हरा कर फाइनल में जगह बनाई जहां उनका मुकाबला आगरा के अंकुर प्रताप सिंह से होगा। अंकुर ने लखनऊ के कुशाग्र द्विवेदी को 21-11, 21-17 से हराया।

बालक युगल सेमीफाइनल में आगरा के अतीक अहमद व अंकुर प्रताप सिंह ने कानपुर के कन्दर्प खत्री व शार्दूल खत्री को 21-12, 21-12 से और गुरु गोविंद सिंह स्पोर्ट्स कॉलेज के वर्चस्व सेन व पीलीभीत के वर्धन राज मधूरिया ने आगरा के शौर्य चौधरी व शिवांश सारस्वत को 21-16, 21-17 से हरा कर फाइनल का टिकट हासिल किया।




लखनऊ की अर्णवी ने दिखाया दमदार खेल। अमृत विचार

- **अंडर-13 द्वितीय यूपी स्टेट मेजर बैडमिंटन चैंपियनशिप**
- **बालिका एकल व युगल फाइनल में जगह बनाई अर्णवी ने**

## आयुष के खेल से डीसीए क्लब की जीत

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिलानी क्लब और डीसीए क्लब ने शनिवार को चौक स्टेडियम में खेले गए जिला फुटबॉल लीग के मुकाबलों में जीत दर्ज की और पूरे अंक बटोरे। पहले मैच में मोहित और सौरभ के खेल की बदौलत मिलानी क्लब ने डिवाइन क्लब को 2-1 से हरा दिया। दूसरे मैच में आयुष क्लब ने स्काई क्लब को 2-1 से शिकस्त दी। पहले मैच में मिलानी क्लब और डिवाइन क्लब के बीच जोरदार मुकाबला देखने को मिला। मैच की शुरुआत से दोनों टीमों ने एक-दूसरे पर आक्रमण शुरू कर दिये। पहले हाफ में पहली सफलता मिलानी क्लब को मिली, जब मोहित ने छठें मिनट में डिवाइन क्लब की रक्षा पंक्ति को भेदते हुए बेहतरीन गोल दागा। 20 मिनट बाद ही डिवाइन क्लब ने हिसाब बराबर किया। डिवाइन की ओर से ताहिर अली ने मिलानी क्लब के खिलाड़ियों को छकाते हुए बेहतरीन फील्ड गोल किया और मुकाबला 1-1 की बराबरी पर ला खड़ा किया। दूसरे हाफ में 49वें मिनट में मिलानी क्लब के सौरभ ने शानदार खेल दिखाया।

# मानस, धनन्या, अथर्व और जिया ने जीते दोहरे स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश तैराकी संघ की देखरेख में शनिवार से शुरू हुई 38वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य तैराकी चैंपियनशिप के पहले दिन 12 नये रिकार्ड बने। इसके अलावा अयोध्या के मानस सिंह, अंबेडकरनगर की धनन्या कोडकानी अमेठी के अथर्व सिंह व झांसी की जिया यादव ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दोहरे स्वर्ण पदक जीते।

सरोजनी नगर स्थित भारतीय खेल प्राधिकरण, क्षेत्रीय केंद्र (साई लखनऊ), के तरणताल में आयोजित की जा रही चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि बायोमेडिकल रिसर्च सेंटर के निदेशक, इंस्टीट्यूट ऑफ लाइफ साइंसेज में स्पोर्ट्स प्रमोशनल बोर्ड के अध्यक्ष प्रो. आलोक धवन (सीएसआईआर के पूर्व निदेशक) ने किया।

ग्रुप -3 के बालिका वर्ग में दिव्या चौहान ने 100 मी. बैक स्ट्रोक में 01 मिनट 32.60 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकार्ड बनाते हुए स्वर्ण जीता। इस वर्ग में साई लखनऊ की परी तिवारी ने रजत और बरेली की अनुश्री करमाकर ने कांस्य पदक जीता।

ग्रुप -3 के बालिका 50 मी.फ्री स्टाइल में गाजियाबाद की श्रीजा सिंह ने 00:34.80 सेकंड के समय के साथ नया मीट रिकार्ड बनाया। इस वर्ग में दूसरे स्थान पर रही दिव्या चौहान ने 00:35.06 सेकंड के समय के साथ पिछले प्रदर्शन में सुधार करते हुए नया मीट रिकार्ड बनाया।

ग्रुप-4 बालक 50 मी.फ्री स्टाइल में अयोध्या के मानस सिंह ने 00:34.75 सेकंड के समय के साथ पहले व बुलंदशहर के नक्षत्र सिंह ने 00:35.00 सेकंड के समय के साथ नये मीट रिकार्ड बनाए। इस वर्ग में पीलीभीत के दक्ष पाण्डेय तीसरे स्थान पर रहे।

इसके बाद बालक 200 मी.आईएम के ग्रुप 4 में मानस सिंह ने 03:15.90 सेकंड के समय के साथ पहले व नक्षत्र सिंह ने 03:21.48 सेकंड के समय के साथ नये मीट रिकार्ड बनाए।

बालक 100 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप 3 में लखनऊ स्पोर्ट्स हास्टल के राज यादव ने 01:19.44 सेकंड के समय के साथ, बालक 100 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप 1 गौतमबुद्ध नगर के वेदांत चंद्रा ने 01.03.25 के समय के साथ और बालिका 100 मी.बैक स्ट्रोक में झांसी की जिया यादव 01.08.41 के समय के साथ नए मीट रिकार्ड बनाते हुए स्वर्णिम सफलता हासिल की।

पहले दिन हुई विभिन्न स्पर्धाओं में अंबेडकरनगर की धनन्या कोडकानी ने बालिका ग्रुप-1 के 100 मी.बैक स्ट्रोक में और 200 मी.आईएम में, अमेठी के अथर्व सिंह ने बालक ग्रुप टू 800 मी.फ्री स्टाइल व 50 मी.फ्री स्टाइल और झांसी की जिया यादव ने बालिका ग्रुप टू के 50 मी.फ्री स्टाइल व 100 मी.बैक स्ट्रोक के ग्रुप में स्वर्ण जीते।




विजेता खिलाड़ियों को किया गया सम्मानित। अमृत विचार

- **38वीं सब-जूनियर और 53वीं जूनियर उत्तर प्रदेश राज्य तैराकी चैंपियनशिप**


## कार्यालय नगरपालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

संख्याः-770 / न0पा0 परि0अ0/2024-25 दिनांकः 2.07.2024

**अत्यल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण / फर्मो/ठेकेदारों/विक्रेताओं को सूचित किया जाता है कि इस निकाय द्वारा वन महोत्सव के दृष्टिगत वृक्षों के सुरक्षा के लिए ट्री-गार्ड साइज (लम्बाई 6 फिट व चौड़ाई 16 इंच रंगाई व लिखाई सहित) आपूर्ति लिया जाना है, जिसकी आपूर्ति / क्रय आवश्यकतानुसार समय समय पर लिया जायेगा। ट्री-गार्ड की आपूर्ति वित्तीय वर्ष 2024-25 (31 मार्च 2025 तक) के लिए दर अनुबंध हेतु सीलबंद निविदायें दिनांक-20.07.2024 को शाम 03: 00 बजे तक सीलबंद निविदा बाक्स में आमंत्रित की जाती है, जो उसी दिन शाम 03:30 बजे फर्मो/ठेकेदारों के उपस्थित / अनुपस्थिति में अधोहस्ताक्षरी द्वारा खोली जायेगी। निविदा प्रपत्र की बिक्री दिनांक-19.07.2024 को समय 04: 00 पी0एम0 तक 1000.00 रू0 नगद मूल्य पर कार्यालय नगर पालिका परिषद अकबरपुर-अम्बेडकरनगर से की जायेगी। उपरोक्त तिथियों में अवकाश की दशा में निविदा की बिक्री एवं प्राप्ति अगले कार्य दिवस में की जायेगी।

**मुख्य शर्ते :-**

1. जी0एस0टी0 पंजीयन एवं पैनकार्ड की प्रति संलग्न करना अनिवार्य है।
2. निविदा के साथ 50,000.00 (पचास हजार रू0 मात्र नकद जमा करना अथवा एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0 / टी0डी0आर0, जो अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका परिषद अकबरपुर के पदनाम से बंधन हो, संलग्न करना अनिवार्य है।
3. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त अनुबंध कराने की जिम्मेदारी निविदादाता की होगी।
4. ट्री-गार्ड की आपूर्ति कार्यालय नगर पालिका परिषद अकबरपुर में करना अनिवार्य है, इस हेतु किसी अन्य प्रकार का शुल्क देय नहीं होगा।
5. निविदा बिना कारण बताये स्वीकृत / अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा।
6. अन्य नियम व शर्तो की जानकारी कार्यालय से किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है।
7. कार्य संतोषजनक होने तथा धनराशि की उपलब्धता के आधार पर ही भुगतान किया जायेगा।

**अधिशाषी अधिकारी**
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

**अध्यक्ष**
नगर पालिका परिषद
अकबरपुर-अम्बेडकरनगर

# मधुमेह रोगियों के लिए वरदान टामी-एटकिन्स प्रजाति का आम

## आम महोत्सव के दूसरे दिन उमड़ी भीड़, रंग-बिरंगे आमों की खूबियां जानने को बेकरार दिखे लोग

राज्य ब्यूरो, लखनऊ





टामी-एटकिन्स आम


सन्सेसन आम



आम महोत्सव में लगाए गए स्टालों पर आम की प्रजातियों की जानकारी लेते लोग।

**अमृत विचार :** उद्यान व कृषि निर्यात राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आम महोत्सव के दूसरे दिन शनिवार को लगभग 30 हजार से अधिक लोगों ने प्रदर्शनी का आनंद उठाया। मधुमेह रोगियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही आम की टामी-एटकिन्स प्रजाति आम महोत्सव में आकर्षण का केन्द्र बन रही है। साथ ही आम की सेन्सेशन प्रजाति अपने रंग एवं आकार के कारण जन-मानस को आकर्षित कर रही है।

उद्यान मंत्री ने बताया कि महोत्सव में आम स्टॉल से विभिन्न प्रजातियों में मल्लिका, आम्रपाली, हुस्ने-ए-आरा, अम्बिका, अरूणिमा, चौसा, लगंड़ा, दशहरी, रामकेला आदि के कलमी पौधों का क्रय किया जा रहा है। बच्चों के लिए आम खाने की प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उन्होंने बताया कि अरूणिका, पूसा अरूणिमा, अम्बिका, पूसा सूर्या, पूसा लालिमा, पूसा पीताम्बरा आदि आम की रंगीन किस्मों को देखकर किसान उत्साहित दिखे तथा स्टॉलों पर पहुंच कर आम को चख कर रसास्वादन भी किया गया।

दिनेश प्रताप सिंह ने बताया कि आम उत्पादन, उत्पादकता, प्रसंस्करण एवं विपणन, और निर्यात सम्बन्धी जानकारी उपलब्ध कराने के लिए तकनीकी सत्र का भी संचालन संपन्न हुआ। सत्र में विशेषज्ञों द्वारा आम की फसल के पोस्ट हार्वेस्ट मैनेजमेंट, वैरायटी संरक्षण एवं क्राप इंप्रवूमेंट, जलवायु परिवर्तन के परिप्रेक्ष्य में संरक्षित खेती की महत्ता बताया गया। साथ ही सहफसली खेती, आम में पोषक तत्वों की व्यवस्था और आम के निर्यात हेतु फाइटोसाइनेट्री मानक एवं ग्रेडिंग, पैकेजिंग पर चर्चा की गयी।

## प्रश्नपत्र लीक मामले में आरोपियों की लोकेशन का पता चला

**अमृत विचार, लखनऊ :** आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में उप्र. एसटीएफ को चार अन्य आरोपियों की लोकेशन का पता चला है। बताया जा रहा है कि दो आरोपियों की लोकेशन बिहार, तो दो आरोपियों की लोकेशन मध्य प्रदेश की मिली है। एसटीएफ की अलग-अलग टीमें लोकेशन वाले जिलों में पहुंच गई हैं।

मालूम हो कि आरओ-एआरओ परीक्षा प्रश्नपत्र लीक मामले में अब तक एसटीएफ और उप्र. पुलिस द्वारा लगभग एक सैकड़ा आरोपियों की गिरफ्तारी की जा चुकी है। इनकी संपत्तियों की कुर्की की तैयारी भी शुरू कर दी गई है।

## सार-संक्षेप

### नटवाडीह किले पर खनन और अतिक्रमण के खिलाफ धरना

**अमृत विचार, लखनऊ/सरोजनीनगर :** महाराजा बिजली पासी के पिता महाराज नाथावन पासी का बिजनौर स्थित नटवाडीह किला उप्र राज्य पुरातत्व विभाग की ओर से संरक्षित है। किले में खनन, कब्जे के विरोध में शनिवार को पासी एका मोर्चा ने किले पर धरना प्रदर्शन किया ।सूचना पर पहुंचीं सरोजनी नगर एसडीएम फल्गुनी सिंह को ज्ञापन देकर खनन पर रोक और कब्जे हटवाने की मांग की। मोहनलालगंज के पूर्व विधायक अम्बरीश पुष्कर और लोकजन शक्ति पार्टी महिला प्रकोष्ठ की कमला कुमारी मौजूद रहीं।


सरोजनीनगर एसडीएम को ज्ञापन देते पासी एका मोर्चा के पदाधिकारी।

### नालियों में जमी सिल्ट और घास, ग्रामीण परेशान

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** सरोजनीनगर ब्लॉक स्थित भटगांव के मजरा रसूलपुर गांव में जिम्मेदारों की लापरवाही के कारण कई माह से नालियों की सफाई नहीं की गई। आलम यह है कि नालियों की सफाई न होने से उनमें सिल्ट और घास की समस्या बन आई है। ग्रामीणों ने बताया कि सराजु मेडिकल स्टोर के सामने करीब 150 मीटर आरसीसी नाली में भयंकर गंदगी और जल भराव की हालत बनी हुई है। राजवीर के घर से नरेश के घर तक नाली पूरी तरह चोक पड़ी है। ग्रामीणों के मुताबिक, उन्होंने इसको लेकर कई बार संबंधित जिम्मेदारों से शिकायत की। लेकिन जिम्मेदारों पर इसका कोई फर्क नहीं पड़ा।

### निगम से नाराज लोगों ने लगाया धन्यवाद का बोर्ड

**अमृत विचार, सरोजनीनगर :** नगर निगम विभाग की लापरवाही के कारण सरोजनीनगर प्रथम वार्ड स्थित गौरी बाजार के बहुत बुरे हालात हैं। यहां सड़क किनारे जगह-जगह कूड़े का ढेर लगा हुआ है। करीब एक माह पहले सफाई के लिए खोला गया नाल दोबारा अभी तक नहीं ढका गया है। इससे नाराज स्थानीय लोगों ने कूड़े के ढेर के पास नगर निगम और स्थानीय पार्षद को धन्यवाद का बोर्ड तक लगा दिया है। स्थानीय लोगों का कहना है कि करीब एक माह पहले गौरी बाजार में कानपुर रोड किनारे नाले की सफाई को लेकर नगर निगम विभाग द्वारा जगह-जगह उसके पत्थर हटाकर नाले की सफाई तो कर दी गई, लेकिन कंक्रीट युक्त पत्थरों से ढके नाले के ढक्कनों से उसे दोबारा नहीं बंद किया गया।


धर्म रक्षा संघ की बैठक को संबोधित करते पदाधिकारी। अमृत विचार

### धर्म रक्षा संघ ने की जनसंख्या नियंत्रण क़ानून की मांग

**अमृत विचार, लखनऊ :** चौक के कला कोठी घाट स्थित हनुमान मंदिर में धर्म रक्षा संघ ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाकर उसे तुरंत लागू करने की मांग की है। संघ के प्रदेश अध्यक्ष पंडित मोहित शर्मा ने कहा कि बढ़ती जनसंख्या को रोकने के लिए भारत सरकार को जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाना चाहिए। नगर अध्यक्ष आचार्य राजेश कुमार शुक्ला ने कहा कि भारत की जनसंख्या लगभग 140 करोड़ से भी अधिक हो गई है। संघ के महामंत्री पंडित नीरज अवस्थी ने कहा देश की जनसंख्या देश की मौजूदा स्थिति से बहुत गंभीर हो गई है। इस अवसर पर चौक समाचार पत्र वितरक कल्याण समिति के अध्यक्ष एवं संघ के मीडिया प्रभारी प्रदीप कुमार वर्मा एवं धर्म रक्षा संघ से जुड़े हुए सभी पदाधिकारी एवं क्षेत्रवासी शामिल हुए. कार्यक्रम में मुख्य रूप से पंडित अंकुर दीक्षित, पवन निषाद, बलदेव शर्मा, गोपाल नाथ शर्मा, संजय अवस्थी, दिलीप सैनी, आचार्य महामाया दत्त पाराशर, गौरव गुप्ता, नितिन मेहरोत्रा, शिवा अवस्थी, कृष्णा मिश्रा, पंडित कपिल कुमार पांडे शामिल हुए।

# घरों में दौड़ा हाईवोल्ट करंट, फुंके कई उपकरण, किशोरी झुलसी

## ग्रामीणों ने लाइनमैन पर लगाया लापरवाही बरतने का आरोप

संवाददाता, सरोजनीनगर

**अमृत विचार :** बनी उपकेंद्र से जुड़े भटगवां पांडेय में रेलवे लाइन पार बने घरों में शुक्रवार को हाईवोल्टेज करंट दौड़ गया। इससे धमाके के साथ उपकरण फुंकने लगे। सबमर्सिबल पंप बंद करते समय करंट की चपेट में आकर एक किशोरी झुलस गई। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने लाइन सही की। ग्रामीणों ने लाइनमैन के गलत लाइन जोड़ने से वोल्टेज हाई होने का आरोप लगाया है।

बंथरा के बनी पावर हाउस से जुड़े भटगवां पांडेय गांव के पास रेलवे लाइन के दूसरी ओर छह परिवार रहते हैं। इन लोगों के घरों में 10 केवीए विद्युत ट्रांसफार्मर से कनेक्शन दिया गया है। शुक्रवार को ट्रांसफार्मर में तकनीकी खराबी होने से इन घरों की बिजली आपूर्ति पूरे दिन ठप रही। आरोप है कि शाम को लाइनमैन ने ट्रांसफार्मर की खराबी ठीक करके गलत लाइन जोड़ दी। सभी घरों में हाई वोल्टेज का करंट दौड़ गया और धमाके के साथ उपकरण फुंकने लगे। डरे सहमे लोग घरों से बाहर भागे। मनोज के घर का सबमर्सिबल पंप अपने आप चालू हो गया। मनोज की बेटी मानसी (16) स्टार्टर बंद करते समय करंट की चपेट में आ गई। इससे उसका हाथ झुलस गया। लल्लन, सुरेश और ज्ञानेंद्र आदि के घरों के तमाम उपकरण फुंक गए। सूचना पर पहुंचे लाइनमैन ने आनन-फानन खराबी ठीक की, तब स्थिति सामान्य हुई। इस संबंध में गहरु पावर हाउस के उपखंड अधिकारी आफताब आलम ने बताया कि इंटरनल फॉल्ट की वजह से वोल्टेज हाई हो गया होगा। एक ही घर में वोल्टेज हाई हुआ है। जांच की जा रही है। अवर अभियंता संदीप कुमार ने लाइनमैन पर लगे आरोप गलत बताए हैं। उपभोक्ता संजू ने हाईवोल्टेज से उपकरण फुंकने की सूचना दी थी। लाइनमैन को भेजकर समस्या का समाधान करा दिया गया है।


करंट से झुलसी किशोरी। अमृत विचार

### ब्रेकडाउन से 50 हजार की आबादी अंधेरे में

**अमृत विचार, निगोहां :** निगोहां विद्युत सबस्टेशन की 33 केवी लाइन में शनिवार को ब्रेकडाउन हो गया। देर शाम तक आपूर्ति शुरू नहीं की जा सकती थी। इससे 50 हजार उपभोक्ताओं के सामने संकट खड़ा हो गया है। शुक्रवार को भी 5 घंटे बिजली गुल रही थी। आए दिन घंटों बिजली आपूर्ति ठप होने से परेशान उपभोक्ताओं में आक्रोश पनप रहा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि शुक्रवार सुबह लगभग 11 बजे बिजली गुल हो गई। शाम 4 बजे तक आपूर्ति शुरू हो पाई। शनिवार दोपहर 11 बजे फिर से 33 केवी लाइन के ब्रेकडाउन हो गया। देर शाम तक आपूर्ति शुरू नहीं हो पाई थी। उपभोक्ताओं का आरोप है कि जुलाई में अभी तक दर्जनों बार 33 हजार लाइन ब्रेकडाउन हो चुकी है। हर बार 9 से 10 घंटे तक बिजली गुल रहती है ।पवार हाउस की 33 हजार लाइन में सिंगल सोर्स से सप्लाई की जा रही है। इस कारण ज्यादा दिक्कत है। अवर अभियंता सचिन श्रीवास्तव ने बताया कि निगोहां सबस्टेशन की हाईटेंशन लाइन दोपहर 11 बजे ब्रेकडाउन हुई। लेसा की टीम ने पेट्रोलिंग कर डेस्क पंचर होना कारण बताया। जल्द ही बिजली आपूर्ति बहाल की जाएगी।

### भाजपा के पास पीडीए की पाजिटिव पॉलटिक्स का जवाब नहीं : अखिलेश

**अमृत विचार, ,लखनऊ :** सपा के अखिलेश यादव ने कहा है कि सपा की पीडीए की नीति आम जनता को उसका हक़ दिलवाने वाली, जनता का कल्याण करने वाली, शोषण-उत्पीड़न से रक्षा करनेवाली, संविधान-आरक्षण को बचाने वाली है। साथ ही पिछड़े-दलितों-अल्पसंख्यकों- आदिवासियों-आधी आबादी और अगड़ों में भी उत्पीड़ितों को प्रभुत्ववादियों के अत्याचार से बचाने वाली है। इसके विपरीत भाजपा के पास, पीडीए की पाजिटिव पॉलटिक्स का कोई जवाब नहीं है। इसीलिए भाजपा के लोगों में हड़बड़ाहट है।

अखिलेश यादव ने कहा, पीडीए-किसान, मज़दूर, महिला, युवा, कारोबारी, नौकरीपेशा, दुकानदारों और बाक़ी सबका भी ख्याल रखने वाली समाज के हर वर्ग और तबके को जोड़ने वाली सामुदायिक राजनीति का नया युग शुरू करनेवाली सकारात्मक राजनीति का नया इतिहास लिखने वाली नीति है।


**उत्तर रेलवे**

आज़ादी का अमृत महोत्सव

**निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक (संकेत एवं दूरसंचार) उत्तर रेलवे, लखनऊ मंडल, लखनऊ द्वारा निर्धारित निविदा प्रपत्रों पर निम्नलिखित कार्य हेतु अनुभवी एवं स्थापित सक्षम ठेकेदारों द्वारा ई-निविदायें सिंगिल पैकेट सिस्टम द्वारा आमंत्रित की जाती है।

| | |
|---|---|
| निविदा सं. | 106-टेली / टेंडर / 03 / 2024-25 |
| कार्य का नाम | महाकुंभ-2025 के दौरान प्रयाग, प्रयाग घाट संगम तथा फाफामऊ स्टेशनों पर एकीकृत यात्री सूचना प्रणाली का प्रावधान। |
| अनुमानित लागत | रु. 3,98,58,303.00/- |
| निविदा प्रपत्र की कीमत | शून्य |
| धरोहर राशि | रु. 3,49,300.00/- |
| कार्य पूरा करने की अवधि | 270 दिन |
| निविदा दस्तावेज जमा करने की अन्तिम तिथि एवं समय | 05.08.2024 15:30 Hrs |
| वेबसाइट विवरण एवं नोटिस बोर्ड का स्थान जहां निविदा दस्तावेजों को देखा जा सकता है। | www.ireps.gov.in वरिष्ठ सिगनल एवं दूरसंचार अभियंता कार्यालय / मं.रे.प्र. कार्यालय परिसर / उत्तर रेलवे / लखनऊ |

ठेकेदारों को ई-निविदा सिस्टम में भाग लेने के लिए भारतीय रेलवे की वेब साइट www.ireps.gov.in के अंतर्गत पंजीकृत होना अनिवार्य है। • समस्त नियम एवं शर्ते निविदा प्रपत्र में देखी जा सकती है। • मैनुउल निविदाये स्वीकृत नहीं की जायेंगी। • निविदा प्रपत्र एवं बयाना धनराशि का भुगतान सिर्फ नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे द्वारा स्वीकृत की जायेंगी।

निविदा सू. सं.- 106-टेली / टेंडर / 03 / 2024-25 दिनांक 12.07.2024 2145/24

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ


# पात्रों ने पूछा, तब तक मिलेंगे पीएम आवास के आवंटन पत्र

कार्यालय संवाददाता लखनऊ

▸▸ आवास विकास ने वृंदावन योजना कार्यालय में लगाया समाधान शिविर

**अमृत विचार :** वृंदावन योजना कार्यालय में लगे आवास विकास परिषद ने समाधान शिविर में आवास के लिए चयनित लोगों ने पूछा एक साल हो गए, आवास के आवंटन पत्र कब मिलेंगे। संबंधित अधिकारी ने बताया कि योजनाओं में अभी कार्य अधूरे हैं, इसलिए आवंटन पत्र जारी नहीं किए जा रहे हैं।

मोहनलालगंज के कनकहा और इन्दिरा नगर के अनौरा कला में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत भवनों का निर्माण कराया जा रहा है। दोनों योजनाओं में आवास के लिए पात्रों को चिह्नित किया गया है। शनिवार को आवास विकास की वृंदावन योजना में लगाए गए शिविर में आवास के लिए चयनित लोग भी पहुंचे थे। इन लोगों से अधिकारियों से पूछा कि पात्र घोषित हुए एक वर्ष से ज्यादा हो चुका है, लेकिन आवंटन पत्र अभी तक नहीं मिले हैं। इस संबंध में उप आवास आयुक्त हिमांशु गुप्ता ने सम्बंधित अधिकारियों ने बताया कि योजना के आंतरिक कार्य पूरे कर दिए हैं। अन्य विभागों की ओर से सड़क, सीवर लाइन, पानी और बिजली का काम अधूरा है। आवंटन पत्र जारी होने के बाद कब्जा देना पड़ेगा, इसलिए सम्पत्ति कार्यालय की ओर से आवंटन पत्र जारी नहीं किए गए हैं।

### अवध विहार योजना के आवंटियों ने पूछा, कैसे मिलेगा कब्जा

आवास विकास की अवध विहार योजना में बने प्रधानमंत्री आवास के कई आवंटी शिविर में पहुंचे। इनमें कई आवंटी डिफाल्टर हो चुके हैं। उन्होंने समय पर किश्त नहीं जमा की है। आवंटियों ने अधिकारियों से कहा कि उन्हें मकान पर कब्जा लेने के लिए क्या करना पड़ेगा। इस पर सम्पत्ति प्रबंधक ने बताया कि पूरा पैसा जमा करके रजिस्ट्री कराने के बाद मकान पर कब्जा दिया जाएगा। आवंटियों की सुविधा के लिए बैंकों द्वारा ऋृण की सुविधा के लिए शिविर लगाया गया हैं।


**कार्यालय नगर पालिका परिषद लखीमपुर-खीरी (उ0प्र0 262701)**

पत्रांक: 160/जमनिर्माण/एम0बी0एल0/2024-25 दिनांक 12.07.2024

**पुन : ई-निविदा आमंत्रण सूचना**

राज्य सेक्टर के 'सीवरेज एवं जल निकासी' योजना के अन्तर्गत स्वायत्त निकाय/पब्लिक सेक्टर विभाग / राज्य सरकार / केन्द्र सरकार/अन्य सरकारी विभाग में विभिन्न श्रेणी में कार्य की लागत के सीमा के अनुरूप निविदादाताओं से ई-टेण्डरिंग के माध्यम से निर्माण/विकास कार्यो हेतु दिनांक 12.07.2024 सायं 05:00 बजे से दिनांक 19.07.2024 सायं 05:00 बजे तक प्रतिशत दर के आधार पर ई-निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक निविदादाता बेवसाइट http://etender.up.nic.in के माध्यम से निम्न विवरणानुसार निविदा में प्रतिभाग कर सकते है।

1. बेवसाइट पर बिड डाक्यूमेन्ट की उपलब्धता की तिथि- 12.07.2024 सायं 05:00 बजे से
2. ई-निविदा के माध्यम से निविदा प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि- 19.07.2024 सांय 05:00 बजे तक
3. ई-निविदा के माध्यम से टेक्निकल बिड निविदा खोलने की तिथि- 20.07.2024 प्रात: 10:00 बजे
4. फाइनेन्शियल बिड टेक्निकल बिड स्वीकृत होने के उपरान्त खोली जायेगी।

निविदा आमंत्रणकर्ता को आईटीबी के क्लॉज 10 के अनुसार परिशिष्ट / शुद्धि पत्र जारी करने का अधिकार है जो किसी भी समाचार पत्र में प्रकाशित नही किया जायेगा। सभी सम्भावित निविदादाताओं को सलाह दी जाती है कि वह नियमित रूप से ई-निविदा पोर्टल पर निगरानी रखे। अधिक जानकारी व शर्तो के लिए कृपया बेवसाइट http://etender.up.nic.in एवं www.npplakhimpur.in पर लॉगिन करें तथा बिड डाक्यूमेन्ट को डाउनलोड करें।

**संजय कुमार**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद,**
**लखीमपुर।**

**डा0 इरा श्रीवास्तव**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद,**
**लखीमपुर।**



**कार्यालय अधिशासी अभियन्ता**
**अ0अनुरक्षण खण्ड नं0-3, (सिविल), लो0नि0वि0, लखनऊ।**

पत्रांक:-1252/टेन्डर/2024 दिनाँक:-03.07.2024

**निविदा सूचना**

1. महामहिम राज्यपाल उत्तर प्रदेश की ओर से अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3,(सिविल) लो0नि0वि0, लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यो का प्रतिशत दर निविदा आमंत्रित की जाती है। निम्नलिखित कार्यो के लिये लोक निर्माण विभाग श्रेणी-ए0,बी0,सी0 एवं डी0 में भवन कार्य के पंजीकृत निविदा दाता ही निविदा डालने के योग्य होगें।

| क्र0 स0 | जिला | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख में) | धरोहर धनराशि (रू0 में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य रू0 में | कार्य पूर्ण करने की अवधि | अधिशासी अभि0 का पता | अधीक्षण अभि0 का पता | मुख्य अभि0 का पता | जिला अधिकारी का पता |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | अधिशासी अभियन्ता, अनु0 खण्ड नं0-3 (सिविल), लो0नि0वि0 लखनऊ | अधीक्षण अभि, 39वां वृत्त, लो0 नि0वि0, लखनऊ | मुख्य अभियन्ता (भवन) लो0नि0वि0 लखनऊ | जिला अधिकारी लखनऊ |
| 2 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 3 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 4 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 5 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 6 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 7. | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 8. | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 9. | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 10 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 11 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 12 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित ए-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 13 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 14 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के भूतल से सातवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 15 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 16 | लखनऊ | विधायक निवास-3(ओ0सी0आर0) स्थित बी-ब्लाक के आठवी से चौदहवी मंजिल तक के आवासों में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 3.50 | 0.35 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 17 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 18 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 19 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-सी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 20 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-डी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 21 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-इ। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 22 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ए। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 23 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-बी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 24 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-सी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 25 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-डी। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 26 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में विभिन्न मरम्मती कार्य ग्रुप-ई। | 3.00 | 0.30 | 770.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 27 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 28 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 29 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-सी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 30 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के बेसमेन्ट से तल संख्या-05 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-डी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 31 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-ए। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 32 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-बी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 33 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-सी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |
| 34 | लखनऊ | इन्दिरा भवन के तल संख्या-06 से 10 तक में आन्तरिक रंगाई पुताई का कार्य ग्रुप-डी। | 2.50 | 0.25 | 680.00 | 90 दिन | तदैव | तदैव | तदैव | -तदैव- |

2. निविदा प्रपत्र सम्बन्धित अधिशासी अभियन्ता, अधीक्षण अभियन्ता एवं जिनका विवरण तालिका के कॉलम 8, 9, में है, के कार्यालय से निर्धारित मूल्य देकर प्रत्येक कार्य दिवस में 11 बजे से अपरान्ह 4 बजे तक दिनांक-23.07.2024 से 29.07.2024 तक नगद अथवा डिमाण्ड ड्राफ्ट जो किसी राष्ट्रीयकृत बैंक द्वारा निर्गत हो, अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, द्धसिविलत्र लो0नि0वि0, लखनऊ को देय होगा, से क्रय की जा सकती है। इच्छुक निविदाकर्ता अधिक जानकारी सम्बन्धित कार्यालय से प्राप्त कर सकते है। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र प्राप्त करने के लिये अतिरिक्त धनराशि रू0 500/- देकर प्राप्त की जा सकती है तथा इसके लिये दिनांक-29.07.2024 सायं 4 बजे तक अनुरोध स्वीकार किया जायेगा। निविदा आमंत्रित करने वाले अधिकारी डाक में देरी के लिये जिम्मेदार नहीं होगें। निविदा प्रपत्र विभागीय वेबसाइट www.uppwd.nic.in से डाउनलोड की जा सकती है और इसकी लागत रू0 500/-के डिमाण्ड ड्राफ्ट जो कि अधिशासी अभियन्ता, अ0अनुरक्षण खण्ड-3, द्धसिविलत्र लो0नि0वि0, लखनऊ के पक्ष में देय होगा, आवश्यक रूप से निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न की जायेगी। निविदा प्रपत्र जैसाकि उक्त तालिका में उल्लेख किया गया है कि कार्यालय में दिनांक-30.07.2024 के अपरान्ह को 12:30 बजे तक जमा की जा सकती है। जिनको उसी कार्य दिवस में दिनांक-30.07.2024 को 2:00 बजे जिला अधिकारी लखनऊ के कार्यालय में जैसा कि स्तम्भ 11 में वर्णित हैं, इच्छुक निविदाकर्ता की उपस्थिति में खोली जायेगी।

3. निविदा के नियम व शर्ते निविदा प्रपत्र के साथ संलग्न रहेगी।

UP - **217139** **दिनांक** 05/07/2024
**विज्ञापन वेबसाइट** www.up.gov.in
**पर उपलब्ध है।**

**अधिशासी अभियन्ता**
**अ0अनुरक्षण खण्ड-3(सिविल)**
**लो0नि0वि0, लखनऊ।**

# छत्तीसगढ़ के सीएम ने मंत्रिमंडल के साथ रामलला के दर्शन किए

**अमृत विचार, अयोध्या :** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय शनिवार को अपने मंत्रिमंडल के सदस्यों के साथ अयोध्या पहुंचे। सभी ने हनुमानगढ़ी और रामलला का दर्शन पूजन किया।

पत्रकारों से बात करते हुए मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ माता कौशल्या की नगरी है। प्रभु राम का ननिहाल है। उन्होंने कहा कि राम का आशीर्वाद लेने के लिए मंत्रिमंडल के साथ अयोध्या आया हूं। रामलला से यही प्रार्थना है की छत्तीसगढ़ हमेशा खुशहाल रहे।



रामलला के दर्शन के जन्मभूमि परिसर में मौजूद छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री विष्णु देव साय व उनकी कैबिनेट के मंत्री। अमृत विचार

# ज्वैलरी की दुकान से गहने चुराने वाली महिला गिरफ्तार

**अमृत विचार, लखनऊ:** कैसरबाग पुलिस ने ज्वैलरी की दुकान में धोखाधड़ी कर चोरी करने वाले आरोपी को शनिवार को गिरफ्तार किया। इंस्पेक्टर के मुताबिक, अरसलान सुल्तान निवासी नजीराबाद की दुकान से एक महिला चेन चोरी कर ले गई। आरोपी की पहचान निम्मी वैश्य निवासी ओम शान्ती स्वरूप मृदहा टोला, थाना कोतवाली नगर, बदांयू के रूप में हुई।

# साइबर क्राइम सेल ने फर्जी दरोगा दबोचा

## कृष्णानगर इलाके की युवती की बहन को नौकरी दिलाने के नाम पर ऐंठे 50 हजार रुपये

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार :** साइबर क्राइम सेल की टीम ने शनिवार दोपहर को कृष्णानगर के भोलाखेड़ा से फर्जी दरोगा से गिरफ्तार किया है। उसने इलाके की रहने वाली युवती से दरोगा बनकर दोस्ती की। उससे प्रेम संबंध बनाए और शादी का झांसा दिया। यहीं नहीं उसकी बहन को नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये भी ऐंठ लिए। युवती ने शादी का दबाव बनाया तो दिल्ली ट्रांसफर होने की बात कही। संदेह होने पर युवती ने साइबर क्राइम सेल में शिकायत की थी। कृष्णानगर पुलिस आरोपी दरोगा के खिलाफ विधिक कार्रवाई कर रही है।

साइबर क्राइम सेल प्रभारी सतीश साहू के मुताबिक पकड़ा गया आरोपी मूलरूप से आजमगढ़ का रहने वाला सत्यम तिवारी है। कृष्णानगर इलाके की रहने वाली युवती ने कुछ दिन पहले शिकायत की थी। उसने बताया कि भोलाखेड़ में रहने वाला युवक खुद को उत्तर प्रदेश पुलिस में दरोगा बताया। नाम अतुल सिंह बता रहा है। अपनी तैनाती साइबर क्राइम सेल में बताई। उसकी मदद करने के बहाने से नजदीकी बढ़ाई। इस दौरान बहन को नौकरी दिलाने के नाम पर 50 हजार रुपये भी ले लिए। जब युवती ने उससे शादी के लिए दबाव बनाया तो पहले तो टालमटोल करता रहा। इसी बीच उसने बताया कि उसका ट्रांसफर दिल्ली साइबर क्राइम सेल हो गया। युवती को संदेह हुआ। युवती तलाश करती हुई हजरतगंज थाने में स्थित साइबर क्राइम सेल ऑफिस पहुंची।

प्रभारी निरीक्षक सतीश साहू को पूरी जानकारी दी। सतीश साहू ने उसके मोबाइल नंबर को ट्रैस किया तो कृष्णानगर इलाके भोलाखेड़ स्थित सुभाषनगर में लोकेशन मिली। शनिवार शाम को साइबर क्राइम सेल और कृष्णानगर पुलिस की टीम ने दबिश देकर आरोपी को पकड़ लिया। उससे पूछताछकी जा रही है।



फर्जी दरोगा सत्यम तिवारी

### नवंबर 2022 में बरेली से जा चुका है जेल

पुलिस के मुताबिक पकड़ा गया सत्यम तिवारी का दरोगा बनकर युवती से प्रेम संबंध बनाना और रुपये ऐंठने का मामला नया नहीं है। इसके पहले भी वह इस तरह का कारनाम कर चुका है। 17 नवंबर 2022 को उसे बरेली पुलिस ने महिला वकील से दोस्ती कर शादी का झांसा देने के मामले में गिरफ्तार किया था। पुलिस के मुताबिक सत्यम ने महिला वकील से तीन दिन पहले फेसबुक पर दोस्ती और उसके सामने शादी का प्रस्ताव रखा। शादी की बात करने वर्दी पहनकर महिला वकील के घर पहुंच गया। महिला वकील को संदेह होने पर उसने सीआरपीसी की धाराएं पूछी तो वह उसकी बोलती बंद हो गई थी। सत्यम ने खुद को 2019 बैच का दरोगा बताया। महिला वकील को बताया कि उसकी तैनाती हजरतगंज थाने में है। शादी की बात करने के लिए महिला वकील ने परिवार के साथ आने को कहा। उसने महिला वकील को बताया कि उसके मां–पिता की कार हादसे में मौत हो गई। मामा ने पाला है।

# महत्वपूर्ण सूचना

## कांवड़ मेला – 2024 के लिए विशेष व्यवस्था (22.07.2024 से 19.08.2024)

कांवड़ मेला–2024 के दौरान कांवड़ियों की सुविधा के लिए उत्तर रेलवे द्वारा कुछ नामित रेल सेवाओं को हरिद्वार तक विस्तार करने, कांवड़ विशेष रेलगाड़ियों का संचालन करने और वर्तमान में संचालित की जा रही, कुछ रेलगाड़ियों को अस्थायी ठहराव प्रदान करने का निर्णय लिया गया है, जिनका विवरण निम्नानुसार है:–

### रेलगाड़ी संख्या 04465/04466 दिल्ली–शामली–दिल्ली डीईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार

| रेलगाड़ी सं. 04465 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04465 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04466 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04466 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:00 | दिल्ली | 09:25 | – |
| 22:50 | 22:55 | शामली | 06:25 | 06:30 |
| 23:20 | 23:22 | थाना भवन टाउन | 05:25 | 05:27 |
| 23:44 | 23:46 | रामपुर मनिहारान | 05:02 | 05:04 |
| 00:15 | 00:17 | टपरी | 04:46 | 04:48 |
| 00:56 | 00:58 | रूड़की | 04:17 | 04:19 |
| 01:38 | 01:40 | ज्वालापुर | 03:15 | 03:17 |
| 01:55 | – | हरिद्वार | -- | 03:05 |

चलने की तिथि: **04465 दिल्ली** से 21.07.2024 से 03.08.2024 और **04466 हरिद्वार** से दिनांक 22.07.2024 से 04.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।

### रेलगाड़ी संख्या 04403/04404 दिल्ली–सहारनपुर–दिल्ली एमईएमयू का हरिद्वार तक विस्तार

| रेलगाड़ी सं. 04403 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04403 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04404 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04404 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 16:25 | दिल्ली | 08.45 | – |
| 20:50 | 21:10 | सहारनपुर | 03:40 | 04:20 |
| 21:48 | 21:50 | रूड़की | 02:53 | 02:55 |
| 22:25 | 22:27 | ज्वालापुर | 02:10 | 02:12 |
| 22:50 | – | हरिद्वार | -- | 02:00 |

चलने की तिथि: **04403 दिल्ली** से 22.07.2024 से 03.08.2024 और **04404 हरिद्वार** से दिनांक 23.07.2024 से 04.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।

### मेला विशेष रेलगाड़ियों का निम्न समय सारणी के अनुसार संचालन

### रेलगाड़ी संख्या 04322/04321 मुरादाबाद–लक्सर–मुरादाबाद मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04322 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04322 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04321 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04321 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 07:15 | – | लक्सर | – | 12:00 |
| – | 04:15 | मुरादाबाद | 15:15 | -- |

चलने की तिथि: **04322 मुरादाबाद** से और **04321 लक्सर** से दिनांक 22.07.2024 से 19.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, नगीना, धामपुर, स्योहारा और कांठ स्टेशन।

### रेलगाड़ी संख्या 04324/04323 हरिद्वार–दिल्ली–हरिद्वार मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04324 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04324 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04323 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04323 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 15:45 | हरिद्वार | 04:25 | – |
| 20:50 | – | दिल्ली | – | 22:00 |

चलने की तिथि: **04324 हरिद्वार** से और **04323 दिल्ली** से दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव:** ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, मुजफ्फरनगर, मेरठ सिटी और गाजियाबाद स्टेशन।

### रेलगाड़ी संख्या 04330/04329 योग नगर ऋषिकेश–दिल्ली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04330 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04330 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04329 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04329 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 11:00 | – |
| 04:15 | – | दिल्ली | – | 04:45 |

चलने की तिथि: **04330 योग नगरी ऋषिकेश** से और **04329 दिल्ली** से दिनांक 29.07.2024 से 02.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, रुड़की, सहारनपुर, शामली और दिल्ली शाहदरा स्टेशन।

### रेलगाड़ी संख्या 04372/04371 योग नगर ऋषिकेश–लखनऊ–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04372 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04372 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04371 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04371 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | – |
| 11:15 | – | लखनऊ | – | 11:45 |

चलने की तिथि: **04372 योग नगरी ऋषिकेश** से और **04371 लखनऊ** से दिनांक 06.08.2024 से 19.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद, रामपुर, बरेली और शाहजहांपुर स्टेशन।

### रेलगाड़ी संख्या 04370/04369 योग नगर ऋषिकेश–बरेली–योग नगर ऋषिकेश मेला विशेष रेलगाड़ी

| रेलगाड़ी सं. 04370 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04370 प्रस्थान | स्टेशन | रेलगाड़ी सं. 04369 आगमन | रेलगाड़ी सं. 04369 प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| – | 20:35 | योग नगरी ऋषिकेश | 23:00 | – |
| 05:15 | – | बरेली | – | 15:50 |

चलने की तिथि: **04370 योग नगरी ऋषिकेश** से और **04369 बरेली** से दिनांक 03.08.2024 से 05.08.2024 तक।
**स्थान :** सामान्य।
**ठहराव :** रायवाला, मोतीचूर, हरिद्वार, ज्वालापुर, लक्सर, बालावाली, मुअज्ज़मपुर नारायण, नजीबाबाद, मुरादाबाद और रामपुर स्टेशन।

### दिनांक 22.07.2024 से 03.08.2024 तक रेलगाड़ियों का अस्थाई ठहराव

| रेलगाड़ी संख्या एवं नाम | फ्रीक्वेंसी | अस्थाई ठहराव | समय–सारणी आगमन | समय–सारणी प्रस्थान |
|---|---|---|---|---|
| 14113 सुबेदारगंज – देहरादून एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 10:43 | 10:45 |
| | | मोतीचूर | 11:04 | 11:06 |
| | | रायवाला | 11:14 | 11:16 |
| 14114 देहरादून – सुबेदारगंज एक्सप्रेस | प्रतिदिन | रायवाला | 14:15 | 14:17 |
| | | मोतीचूर | 14:34 | 14:36 |
| | | ज्वालापुर | 15:15 | 15:17 |
| 14309 उज्जैन – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14310 देहरादून – उज्जैन एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14317 इन्दौर – देहरादून एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 14318 देहरादून – इन्दौर एक्सप्रेस | सप्ताह मे दो दिन | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 19565 ओखा – देहरादून एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 15:53 | 15:55 |
| | | मोतीचूर | 17:00 | 17:02 |
| | | रायवाला | 17:35 | 17:37 |
| 19566 देहरादून – ओखा एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 22659 कोच्चुवेली – योग नगरी ऋषिकेश सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | ज्वालापुर | 12:08 | 12:10 |
| | | मोतीचूर | 12:45 | 12:47 |
| | | रायवाला | 13:00 | 13:02 |
| 22660 योग नगरी ऋषिकेश – कोच्चुवेली सुपरफास्ट एक्सप्रेस | साप्ताहिक | रायवाला | 07:08 | 07:10 |
| | | मोतीचूर | 07:24 | 07:26 |
| | | ज्वालापुर | 07:52 | 07:54 |
| 14610 श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा – योग नगरी ऋषिकेश हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 06:48 | 06:50 |
| | | मोतीचूर | 07:20 | 07:22 |
| 14609 योग नगरी ऋषिकेश – श्री माता वैष्णो देवी कटड़ा हेमकुण्ड एक्सप्रेस | प्रतिदिन | ज्वालापुर | 18:31 | 18:33 |

### दिनांक 22.07.2024 से 19.08.2024 तक रेलगाड़ी का अस्थाई ठहराव

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 04303 बरेली–दिल्ली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 23:36 | 23:38 |
| 04304 दिल्ली–बरेली स्पेशल एक्सप्रेस | प्रतिदिन | कांकाठेर | 02:40 | 02:42 |

विस्तृत जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 डायल करें अथवा रेलगाड़ी पूछताछ वेबसाइट www.enquiry.indianrail.gov.in देखें।

रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139
रेलमदद वेबसाइट देखें:– www.railmadad.indianrailways.gov.in
रेलमदद ऐप डाउनलोड करें

पर हमें फॉलो करें | आज़ादी का अमृत महोत्सव

उत्तर रेलवे
सदैव आपकी सेवा में
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# मुंबई में तेजी से विकसित हो रही मेट्रो प्रणाली : मोदी

▸▸ प्रधानमंत्री ने कहा- 200 किमी मेट्रो नेटवर्क पर काम चल रहा है

संवाददाता, नई दिल्ली

**अमृत विचार :** प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को मुंबई में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्र से जुड़ी 29,400 करोड़ रुपये से अधिक की कई परियोजनाओं का शिलान्यास और लोकार्पण किया। इस मौके पर प्रधानमंत्री ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए मुंबई और आस-पास के क्षेत्रों के बीच सड़क और रेल संपर्क को बेहतर बनाने के लिए 29,400 करोड़ से अधिक की कई परियोजनाओं की आधारशिला रखी।

उन्होंने कहा कि मुंबई में मेट्रो प्रणाली तेजी से विकसित हो रही है, क्योंकि मेट्रो लाइन निर्माण की लंबाई एक दशक पहले के 8 किलोमीटर से बढ़कर आज 80 किलोमीटर हो गई है। 200 किलोमीटर मेट्रो नेटवर्क पर काम चल रहा है। प्रधानमंत्री मोदी ने छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और नागपुर स्टेशन के पुनर्विकास का जिक्र करते हुए कहा कि भारतीय रेलवे के बदलाव से मुंबई और महाराष्ट्र को बड़ा फायदा हो रहा है।

उन्होंने कहा, आज छत्रपति शिवाजी टर्मिनस और लोकमान्य तिलक स्टेशन पर नए प्लेटफॉर्म राष्ट्र को समर्पित किए गए, जिससे 24 कोच लंबी ट्रेनें वहां से चल सकेंगी। उन्होंने कहा कि गोरेगांव मुलुंड लिंक रोड परियोजना प्रकृति और प्रगति का एक बेहतरीन उदाहरण है। ठाणे बोरीवली ट्विन टनल परियोजना से ठाणे और बोरीवली के बीच की दूरी कुछ मिनटों तक सीमित हो जाएगी।



कार्यकर्ता को अंगवस्त्र पहनाते राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा। अमृत विचार

# मतदाताओं और कार्यकर्ताओं ने दिलाई जीत, केंद्र में बनी सरकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** कार्यकर्ताओं ने घर-घर जाकर मतदाताओं को जागरुक किया और उनको मतदान केंद्रों तक लाने के लिए कड़ी मेहनत की। कार्यकर्ताओं-मतदाताओं की वजह से तीसरी बार जीत मिली और केंद्र में सरकार बनी।

ऐशबाग रामलीला ग्राउंड के मतदाता अभिनंदन कार्यक्रम में उक्त बात राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा ने कही। उन्होंने कहा कि कार्यकर्ता 2027 के लिए अभी से जुट जाएं और पूर्ण बहुमत की सरकारें बनवाएं। महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने कहा कि कार्यकर्ता संयमित कर्मठ और ऊर्जावान है। राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा और महानगर अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं और मतदाताओं पर पुष्प वर्षा की। कार्यक्रम में मध्य विधानसभा के उपविजेता रजनीश गुप्ता, नगर निगम के उपसभापति गिरीश गुप्ता, पार्षद मुकेश मोंटी, मंडल अध्यक्ष आनंद पांडे, मंडल अध्यक्ष राकेश सिंह मौजूद रहे।

# नाटक से बताया गलत तरीके से धन कमाना खराब

**अमृत विचार, लखनऊ :** विजय बेला थियेटर ग्रुप और सफर फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में शनिवार को संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में नाटक अनभिज्ञ का मंचन किया गया। मोहम्मद अनवर बेग द्वारा लिखित और चन्द्रभाष सिंह द्वारा निर्देशित यह नाटक गलत तरीके से पैसा कमाने वालों के अंजाम को दिखाता है।

नाटक की शुरुआत में दो सगे भाइयों की एक ही समय पर अलग-अलग जगह पर हत्या हो जाती है। करण और किशन नाम के इन भाइयों की मां अलग-अलग हैं लेकिन पिता एक ही हैं। दोनों भाइयों की मुलाकात के बाद अजीबोगरीब घटनाएं शुरू हो जाती हैं। कभी घर में डाकू घुस आते हैं तो कभी पुलिस आ जाती है। भाइयों के साथ मारपीट की घटनाएं होती हैं। नाटक में रहस्य भी है और रोमांच भी।

नाटक में चन्द्रभाष सिंह, ब्रजेश कुमार चौबे, पिंटू यादव, अग्नि सिंह, अजय कुमार, जूही कुमारी, कृष्ण कुमार पाण्डेय, आशीष सिंह, सुन्दरम मिश्रा, निहारिका कश्यप, प्रखर चतुर्वेदी, शशांक शुक्ला और रोहन गंगवार ने उल्लेखनीय भूमिकाएं निभाईं।


## वर्ग पहेली-130

**बाएं से दाएं**

1. छिछला, उथला, कम गहरा।
3. दे. मंझोला।
4. हलवाई।
6. 1. पाला–पोसा हुआ 2. पाला जाने वाला
7. 1. गीलापन दूर होना 2. जलहीन होना, जल न रहना 3. रस आदि से रहित होना 4. उदास होना 5. रोग
8. 1. घोड़े या गधे के पैर का निचला भाग जो ज़मीन पर पड़ता है, सुम 2. घोड़े के चलने पर उसके सुम से होने वाली आवाज़ 3. किसी खंभे या चारपाई के पाए का ज़मीन पर टिका हुआ भाग 4. मुरगियों को बंद करके रखने का टोकरा या खांचा।

**ऊपर से नीचे**

2. स्फटिक, रवा, (क्रिस्टल)।
3. जो कत्ल कर डाला गया हो।
5. ज़ोर से हंसने की ध्वनि, तीव्र हंसी का स्वर 2. हीनता या तुच्छता को प्रदर्शित करते हुए हंसना। (मु.) –करना : निर्लज्जतापूर्वक हंसना।
6. 1. विष्ठा, मल 2. गंदी और त्याज्य वस्तु।



### वर्ग पहेली -129 का हल

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| ■ | 1 घा | घ | ■ | ■ | ■ |
| 2 च | ■ | ■ | 3 ब | ख | री |
| ट | ■ | ■ | ल | ■ | ■ |
| 4 प | छ | ता | वा | ■ | 5 अ |
| टा | ■ | ■ | ई | ■ | बा |
| ■ | 6 व | ■ | ■ | ■ | दा |
| 7 पॉ | लि | टी | शि | य | न |

## सुडोकू -43

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | 9 | | | 2 | | |
| | 8 | | 5 | | 7 | | | 4 |
| | 1 | | | 6 | 2 | | | 7 |
| | | 1 | 2 | | 8 | 9 | | 6 |
| | 9 | | | | | | 5 | |
| 6 | | 4 | 3 | | 9 | 7 | | |
| 5 | | | 6 | 7 | | | 1 | |
| 3 | | | 1 | | 4 | | 8 | |
| | | 9 | | | 5 | | | |

### सुडोकू -42 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 4 | 6 | 2 | 8 | 1 | 3 | 7 | 9 | 5 |
| 8 | 7 | 3 | 5 | 9 | 6 | 1 | 2 | 4 |
| 5 | 9 | 1 | 7 | 4 | 2 | 6 | 8 | 3 |
| 2 | 3 | 7 | 6 | 8 | 9 | 4 | 5 | 1 |
| 1 | 5 | 8 | 2 | 7 | 4 | 3 | 6 | 9 |
| 9 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 | 8 |
| 6 | 1 | 4 | 9 | 2 | 5 | 8 | 3 | 7 |
| 7 | 2 | 5 | 1 | 3 | 8 | 9 | 4 | 6 |
| 3 | 8 | 9 | 4 | 6 | 7 | 5 | 1 | 2 |

## आज का भविष्यफल
-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 14 जुलाई रविवार 2024 संवत–2081, शक संवत 1946 मास–आषाढ़, पक्ष–शुक्ल पक्ष, तिथि–अष्टमी 17 .25 तक तत्पश्चात नवमी।

**मेष** – आज कार्यक्षेत्र में योजनाबद्ध रूप से कार्य संचालन करना शुभ रहेगा। साझेदारी के रूप में व्यापार करने के योग बन सकते हैं। आजीविका क्षेत्र में कार्यरत व्यक्तियों को अपने सहयोगियों के साथ तालमेल युक्त व्यवहार करने से नई आशा की किरण जागेगी।

**वृष** – आज नौकरी करने वाले लोगों को उच्च अधिकारियों से मार्गदर्शन एवं सानिध्य प्राप्त होगा। दूसरों के द्वारा परेशानियां बढ़ सकती हैं। व्यवसाय क्षेत्र में कार्यरत लोगों को अपने व्यवहार में अधिक सकारात्मकता लाने की कोशिश करनी चाहिए।

**मिथुन** – आज बहुराष्ट्रीय कंपनियों में कार्यरत लोगों को पदोन्नति प्राप्त होगी। रोजगार की तलाश पूरी होगी। विद्यार्थी वर्ग को विद्या अध्ययन से संबंधित कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। समाज में मान सम्मान बढ़ेगा।

**कर्क** – आज सरकारी नौकरी में संलग्न लोगों को पदोन्नति मिलने के संकेत प्राप्त हो रहे हैं। उच्च अधिकारियों से घनिष्ठता बढ़ेगी। नए मित्र बनेंगे। व्यवसाय करने वाले लोगों को समयबद्ध तरीके से कार्य करने से सफलता प्राप्त होगी।

**सिंह** – आज कोर्ट–कचहरी के मामले में सफलता प्राप्त होगी। किसी पुराने विवाद से छुटकारा मिलेगा। संतान की ओर से अपेक्षित सुख सहयोग प्राप्त होगा। नवीन उद्योग अथवा व्यापार शुरू करने की योजना सफल होगी।

**कन्या** – आज आपको धार्मिक कार्यक्रमों में सम्मिलित होने का मौका मिलेगा। वैवाहिक संबंध मधुर रहेंगे। परिवार में कोई मांगलिक कार्यक्रम संपन्न हो सकता है। रोजगार की तलाश पूरी होगी। कोई महत्वाकांक्षा पूरी हो सकती है।

**तुला** – आज व्यापार में अपनी सूझबूझ से कोई बड़ी सफलता हासिल करेंगे। बौद्धिक कार्यों में लोगों को सरकार से लाभ प्राप्त होगा। खेल, प्रतियोगिता में आपको कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ेगा। परिवार में आपके निर्णय की सराहना होगी।

**वृश्चिक** – आज नौकरी में अधीनस्थ व उच्च अधिकारियों से तालमेल अच्छा रहेगा। व्यापार में नए सहयोगी बनेंगे। बौद्धिक कार्य को अपने सहयोगियों से विशेष सहयोग के सानिध्य मिलेगा। समाज में आपके उज्ज्वल चरित्र के प्रशंसा चारों तरफ होगी।


**धनु** – आज शत्रु गुप्त नीति से हानि पहुंचाने का प्रयास करेंगे। आप अपनी बुद्धि से परिश्रम से कठिन परिस्थितियों का सामना करने में सफल होंगे। किसी अधूरे कार्य के पूरे होने से आपके मनोबल में वृद्धि होगी। शासन सत्ता का लाभ मिलेगा।

**मकर** – आज लंबी दूरी की यात्रा पर जाना पड़ सकता है। व्यवसाय करने वाले लोगों को व्यर्थ तनाव का सामना करना पड़ सकता है। नीतिगत रूप से निर्णय लेने से लाभ की संभावनाएं रहेंगी। अपनी व्यक्तित्व समस्याओं के प्रति अधिक जागरूक रहने की आवश्यकता रहेगी।

**कुंभ** – आज भूमि के कार्य में संलग्न लोगों को कड़ी प्रतिस्पर्धा का सामना करना पड़ सकता है। अपनी कार्य योजना का विरोधियों के सामने खुलासा न करें। महत्वपूर्ण कार्य में सफलता के संकेत प्राप्त होंगे। किसी पुराने मित्र से मुलाकात होगी।

**मीन** – आज नवीन व्यवसाय करने की कार्य योजना बनेगी। बनते–बनते कार्यों में बाधा आ सकती हैं। अत: सजगता पूर्वक कार्य करें। विरोधी पक्ष की गतिविधियों पर ध्यान रखें, वह हानि पहुंचा सकते हैं। सत्ता शासन में बैठे किसी उच्च पदस्थ व्यक्ति से घनिष्ठता बढ़ेगी।

## आज का पंचांग




**दिशाशूल**–पश्चिम। **ऋतु**–वर्षा।
चन्द्रबल–मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल–भरणी, रोहिणी, मृगशिरा, आर्द्रा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, स्वाति, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, शतभिषा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र– चित्रा 22 .06 तक तत्पश्चात स्वाती।

## आज की फिल्में

B4U Movies
**धड़कन** सुबह : 10 .43
**क्रांति** रात : 07 .00

&pictures
**फुकरे 3** सुबह : 11 .13
**बधाई दो** रात : 08 .00

Sony Pix
**अनचार्टेड** सुबह : 11 .09
**ओलिम्पस हेज फॉलेन** रात : 09 .00

Zee Cinema
**रक्षाबंधन** दोपहर : 12 .00
**आरआरआर** रात : 08 .30

Colors Cineplex
**बू** सुबह : 10 .30
**दृश्यम 2** शाम : 05 .32

### आज की सुपरहिट फिल्म



जी सिनेमा पर रात : 08 .30 बजे

## जोक्स ऑफ द डे

एक कंजूस लड़के को कंजूस लड़की से प्यार हो गया।
लड़की– जब पिताजी सो जाएंगे तो मैं सिक्का फेंकूंगी। तुम आवाज सुनकर ऊपर आ जाना लड़की सिक्का फेंकती है, पर लड़का ऊपर नहीं आता एक घंटे बाद जब लड़का आया तो लड़की पूछती इतनी देर कहां लगा दी?
लड़का–अरे मैं तो सिक्का ढूंढ रहा था।
लड़की–अरे पागल वो तो धागा बांधकर फेंका था। वापिस खींच–खींच लिया।

पत्नी मायके से वापिस आई तो उसका पति जोर–जोर से हंसने लगा।
पत्नी– ऐसे क्यों हंस रहे हो?
पति– बुजुर्गों ने कहा है जब भी मुसीबत को देखो उसका सामना हंसते हुए करो।

# प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना

प्रत्यक्ष पर्यावरण प्रकृति की संरचना है। भारत के प्राचीन काल में भी प्राकृतिक पर्यावरण की उपस्थिति मनमोहक थी। प्रकृति को देखते, उसके विषय में सोचते और सुनते मनुष्य ने भी सृजन कर्म में जाने अनजाने भागीदारी की। आज का भारत हमारे पूर्वजों, अग्रजों के सचेत कर्मों का परिणाम है। मनुष्य द्वारा किए गए सुंदर सत्कर्म संस्कृति हैं। प्रकृति स्वाभाविक है,लेकिन संस्कृति मनुष्य की रचना है। संक्षेप में विश्व के प्रत्येक जीव की लोकमंगल कामना और उसके लिए किए गए कर्म संस्कृति है। संस्कृति किसी एक व्यक्ति या समूह के कर्मफल का परिणाम नहीं होती।

भारतीय संस्कृति के विकास में विज्ञान और दर्शन की महत्ता है। कोई अंधविश्वास नहीं। रूप, रस, गंध, शब्द और स्पर्श प्रत्यक्ष इंद्रियबोध के हिस्से हैं। पूर्वजों की 'मंगल भवन अमंगल हारी' कर्मठ चेतना से संस्कृति का विकास हुआ। सारांशतः भारत के बुद्धि विवेक और ज्ञान प्रज्ञान का सर्वोत्तम संस्कृति है। राष्ट्र के सभी अंगभूत घटक एक स्वर, एक लय, एक प्रीति, एक छंद और एक रस समरस स्पंदित होकर अपनी संस्कृति गढ़ते हैं। संस्कृति भारत के लोगों के दर्शन, भाषा, धर्म, कला, आशा, संवेदना, अनुभूति, प्रीति, धीरज, साहस संयम और मर्यादा का अंतस है। भारतीय संस्कृति हजारों वर्ष की तपसाधना का सृजन है। मार्शल ने लिखा है कि, "अनेक प्रमाणों में भारत में एक अत्यंत विकसित संस्कृति की उपस्थिति का पता चलता है। इसके पीछे अवश्य ही भारत की धरती का लंबा इतिहास होना चाहिए।"



हृदय नारायण दीक्षित
पूर्व विधानसभा अध्यक्ष उ.प्र.

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अंयत्र नहीं मिलता।

ऋग्वेद दुनिया का प्राचीन शब्द प्रमाण है। प्राचीन समाज का विज्ञान है और तत्कालीन समाज की संस्कृति का दर्पण है। वैदिक साहित्य में सामाजिक संगठन के स्वर्ण सूत्र हैं। यहां दर्शनशास्त्र है। विज्ञान है। योग और भौतिक विज्ञान है। प्राचीन इतिहास में इस भूखंड की आस्था जैसा प्रश्नाकुल दर्शन अन्यत्र नहीं मिलता। यहां आस्था और वैज्ञानिक विवेक साथ-साथ चलते हैं। हिन्दू धर्म में एक साथ तर्क और प्रतिप्रश्न दिखाई पड़ते हैं। यहां धर्म का विकास हुआ है। यह इतिहास बड़ा मजेदार है। पहले प्रकृति का अध्ययन, विवेचन और विश्लेषण। फिर प्रकृति की शक्तियों का आदर। इन्हें देवता कहा गया। प्रकृति में नियमबद्धता देखी गई। वैदिक ऋषियों ने इस नियमबद्धता को मनुष्य के जीवन के लिए मार्गदर्शी व प्रेरक बताया। भारत में इसी सबसे विश्वप्रिय दृष्टिकोण का विकास हुआ। कौटिल्य ने दार्शनिक दृष्टिकोण अपनाकर दुनिया का पहला अर्थशास्त्र लिखा। इसी तरह अभिनय कला के सभी सरोकारों को समझते हुए भरतमुनि ने नाट्यशास्त्र लिखा। चरक ने चरक संहिता और पाणिनि की अष्टाध्यायी और पतंजलि का योगसूत्र हिन्दुओं की ओर से सारी दुनिया के लिए पुरस्कार है।

ब्रिटिश सत्ता के दौरान यूरोपीय सभ्यता को श्रेष्ठ और भारतीय संस्कृति को छोटा और हेय बनाने का प्रयास किया गया है। पंडित नेहरू भी यूरोप की संस्कृति से प्रभावित थे। उन्होंने रामधारी सिंह 'दिनकर' की पुस्तक 'संस्कृति के चार अध्याय' की भूमिका में लिखा, "जब पश्चिम के लोग समुद्र पार से यहां आए, तब भारत के द्वार दरवाजे एक खास दिशा की ओर खुल गए। आधुनिक औद्योगिक सभ्यता बिना किसी शोरगुल के इस देश में प्रवेश कर गई। नए विचारों और नए भावों का हम पर हमला हुआ और भारतीय बुद्धिजीवी अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचने का अभ्यास करने लगे।" इस वक्तव्य के अनुसार भारतीय बुद्धिजीवियों द्वारा अंग्रेज बुद्धिजीवियों की तरह सोचना खास प्रतिष्ठा है।

अंग्रेज बुद्धिजीवियों के हित साम्राज्यवादी थे। उनके लक्ष्य ईसाईयत के प्रचार से जुड़े थे। सभ्यता इकहरी नहीं होती। प्रत्येक सभ्यता का एक दर्शन होता है। एक उद्देश्य होता है। स्वयं को प्रकट करने की अपनी शैली होती है। यह सारी बातें हिन्दू धर्म और परंपरा में पहले से मजबूत रही हैं,लेकिन नेहरू और उनसे प्रभावित बुद्धिजीवी यूरोप से वैचारिक आयात कर रहे थे। इसलिए इतिहास के अनेक प्रश्न महत्वपूर्ण हैं। हिन्दू इतिहास संकलन की शैली यूरोपीय इतिहास संकलन से भिन्न है। भारतीय बुद्धिजीवियों ने महाकाव्यों, पुराणों और वैदिक साहित्य के रूप में भारत की सभ्यता और संस्कृति की नीव मजबूत की थी,लेकिन प्राचीन भारत में यूरोपीय ढंग से इतिहास का संकलन नहीं हुआ।

अंग्रेजों ने अपनी सत्ता चलाने के लिए भारत के सम्यक अध्ययन को जरूरी पाया। ब्रिटिश विद्वानों ने इतिहास की यूरोपीय शैली को अपनाते हुए भारतीय इतिहास का विवेचन किया। मार्क्सवादी विद्वान रामशरण शर्मा ने 'प्रारंभिक भारत का परिचय' (पृष्ठ 6) में लिखा है, "ब्रिटेन वालों ने जब यहां शासन कायम किया तब उन्हें औपनिवेशिक प्रशासन के हित में इसकी आवश्यकता प्रतीत हुई। जब 1765 में बंगाल और बिहार ईस्ट इंडिया कंपनी के शासन में आए, तब शासकों को हिन्दुओं के उत्तराधिकार की न्याय व्यवस्था करने में कठिनाई का अनुभव हुआ। अतः 1776 में सबसे अधिक प्रामाणिक मानी जाने वाली मनुस्मृति का अंग्रेजी अनुवाद 'ए कोड ऑफ जेंटू लॉज' के नाम से कराया गया।" यह सब बातें मार्क्सवादी विद्वान की हैं। 1784 में कोलकाता में 'एशियाटिक सोसाइटी ऑफ बंगाल' की स्थापना विलियम जोन्स ने की। उन्होंने 'अभिज्ञान शाकुंतलम' नाटक का अंग्रेजी में अनुवाद किया। इसी समय वर्ष 1785 में विलकंस ने भगवद्गीता का अंग्रेजी में अनुवाद किया। ब्रिटिश सत्ताधीश भारत को ठीक से समझने में लगे थे। वस्तुतः भारत की सभी संस्थाओं को अंग्रेजीराज की मजबूती के लिए इस्तेमाल करने का काम उस समय के आधुनिक विद्वानों के द्वारा किया जा रहा था।

रामशरण शर्मा ने लिखा है कि, "उन्हें महसूस हो गया कि जिन विदेशी लोगों पर उन्हें शासन करना है, उनके रीति-रिवाज और सामाजिक व्यवस्था का गहन ज्ञान प्राप्त करना होगा। क्रिश्चियन मिशनों के धर्म प्रचारकों ने भी हिन्दू धर्म की दुर्बलताओं को जानना आवश्यक समझा ताकि वे धर्म परिवर्तन करा सके और इसके द्वारा ब्रिटिश साम्राज्यवादियों को मजबूत बना सकें। इन आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए मैक्समूलर के संपादकतत्व में विशाल मात्रा में प्राचीन धर्म ग्रंथों का अनुवाद किया गया। ये अनुवाद 'सैकरेड बुक्स ऑफ द ईस्ट' सीरीज में 50 खंडों में प्रकाशित हुआ। भारतीय इतिहास और समाज के अध्ययन का इनका उद्देश्य ब्रिटिश सत्ता का समर्थन था। पाश्चात्य विद्वानों ने भारतीय इतिहास और समाज की संरचना के सम्बंध में कई भ्रामक नतीजे निकाले थे। उनके मत में प्राचीन भारत के लोगों को इतिहास का विशेषतया काल और क्रम का बोध नहीं था कि भारत के लोग स्वेच्छाकारी शासन के अभ्यस्त रहे। वे आध्यात्मिक और पारलौकिक समस्याओं में ही डूबे रहे" विंसेंट स्मिथ (1843-1920) ने 'अर्ली हिस्ट्री ऑफ इंडिया' नाम का ग्रंथ लिखा। स्मिथ भी ईमानदार नहीं रहे।

ब्रिटिश विद्वानों के इतिहास ग्रंथ पक्षपातपूर्ण रहे हैं। उन्होंने इतिहास का विरुपण किया है। हम भारत के लोग जन्म से, अनुभव से, अध्ययन और परिश्रम से विश्व की प्रतिष्ठित संस्कृति के उपासक हैं। संप्रति विदेशी सभ्यता और संस्कृति को आधुनिकता बताकर तथ्य गलत तरीके से प्रस्तुत किया जा रहा है। हमारा वर्तमान हमारे भूत का विस्तार है और हमारे आज के श्रमतप भविष्य का भारत रच रहे हैं। आधुनिकता के नाम पर विदेशी संस्कृति का आवाहन और हिन्दू संस्कृति की उपेक्षा स्वीकार्य नहीं है। भारत की आधुनिकता भारत की परंपरा का ही विकास होनी चाहिए।

# मार्क्सवाद

मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?

कार्ल मार्क्स का मतलब क्या है? उनका लक्ष्य क्या था? हमारे बीच में अनेक लोग हैं,जो उनको अर्थशास्त्री, विचारक आदि कहकर पुकारते हैं। इसी आधार पर अनेक मार्क्सवादी अपने को मार्क्सवादी अर्थशास्त्री होने, मार्क्सवादी आलोचक होने का दावा भी करते हैं। ऐसे ही लोगों को ध्यान में रखकर एंगेल्स ने जो कहा उसका महत्व है। एंगेल्स ने लिखा- "कुछ भी होने के पहले मार्क्स सबसे पहले क्रांतिकारी है।" मार्क्स का लक्ष्य था पूंजीवादी व्यवस्था को नष्ट करके उसके स्थान पर शोषणमुक्त समाज का निर्माण करना। क्या हमारे अनेक प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी इस कोटि में आते हैं? क्या उनके सब कामों के पहले क्रांतिकारी लक्ष्य सामने रहते हैं?



प्रो. जगदीश्वर चतुर्वेदी
कोलकाता

भारत में साहित्य से लेकर अर्थशास्त्र तक ऐसे मार्क्सवादी हैं,जो बार-बार "थ्योरी" की अप्रासंगिकता का बखान करते रहते हैं। इस तरह ये लोग मार्क्सवाद का विकृतिकरण कर रहे हैं। साहित्य में इसके आदर्श हैं नामवर सिंह। वे कई बार "थ्योरी" सिद्धांततः खारिज कर चुके हैं। वे नहीं जानते कि इस तरह वे किसकी सेवा कर रहे हैं। "थ्योरी" के रूप में मार्क्सवाद पहले भी प्रासंगिक था और आज भी है। इसके आधार पर अनेक महत्वपूर्ण काम मार्क्सवादियों ने किए हैं।

हिन्दी में नामवर सिंह से लेकर रामविलास शर्मा आदि तकरीबन अधिकांश मार्क्सवादी आलोचकों ने थ्योरी को अस्वीकार करते हुए, आलोचना पर जोर दिया, ये लोग निरंतर आलोचना लिखते रहे, आलोचना बोलते रहे, लेकिन इस क्रम में यह भूल गए कि थ्योरी के बिना आलोचना ठूंठ होती, निर्जीव होती है। उसमें निज के विकास की क्षमता नहीं होती। यही वजह है आज हमारे बीच में नामवर सिंह हैं, उनकी आलोचक भक्तमंडली है, लेकिन हिन्दी आलोचना गायब है। नामवर सिंह के रहते आलोचना गायब क्यों हो गई? यह सवाल तो बनता है। उसी तरह यह भी सवाल बनता है कि जो प्रतिष्ठानी मार्क्सवादी अर्थशास्त्री हैं, उनके रहते हुए मार्क्सवाद हमारे देश में हाशिए पर कैसे पहुंच गया? ध्यान रहे यथार्थ के छोटे-छोटे विवरण और ब्यौरे या आख्यान को मार्क्सवाद नहीं कहते। मार्क्सवाद को बिना थ्योरी के समृद्ध नहीं किया जा सकता।


मार्क्सवाद का लक्ष्य है शोषणमुक्त समाज की स्थापना करना। यानी व्यक्ति के द्वारा व्यक्ति के शोषण का खात्मा करना। भारत के संदर्भ में यह बात कैसे लागू करें, इसे अपने समाज की संरचनाओं की प्राथमिकताओं को ध्यान में रखकर तय करें। इसके लिए पहली शर्त है मार्क्सवाद की शिक्षा, मार्क्सवाद की शिक्षा के बिना कोई भी चीज न तो सही नजरिए से देख सकते हैं और न विश्लेषित कर सकते हैं।

मार्क्सवादी होने का मतलब कम्युनिस्ट पार्टी का मेंबर होना नहीं है,मार्क्सवाद कोई कोट नहीं है जिसे हेंगर से उतारा और पहन लिया और मार्क्सवादी बन गए। हो सकता है आप पार्टी मेंबर हों, लेकिन मार्क्सवाद शून्य हों,हमारे देश में बहुत बड़ी संख्या में पार्टी मेंबरों को मार्क्सवाद का न तो ज्ञान है और न वे ज्ञान पाना चाहते हैं। वे इंकलाब जिंदाबाद से अधिक कुछ नहीं जानते या पार्टी ने जो कहा है उसको यांत्रिक तौर पर दोहराते रहते हैं। इन सबको मार्क्सवाद की केटेगरी में नहीं रखा जा सकता। ये वे लोग हैं,जो अर्थवाद, अवसरवाद या मित्रता के नाते कम्युनिस्ट दल से जुड़े हैं। इस तरह के मार्क्सवादियों से तो खुद मार्क्सवाद को खतरा है। यह तो नीम-हकीम खतरा ये जान वाला मामला है।

# चेतना की उत्पत्ति पर विज्ञान की आंशिक यात्रा

यह तो स्पष्ट है कि पदार्थ के एक खास समुच्चय से ही चेतना की उत्पत्ति होती है,किंतु वह कौन सा निर्णायक बिंदु है जिस पर यह चमत्कार संपन्न होता है? और उस बिंदु पर ठीक-ठीक क्या घटित होता है,जो चेतन प्राणी को अचेतन जगत से भिन्न कैटेगरी का बना देता है। इस कदर कि चेतना है तो हम हैं, विश्व है। चेतना नहीं तो सब कुछ "होते" हुए भी कुछ नहीं। चेतना ने ही स्व का बोध किया और स्व से पृथक नानारूप विश्व का बोध किया। इस रहस्य को भेदने की दिशा में विज्ञान की यात्रा "आंशिक" है (और क्या पता, आंशिक ही रहने वाली हो)। इतना तो निश्चित है कि पृथ्वी को छोड़कर हमारे और किसी अन्य सौरमंडल के किसी भी ग्रह पर चेतन प्राणी के अस्तित्व का "वैज्ञानिक प्रमाण" अभी तक नहीं मिला है। पृथ्वी पर भी असंख्य जीवों में से मनुष्य एक है। वे सब कैसे अस्तित्व में आए? उन सबसे मनुष्य का क्या संबंध है?

चेतन प्राणी की जो प्रकृति है उससे स्पष्ट है कि उसमें कार्बन के अणु बहुतायत में हैं। 1923 में रूसी जैव-रसायनज्ञ ए.आई ऑपरिन (बायोकेमिस्ट, ओपरिन) ने जीवन की उत्पत्ति के संबंध में जैव-रासायनिक सिद्धांत का प्रतिपादन किया। 1928 में बरतानिया के विकासवादी जीव-वैज्ञानिक जे बी एस हाल्डेन ने उसकी पुष्टि की। इसके अनुसार जीवन की उत्पत्ति सरल कार्बनयुक्त अणुओं से हुई है। लगभग 4.5 अरब (बिलियन) साल पहले जब एक सौर्य बादल (नेबुला) के फटने से हमारा सूर्य और पृथ्वी समेत सौरमंडल के ग्रह बने, पृथ्वी धधकती हुई आग का गोला थी। इसमें ऊर्जा के अनेक स्रोत मौजूद थे-ब्रह्मांडीय किरणें, विकिरण, बिजली चमकने से होने वाले विद्युत विसर्जन और ज्वालामुखियों से निःसृत ऊष्मा। उस अवस्था में पृथ्वी निरंतर, प्रतिदिन हजारों यौगिक निर्मित करने वाले कारखाने की तरह काम कर रही थी। इस आत्यंतिक स्थिति में पृथ्वी के दहन से उत्पन्न ऑक्सीजन शुद्ध ऑक्सीजन नहीं रह सकती थी। उसी ऑक्सीजन से जल और कार्बन के यौगिक चूना-पत्थर उत्पन्न हुए। उसी से हाइड्रोजन की यौगिक मीथेन उत्पन्न हुई और हाइड्रोजन तथा नाइट्रोजन के मिलने से अमोनिया बन गई। इस तरह बनने वाले सभी यौगिक जैविक थे। समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया, जिससे समुद्र अस्तित्व में आए। पुरानी ऊष्मा के चलते समुद्र का पानी गर्म था। उसमें अनेक प्रकार के जैविक अणु बहुतायत में घुले हुए थे,जिससे उसकी प्रकृति सूप-जैसी थी। गर्म जल में इन यौगिकों की अंतःप्रक्रिया से कई अन्य यौगिक बने। उनमें से कई में अमीनो अम्ल के घटक शामिल थे,जो कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन और ऑक्सीजन से बना एक यौगिक था। ये अमीनो अम्ल बड़ी मात्रा मे आपस में जुड़कर प्रोटीन बन गए और प्रोटीन ही जीवन-सौध के निर्माण में ईंटों का काम करते हैं। मस्तिष्क की कोशिकाएं भी प्रोटीन की ही देन हैं, किंतु प्रोटीन-जैसे स्थूल तत्व से चेतना-जैसे सूक्ष्म तत्व की निर्मिति में बहुत फासला है तो चेतना की उत्पत्ति के बारे में वैज्ञानिकों का अभी तक अनिश्चित अनुमान-जैसा ही है। यह तो शुद्ध अनुमान है कि यह चमत्कार लगभग 3.5 अरब साल पहले हुआ होगा, यानी पृथ्वी के जन्म से लगभाग एक अरब साल बाद। उस अनुमान को वैज्ञानिक शब्दावली में मिलर-यूरे प्रयोग (मिलर-यूरे इक्सपेरिमंट) के नाम से जाना जाता है।



कमलाकांत त्रिपाठी
पूर्व आईआरएस

समय बीतने के साथ पृथ्वी ठंडी होने लगी। जब इतनी ठंडी हो गई कि भाप का संघनन हो सके, दीर्घकाल तक बारिश होती रही। इससे निचले स्तरों में पानी भर गया,जिससे समुद्र अस्तित्व में आए।

1952 में दो अमेरिकी जीव रसानयज्ञ, स्टैनली मिलर और हैरॉल्ड यूरे,ने मिलकर प्रयोगशाला में छोटे स्तर पर ठीक वही स्थितियां उत्पन्न करने की कोशिश कीं जो (अनुमानतः) 3.5 अरब साल पहले पृथ्वी पर रही होंगी। उन्होंने मीथेन, अमोनिया, पानी की भाप और हाइड्रोजन के मिश्रण को एक बंद परखनली में रखकर, एक हफ्ते तक 80 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर विद्युत स्फुलिंग से आवेशित किया। एक हफ्ते बाद जब परखनली के पदार्थों को जांचा गया,उसके पेंदे में अमीनो अम्ल के विभिन्न रूप मिले जो,जैसा कि ऊपर कहा गया, प्रोटीन के निर्माण के लिए आवश्यक हैं। इससे उन्होंने निष्कर्ष निकाला कि पृथ्वी के शुरुआती वातावरण का अनुकरण कर, बहुत सारे जैविक यौगिकों का निर्माण किया जा सकता है। यह ऑपरिन और हाल्डेन के जैव-रासायनिक प्रमेय की पुष्टि थी। वैज्ञानिकों ने इसे प्रयोगशाला में जीवन के तत्वों के निर्माण के रूप में लिया और अमेरिकी भौतिकशास्त्री रिचर्ड फेयनमैन ने तो इस उपलब्धि को पृथ्वी पर जीवन के उत्पत्ति विषयक मानव-ज्ञान की सफलता मानते हुए इस पर एक कविता लिखकर जश्न तक मना डाला।

मिलर महोदय 2007 में अपनी मृत्यु तक इस दिशा में शोधरत रहे। वे अनेक प्रकार के अमीनो अम्लों और जैविक एवं गैर-जैविक यौगिकों के निर्माण में सफल हुए जो कोशिकीय संरचना और संश्लेषण में निर्णायक भूमिका निभाते हैं। जैविक कोशिकाओं में भोजन के चयापचय में अंतरण का भी उन्होंने अध्ययन किया,लेकिन कोशिका के निर्माण और चेतना का प्रादुर्भाव करने से हम अभी कितनी दूर हैं, कुछ पता नहीं। तब से हमने क्लोन तो बना लिया, लेकिन डिम्ब और शुक्राणु बना पाने का अभी तक कोई आसार नहीं है। यह बात अलग है कि क्वांटम भौतिकी के अनुसार सूक्ष्मातिसूक्ष्म स्तर पर हम (ब्रह्मांड के जड़, चेतन और खाली आकाश भी) एकरूप और परस्पर उलझे हुए विद्युतावेशित इलेक्ट्रॉन और क्वार्क के तरंगित क्वांटा क्षेत्र हैं। ठीक कहा है, जितना जानिए, उतना ही यह एहसास बढ़ता जाता है कि हम कितना कम जानते हैं।

## अतीत की स्मृतियों का महत्व

भारत के धार्मिक एवं सांस्कृतिक जीवन में वृक्षों का विशेष रूप से पीपल, बरगद, कदंब एवं नीम का बहुत महत्व रहा है। पौराणिक आख्यानों में इनका संबंध शायद विष्णु, शिव, कृष्ण और मां काली से है। पता नहीं, राम से संबंधित कोई वृक्ष है कि नहीं! मेरे बचपन में पीपल वृक्ष भूत, प्रेत, जिन्न आदि का स्थाई निवास स्थान था। भूत-प्रेत अब बिल्कुल ही गायब हो चुके हैं। वृक्षों के संबंध में अतीत की स्मृतियों का अपना महत्व है। हमने दो वृक्षों का रोपण ने हाई स्कूल के दिनों में 1970 के आसपास किया था, इनकी उम्र कोई 54 वर्ष के करीब है। दोनों वृक्षों के बीच मुख्य सड़क से उत्तर एक डेढ़ किलोमीटर दूर मेरे गांव जाती सड़क। कच्ची सड़क अब राजपथ है, पीपल के वृक्षों का स्थान बस पड़ाव है और दोनों वृक्षों की छाया में सड़क किनारे यात्री शेड बने हैं।

सड़क से सौ मीटर दक्षिण एक बड़े बांध के बाद सरयू का कोई नौ किलोमीटर चौड़ा और पचासों किलोमीटर की लंबाई में फैला विशाल दियारा प्रक्षेत्र है। दियारा प्रक्षेत्र विगत वर्षों में सूअर, नीलगाय, आवारा गाएं और साड़ों का चारागाह क्षेत्र बना हुआ है। नीलगाएं गांव के करीब भी दिखीं। गांव के बिल्कुल मध्य में एक विशाल बरगद का वृक्ष था, जिसकी छाया में राम कथा और महाभारत कथा हुआ करती तथा नाटकों का मंचन होता। कथा और नाटक दोनों अतीत की बात हो चुके हैं। पश्चिम में एक इतना ही विशाल बरगद वृक्ष था, जिसके नीचे 'सती देवानी' का स्थान था तथा बगल में ही छठ स्थल। सती देवानी का पुराना महत्व नहीं हैं, पर छठ पूजा व्यापक रूप धारण कर चुकी है। अगर अपने बचपन की सोचूं तो तुलनात्मक रूप से आज का मेरा गांव बहुत ही ज्यादा समृद्ध है। हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है। गांव का करीब पचास प्रतिशत दिल्ली, कलकत्ता, लखनऊ, जमशेदपुर, वाराणसी आदि शहरों में जा बसा है।



राना सिंह
सेवानिवृत्त प्रोफेसर

हमारे समय तो एक साइकिल भी मुश्किल से नसीब थी और सारे घर मिट्टी के थे,पर आज सिर्फ पक्के मकान हैं और गांव में कार और मोटरसाइकिलों की भरमार है। कार का होना शान का प्रतीक है।

## शानदार शॉपिंग

देश, राष्ट्र, समाजवाद जैसे शब्द आकाश से उतरे हुए शब्द नहीं हैं, इसी धरा के शब्द हैं और इसी धरा की बेहतरी के लिए महान पूर्वजों द्वारा शिल्पित शब्द हैं। हम बहुत छोटे-छोटे कार्यों तीनों को साध सकते हैं। जैसे मैंने बरसात के बाद देखा कि एक बुजुर्ग साइकिल पर रेगुलर इस्तेमाल की चीजें सजाकर बेच रहे थे। उनकी कमीज खुली अलमारी की तरह थी। पूरा बदन पसीने और बरसात की पानी से भीगा हुआ था। देखने में लग रहा था, सलीके का भोजन लिए हुए उन्हें महीनों हुआ होगा। मेरे मन में आया कि उनसे कुछ खरीदूं, पर उनके पास जो चीजें तीन, उनकी मुझे जरूरत नहीं थी, फिर देश और समाजवाद को सशक्त करने के लिए इस गरीब से खरीदारी। बेवजह की खरीदारी को वे भी समझ गए, लगभग सात सौ की खरीदारी के बाद बोले कि बाबू जी अब बस करिए, इतने में हमारा परिवार पूरे हफ्ते अच्छा खाना खाएगा। हम इन गरीब व्यापारियों से खरीदारी कर देश की अर्थव्यवस्था को समग्रतः मजबूत करते हैं। क्रयशक्ति गरीब के घर जाएगी तो गरीबी घटेगी, राष्ट्र सशक्त होगा। बड़े-बड़े मॉल में खरीदारी का खरीदारियों के हम विरोधी नहीं, पर वहां की खरीदारी का मतलब समंदर पर मूसलाधार बरसात करना है। जम के सागर पे बरसते रहे बादल बंधु और एक बूंद को तरसते रहे मरुधर बंधु इसलिए बंधुओं खरीदारी जहां करते हैं, करते रहें, पर ठेला या साइकिल या सर पर सामान बेचने वालों से जरूर खरीदारी करें।



दीपक मिश्र
अध्यक्ष बौद्धिक सभा

# बाढ़ की चपेट में शहर

उत्तर प्रदेश का शहर शाहजहांपुर आजकल बाढ़ की चपेट में है। शहर गर्रा और खन्नौत नदियों के बीच बसा है। इन नदियों ने शहर को अपने आलिंगन में समेट रखा है। शहर इनसे बाहर निकलने की कोशिश करता है तो नदियां गुस्से से उफनकर दबोच लेती हैं उसको। शहर को अपनी औकात पता चलती है। वह नदियों के आगोश में सहम-सिकुड़ जाता है। नदियां फिर उसको प्यार से समेट लेती हैं।



अनूप शुक्ल
कानपुर



कुछ दिनों पहले शाहजहांपुर गए थे तो पता चला खन्नौत की तरफ के इलाके पानी में डूबे हैं। लोदीपुर की तरफ का रास्ता बंद है। पानी से भरा है। केरूगंज की तरफ से शहर में घुसे, जिस जगह हम रहे वहां पानी नहीं भरा था। न बारिश हो रही थी। अंदाज नहीं था कि जिनके घर पानी में डूबे हैं उनके हाल कैसे होंगे। पता चला और हमने बाद में पुल से देखा भी कि इमारतों में पानी भरा है। घर आधे-आधे डूबे है पानी में। लोगों ने नदियों के किनारे घर बनाए हैं। कई साल पानी नहीं आता होगा उस इलाके में तो उसको सुरक्षित मानकर वहां घर बना लिए,लेकिन जब दस-बीस साल बाद नदी में पानी बढ़ता है तो उस जमीन पर फिर से कब्जा करता है। डूबो देता है जमीन को। नदियों किनारे बने नीचे इलाके में बने घर ऐसे होते हैं,जैसे किसी ट्रेन की कोई रिजर्व बोगी में अनारक्षित यात्री आकर बैठ जाए और कि पूरी यात्रा आराम कटेगी,लेकिन चार-छह स्टेशन बाद वह यात्री आए,जिसके नाम बर्थ रिजर्व है और ट्रेन में आराम से लेटे यात्री को उठाकर कहे - 'भाई साहब, यह बर्थ मेरी है। खाली कर दीजिए।' यात्री बेचारा दुखी होकर खुद को और सामान को भी समेटकर सीट छोड़ देता होगा।

नदियां भी इसी तरह अपनी जमीन पर कब्जा कायम करने को वापस लौटती हैं। लोगों को अपनी जमीन पर घर बसाए देखकर भन्ना जाती होंगी। बेदखल कर देती हैं लोगों को,लेकिन यह पानी यहां की बरसात का नहीं है। बांध से छोड़ा पानी है। कहीं और बरसा होगा पानी। बांध में आया होगा। बांध का पेट भरा है। उसने पानी इधर उलट दिया। बरसा कहीं,भरा कहीं कहावत है न : एक गांव में आग लगी, एक गांव में धुंआ।

एक दिन बाद खन्नौत की तरफ पानी कम हुआ तो गर्रा की तरफ बढ़ गया। नदी किनारे तमाम इलाके पानी में डूब गए। शहर के अस्पताल के सामने घुटनों, कमर तक के पानी में लोग भागते दिखे,जो बीमार हैं उनका क्या हाल होगा। लोग अपने घरों को छोड़कर दूसरे इलाके में भाग रहे हैं। सामान निकालना समस्या है। सामान ढोने वाली सवारियों के भाव बढ़े हैं। वो भी निकाल कहां पा रही हैं? लोग अपना सामान घर में ही छोड़कर सुरक्षित इलाकों में जा रहे हैं। बाढ़ के पानी ने रास्ते बदल दिए हैं। हमको 30 किलोमीटर दूर एक कार्यक्रम में जाना था। बरेली मोड़ पर पानी भरा होने के चलते दूसरे रास्ते जाना पड़ा। 30 किलोमीटर की दूरी 90 किलोमीटर में बदल गई। रास्ते में जाम। 90 किलोमीटर की दूरी छह घंटे में तय कर पाए।

शहर कई तरफ से पानी से घिरा है। जगह-जगह नदियों का पानी 'जनता दर्शन' के लिए मौजूद है। लोग फोटो-वीडियो बनाने में जुट रहे हैं। अनगिनत फोटो-वीडियो इधर-उधर टहल रहे हैं। लोगों के मोबाइल डिजिटल बाढ़ में डूब रहे हैं। दो दिन शाहजहांपुर रहने के बाद वापस लौट आए। खन्नौत की तरफ का पानी कम हो गया था। जाते समय जिधर से रास्ता पानी में डूबा था वह साफ हो गया था। उधर से ही आए। प्रेम-स्नेह की बारिश और बाढ़ में भीगे-डूबे। यह स्नेह/प्रेम की बारिश और बाढ़ ऐसी है,जिसमें हमेशा भीगने और डूबे रहने का मन करता है।

## संविधान हत्या दिवस

केंद्र सरकार ने 25 जून की तारीख को प्रतिवर्ष 'संविधान हत्या दिवस' के रूप में मनाए जाने की आधिकारिक घोषणा की है। चूंकि वर्ष 1975 में इसी तिथि को तत्कालीन प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी ने राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद से देश में आपातिक स्थिति यानी इमरजेंसी की उद्घोषणा करवाई थी। इस कालखंड में कुछ शासन और कुछ प्रशासन तंत्र द्वारा प्रावधानों के बेजा उपयोग के कारण लोगों को कष्ट हुए थे। इसे संविधान हत्या दिवस घोषित करने पर एक नई बहस छिड़ गई है। आरोपों प्रत्यारोपों का दौर जारी है।



रघोत्तम शुक्ला
सेवानिवृत्त पीसीएस

आम जनता तो 49 साल पहले की बात काफी कुछ भूल चुकी है, नई पीढ़ी तो इसे जानती भी नहीं,किंतु प्रबुद्ध लोग इस अति पुरानी घटना को नए दिवस के रूप में मनाने पर चकित हैं और वे बुद्धि और लेखनी चलाने लगे हैं। वे कहते हैं कि संविधान में इमरजेंसी लगाने का तो प्रावधान है और यह उसी के अंतर्गत लगाई गई थी,फिर संविधान की हत्या कैसी? संविधान का अनुच्छेद 352 आपातिक स्थिति लगाने की व्यवस्था करता है,जो आज भी मौजूद है। दस वर्ष से तो भाजपा की सरकार केंद्र में सत्तारूढ़ है। न तो उसे संविधान हत्या की याद आई और न उक्त अनुच्छेद निरस्त करने का कोई प्रयास किया। दरअसल यदि 25 जून,1975 को संविधान की हत्या हो गई थी,तो इमरजेंसी के ठीक बाद हुए चुनावों के परिणामस्वरूप मोरारजी देसाई की सरकार कैसे बनी,जिसमें भाजपा की पार्टी के अटल बिहारी वाजपेयी और लालकृष्ण आडवाणी मंत्री थे? क्या यह सरकार असंवैधानिक थी? क्योंकि संविधान तो मर चुका था। हत्या किया हुआ व्यक्ति तो जीवित हो ही नहीं सकता। दूसरा संविधान कब बना? यह केंद्र को स्पष्ट करना होगा। इमरजेंसी लगाने की सलाह जरूर इंदिरा गाधी कैबिनेट ने दी थी, किंतु तब तो कैबिनेट की सलाह मानने के लिए राष्ट्रपति बाध्य भी नहीं थे। वे न हस्ताक्षर करते, तो इमरजेंसी कैसे लगती? बाध्य होने वाला 44 वां संविधान संशोधन तो 1976 में हुआ है।

यदि ऐसा कोई दिवस मनाना जरूरी था, तो मोरारजी देसाई की 27 महीने चली और अटल बिहारी वाजपेयी की छह साल चली विपक्षी सरकारों ने इसे जरूरी क्यों नहीं समझा और मोदी को भी दस साल बाद ही क्यों याद आई? शायद अपनी पार्टी के गिरते और कांग्रेस के उठते ग्राफ से हतप्रभ हुए भाजपाई हताशा में अपनी स्थिति पुनर्स्थापित करने के लिए हाथ पैर मार रहे हैं,जिनका जनता पर प्रभाव न के बराबर होगा। अच्छा होता कि यह मिलीजुली सरकार कुछ ठोस सकारात्मक मुद्दे लेकर आगे बढ़ती।

# जांच के स्तर पर प्रक्रियागत नियमों का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिन्ह

विधि संवाददाता, प्रयागराज

**अमृत विचार:** इलाहाबाद हाईकोर्ट ने एक न्यायिक अधिकारी के मामले पर विचार करते हुए कहा कि किसी दोषी अधिकारी के खिलाफ जांच के स्तर पर प्रक्रियागत आवश्यकताओं का पालन न करना दंड आदेश की वैधता पर प्रश्नचिन्ह लगाता है। यह जरूरी है कि अनुशासनात्मक प्रक्रिया इस तरह से की जाए कि प्रभावित पक्षकारों को अपना मामला प्रस्तुत करने, आरोपों का जवाब देने और खुद का बचाव करने का उचित अवसर मिले। उक्त आदेश न्यायमूर्ति सौमित्र दयाल सिंह और न्यायमूर्ति डोनाडी रमेश की खंडपीठ ने सिविल न्यायाधीश पंकज की याचिका को स्वीकार करते हुए पारित किया।

याची को सिविल जज के रूप में जिला मऊ में नियुक्त किया गया। उनकी नियुक्ति सेवा सरकारी कर्मचारी (सेवा और आचरण) नियम, 1956, और यूपी सरकारी कर्मचारी (अनुशासन और अपील) नियम, 1999 के तहत की गई थी। सेवा में भर्ती होने के तुरंत बाद उन्हें सोशल मीडिया पर प्रतियोगी परीक्षाओं से संबंधित प्रश्नों वाले



शिकायतकर्ता के कई संदेश मिले। इसके बाद 26 दिसंबर 2018 को शिकायतकर्ता ने याची के खिलाफ शिकायत दर्ज करवाई, जिसका जवाब जनवरी 2019 में याची द्वारा दिया गया, फिर भी याची के खिलाफ आरोप पत्र जारी किया गया और जिला न्यायाधीश, मऊ को याची के मामले में जांच अधिकारी नियुक्त किया गया। आरोप पत्र में याची पर यह आरोप लगाया गया कि प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी में मदद करने के बहाने उन्होंने शिकायतकर्ता के साथ दुष्कर्म किया।

हालांकि याची ने अपने जवाब में आरोपों से इंकार किया और शिकायतकर्ता के बारे में तथ्य रिकॉर्ड पर लाए। इसके बाद दिसंबर 2019 में याची को दुष्कर्म के मुख्य आरोप से मुक्त कर दिया गया, लेकिन 13 मई 2022 को याची के खिलाफ आक्षेपित आदेश पारित किया गया। याची के अधिवक्ता का तर्क है कि प्राधिकारियों द्वारा याची को मुख्य आरोपों से मुक्त कर देने के बाद बिना कोई स्पष्ट कारण बताए आक्षेपित आदेश पारित किया गया। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष दिया कि विभागीय कार्यवाही अर्ध-न्यायिक प्रकृति की थी और प्राकृतिक न्याय के सिद्धांतों का पालन किया जाना चाहिए था। अनुशासनात्मक प्राधिकारी को प्रस्तुत साक्ष्य के आधार पर अनुमान लगाकर निष्कर्ष पर पहुंचने का अधिकार है जबकि वर्तमान मामले में जांच अधिकारी के समक्ष कोई साक्ष्य प्रस्तुत नहीं किया गया। याची ने जिला न्यायाधीश, मऊ द्वारा जारी नोटिस और आरोप पत्र के जवाब में आरोपों से स्पष्ट रूप से इनकार किया था, लेकिन आश्चर्यजनक ढंग से बिना किसी साक्ष्य के जांच अधिकारी ने प्रासंगिक और बाहरी तथ्यों को ध्यान में रखते हुए याची को दुष्कर्म के विशिष्ट आरोप से मुक्त करने के बाद एक प्रतिकूल टिप्पणी कर दी। इसके अलावा शिकायतकर्ता संबंधित निकाय के समक्ष याची के विरुद्ध लगाए गए आरोपी को सिद्ध करने के लिए उपस्थित भी नहीं हुई। अतः जांच अधिकारी द्वारा याची के विरुद्ध प्रतिकूल टिप्पणी करना उचित नहीं है।

# शाहजहांपुर में बाढ़ से तबाही थमी, मुसीबतें बरकरार

## कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर व ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी, हजारों लोग अभी भी घरों की छतों पर फंसे

कार्यालय संवाददाता, शाहजहांपुर

**अमृत विचार :** जिले को बाढ़ से शनिवार को कुछ राहत मिली लेकिन मुसीबतें बरकरार हैं। कांशीराम कॉलोनी, सुभाषनगर और ककरा क्षेत्र में कमर तक पानी भरा हुआ है। हजारों लोग घरों की छतों पर फंसे हुए हैं। 500 लोग राहत शिविरों में शरण लिए हुए हैं। शनिवार को लखनऊ-दिल्ली हाईवे पर आवागमन शुरू होने से कुछ राहत मिली लेकिन कानपुर-बरेली हाईवे की ओर रामगंगा ने कटान शुरू कर दिया है।

खन्नौत और गर्रा की बाढ़ ने तीन दिनों में शहर के दर्जनों मोहल्लों और कॉलोनियों में जो तबाही मचाई उसने लोगों को हलकान कर दिया। अब कुछ राहत है लेकिन तमाम लोग अभी भी बाढ़ में फंसे हुए हैं। जिन क्षेत्रों में पानी घटा है वहां लोग लौटने लगे हैं, लेकिन बाढ़ से घरों का सामान बर्बाद हो गया। राजकीय मेडिकल कॉलेज में जलभराव के चलते स्वास्थ्य सेवाएं ठप हैं। उधर कलान क्षेत्र में रामगंगा का पानी बरेली-कानपुर हाईवे के नजदीक पहुंच गया। बैराजों से पानी और छोड़ा गया तो हाईवे के कटान का खतरा पैदा हो जाएगा।



कलान में रामगंगा का जलस्तर बढ़ने से कट रही एप्रोच रोड। ● अमृत विचार

### बादल फटने की गलत सूचना देने पर रिपोर्ट दर्ज

**देहरादून।** आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास विनोद कुमार सुमन ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को मुकदमा दर्ज किया गया है। विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में शुक्रवार शाम को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बहने की सूचना प्रसारित हुई थी।

### बाढ़ में ढहीं 4.19 करोड़ के एफएसटीपी की दीवारें

**पीलीभीत।** शहर को स्वच्छ बनाने को नगरपालिका ने नौगवां पकड़िया में देवहा नदी किनारे जगह चयनित कर 4.19 करोड़ का भारी भरकम बजट एफएसटीपी (फीकल स्लज ट्रीटमेंट प्लांट) प्लांट पर फूंका। पैसा खपाने और हैंडओवर होने के एक साल बाद भी पालिका ने एफएसटीपी प्लांट चालू नहीं किया। इस बीच देवहा नदी में आई बाढ़ से प्लांट का काफी हिस्सा धराशायी हो गया। दीवारें गिर गईं, वहीं गार्ड रूम समेत फर्श भी धंस गया। कनवेट बेल्ट भी टूटकर बह गई।

### धारदार हथियार से गला रेतकर महिला की हत्या, दो लोग हिरासत में लिए गए

**अमृत विचार, मुरादाबाद:** कटघर थाना क्षेत्र में धारदार हथियार से महिला की हत्या कर दी गई। महिला का पति मौके से फरार हो गया। पुलिस ने दो लोगों को हिरासत में लिया है। महिला के तीन साल के बच्चे ने बताया कि पापा ने मम्मी को चाकू से मारा है। दूसरी ओर मायके वालों ने दहेज उत्पीड़न को लेकर ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मूंढापांडे थाना क्षेत्र के गांव मनकरा मिलक की रेशम रानी की शादी चार साल पहले मूंढापांडे बस्ती के नरेश पाल से हुई थी। इनके के दो बच्चे हैं, जिसमें एक तीन साल का बेटा है। परिवार कटघर इलाके के पीतल बस्ती के निकट किराए के मकान में रहता है। पति नरेश पेट्रोल पंप पर काम करता है। शुक्रवार रात दोनों में कहासुनी हुई। इसके बाद धारदार हथियार से रेशम रानी (28) की हत्या कर दी गई। मृतका के भाई जगपाल ने दहेज उत्पीड़न को लेकर हत्या का आरोप लगाया है। उसने बताया कि कई बार पति नरेश ने रेशम को मारापीटा था। रेशम ने इसकी शिकायत महिला थाने में की थी। थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार ने बताया है कि मृतका के ससुर और बहनोई को हिरासत में लिया है।

# पिथौरागढ़ जिले में आपदा की झूठी सूचना देने वाले पर रिपोर्ट

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** आपदा को लेकर भ्रामक और गलत सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास ने कड़ा रुख अपनाया है। धारचूला तहसील में कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की गलत और भ्रामक सूचना प्रसारित करने वाले व्यक्ति के खिलाफ शनिवार को मामला दर्ज किया गया है। सचिव ने आपदा को लेकर भ्रामक सूचनाएं प्रसारित करने वालों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

विभिन्न सोशल मीडिया प्लेटफार्म में शुक्रवार शाम को सीमांत जनपद पिथौरागढ़ की धारचूला तहसील स्थित कुलागाड़ में बादल फटने से पुल टूटने और बांध बनने की सूचना प्रसारित हुई थी। इस पर राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र ने तत्काल जिला प्रशासन को अलर्ट किया। पिथौरागढ़ जिला प्रशासन ने घटना को लेकर जानकारी की तो यह सूचना गलत पाई गई। शनिवार को उत्तराखंड राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण स्थित राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र पहुंचे सचिव आपदा प्रबंधन एवं पुनर्वास श्री विनोद कुमार सुमन ने इस मामले को गंभीरता से लिया। उन्होंने तत्काल भ्रामक व गलत सूचना प्रसारित करने वाले को ट्रेस कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के निर्देश दिए।



शनिवार को राजभवन में राज्यपाल आनंदीबेन पटेल से शिष्टाचार भेंट करते सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश डॉ. धनंजय यशवंत चंद्रचूड़, मुलाकात के दौरान दोनों के बीच कई मुद्दों पर चर्चा हुई।

# भाजपा कार्यसमिति की बैठक आज, तय होगी चुनावी रणनीति

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** भाजपा की राष्ट्रीय कार्य समिति की बैठक रविवार को होगी, जिसमें हाल में होने वाले विधानसभा उप चुनाव व 2027 के चुनाव को लेकर रणनीति बनाए जाने की संभावना है। बैठक में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा समेत शीर्ष पदाधिकरी शामिल होंगे। प्रस्तावित बैठक को लेकर शनिवार को पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी की अध्यक्षता में प्रांतीय पदाधिकारियों की तैयारी बैठक हुई।

आशियाना स्थित डॉ. राम मनोहर लोहिया विधि विश्वविद्यालय में आयोजित बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि प्रदेश में विधानसभा उपचुनाव और 2027 में होने वाले विधानसभा होने हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संगठनात्मक कार्ययोजना को पार्टी के वरिष्ठ पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों व नेताओं के समक्ष प्रस्तुतीकरण का माध्यम है। बैठक में तय होने वाले कार्यक्रम और अभियान प्रदेश, क्षेत्र, जिला, मंडल व बूथ स्तर पर क्रियान्वित होंगे। उन्होंने कहा कि कार्यसमिति की बैठक में 2027 में होने वाले विधानसभा चुनाव को लेकर संगठन के प्रस्तावित कार्यक्रम और अभियानों की रुपरेखा भी तय की जाएगी। पार्टी के उन कार्यकर्ताओं और पदाधिकारियों को श्रद्धांजलि दी जाएगी, जिनका निधन हुआ है। प्रदेश महामंत्री (संगठन) धर्मपाल सिंह ने बताया कि कार्यसमिति की बैठक में पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य व ब्रजेश पाठक सहित अन्य नेताओं का मार्गदर्शन मिलेगा।

# इस बार गौमुख से जल नहीं ला पाएंगे कांवड़िये

ब्यूरो, देहरादून

**अमृत विचार :** भारी बारिश के चलते पर्वतीय क्षेत्रों में पहाड़ पर लगातार भूस्खलन की घटनाएं हो रही हैं। भूस्खलन व बोल्डर गिरने से कई रास्तों पर आवाजाही बार-बार बाधित हो रही है। कई छोटे पुल व पुलियां क्षतिग्रस्त होने से भी यातायात बाधित हुआ है। आपदा के संभावित खतरों के चलते उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है।

हर साल कांवड़ यात्रा के दौरान बड़ी संख्या में कांवड़िये गौमुख से जल लेकर आते हैं। लेकिन, गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त होने से इस बार कांवड़ यात्रा में कांवड़िये जल लेने गौमुख नहीं जा पाएंगे। उत्तरकाशी जिला प्रशासन ने ऐहतियातन कांवड़ियों के गौमुख जाने पर रोक लगा दी है। उत्तरकाशी के जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी देवेंद्र पटवाल का कहना है कि गंगोत्री धाम से आगे लकड़ी की पुलियाएं क्षतिग्रस्त हैं, लिहाजा सुरक्षा के दृष्टिगत कांवड़िये इससे आगे नहीं भेजे जाएंगे। कांवडियों को इस बार गंगोत्री धाम से ही जल भर कर लौटना होगा।

# एसजीपीजीआई में बायोमेट्रिक अटेंडेंस सिस्टम नहीं, पुराने ढर्रे पर चल रहा संस्थान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** राजधानी के संजय गांधी आयुर्विज्ञान संस्थान के प्रशासन को प्रदेश सरकार व नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) के अधिकारियों का कोई खौफ नहीं है । यही वजह है कि निर्देश बावजूद संस्थान में शिक्षक, चिकित्सक व कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस नहीं लग रही है। जबकि स्थित किंग जार्ज चिकित्सा विश्वविद्यालय और डॉ. राम मनोहर लोहिया संस्थान में शिक्षक और कर्मचारियों की बायोमेट्रिक अटेंडेंस बीते कई वर्षों से लग रही है, नवस्थापित कल्याण सिंह कैंसर इंस्टीट्यूट में भी ऑन लाइन अटेंडेंस लग रही है।

> एनएमसी के मानक अनुसार संस्थान में बायोमेट्रिक अटेंडेंस के साथ सीसीटीवी कैमरे लगाने की पूरी तैयारी है। सिस्टम स्थापित करने के लिए टेंडर प्रक्रिया चालू है। जल्दी ही एकेडमिक ब्लॉक व अस्पताल की ओपीडी में बायोमेट्रिक अटेंडेंस व सीसीटीवी सिस्टम चालू हो जाएगा।
>
> – डॉ. आर के धीमन, निदेशक एसजीपीजीआई, लखनऊ

बायोमेट्रिक अटेंडेंस को लेकर चिकित्सा शिक्षा विभाग के अधिकारियों में चर्चा शुरू हो गई, जब मई माह में नेशनल मेडिकल कमीशन (एनएमसी) द्वारा बायोमेट्रिक अटेंडेंस में शिक्षकों की पर्याप्त उपस्थिति न मिलने पर भरकम आर्थिक दंड लगाते हुए एमबीबीएस की सीटों पर दाखिले के लिए मान्यता पर रोक लगा दी थी। जिसके बाद विभाग में बैठकें हुईं और अर्थदंड लगाकर कॉलेजों में बायोमेट्रिक सिस्टम की खामियां सुधारी जाने लगी। लोहिया संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने बताया कि संस्थान में शिक्षक, नॉन क्लीनिकल शिक्षक व कर्मचारियों की उपस्थिति बायोमेट्रिक सिस्टम से लग रही है। शहीद पथ के स्त्रीरोग विभाग में भी बायोमेट्रिक व सीसीटीवी सिस्टम स्थापित है। केजीएमयू के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ.बीके ओझा ने बताया, संस्थान में शिक्षकों को दो जगह, अस्पताल के साथ ही एकेडमिक ब्लॉक में भी बायोमेट्रिक अटेंडेंस देनी होती है।

## युवा अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही ने 13440 फीट की ऊंचाई वाली चोटी पर मात्र 19 घंटे में चढ़कर इतिहास रचा

# प्रवेंद्र ने मलेशिया के माउंट किनाबालु पर फहराया तिरंगा

संवाददाता, जसपुर

**अमृत विचार:** गांव बढ़ियों वाला के युवा अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह ने मलेशिया के सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराया है। उन्होंने 13440 फीट की ऊंचाई वाली इस पर्वत चोटी पर मात्र 19 घंटे में चढ़कर इतिहास रचा है।

जसपुर क्षेत्र के ग्राम बढ़ियों वाला निवासी 26 वर्षीय प्रवेंद्र सिंह ने 3 जुलाई को मलेशिया स्थित माउंट किनाबालु की यात्रा तय की। केंद्रीय राज्य मंत्री अजय टम्टा ने उन्हें तिरंगा भेंट कर इस यात्रा पर रवाना किया। प्रवेंद्र ने बताया कि उन्होंने 8 जुलाई को प्रातः मलेशिया के नेशनल पार्क से पहले कैंप पर 3100 मीटर की दूरी तय करके लक्ष्य प्राप्ति की ओर कूच किया। यात्रा के दौरान भारी बारिश एवं बड़ी चट्टानें भी रोड़ा बनीं। लेकिन उन्होंने अपना हौसला बनाए रखा। वे तिरंगे की आन-बान-शान को दिल में लेकर अपने इरादों को बुलंद करने के लिए आगे बढ़ते रहे और उन्होंने 9 जुलाई को सुबह 5 बजकर 30 मिनट पर मलेशिया सबसे ऊंचे पर्वत माउंट किनाबालु को फतह किया और तिरंगा फहराया। इतिहास रचने के बाद लौटने पर उनका यहां भव्य स्वागत किया गया।



माउंट किनाबालु पर तिरंगा फहराता जसपुर का अंतरराष्ट्रीय पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह।

### क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का संदेश दिया

**जसपुर :** प्रवेंद्र सिंह ने कहा कि मलेशिया के माउंट किनाबालु की ऊंची चोटी पर तिरंगा फहराकर उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। उन्होंने क्लीन उत्तराखंड एवं ग्रीन उत्तराखंड का संदेश दिया है। उनकी यह पहली अंतर्राष्ट्रीय पर्वत यात्रा थी, जो उनके निजी खर्चे पर थी।

### रूस और आर्मेनिया की चोटियों को फतह करने का लक्ष्य

**जसपुर :** प्रवेंद्र सिंह ने बताया कि इस यात्रा से उनका हौसला काफी बढ़ गया है। अब उन्होंने भविष्य में रूस और आर्मेनिया की चोटियों को फतह करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। उनके द्वारा शीघ्र ही यह यात्रा शुरू की जाएगी। उधर, पूर्व क्षेत्रीय विधायक डॉक्टर शैलेंद्र मोहन सिंघल ने पर्वतारोही प्रवेंद्र सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (आगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)



वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
कैम्पस : वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एण्ड रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
एन.एच.-24, बन्थरा, शाहजहाँपुर, उत्तर प्रदेश-242307

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एस.सी. मेडिकल एनाटॉमी | 3 वर्ष | अभ्यर्थी को तीन वर्ष का स्नातक कार्यक्रम बीएससी उत्तीर्ण होना चाहिए, जिसमें 50% अंक प्राप्त हों (एससी/एसटी के लिए 45%) और जैविक विज्ञान एक विषय के रूप में हो या एमबीबीएस, बीडीएस, बीएएमएस, बीएचएमएस, बीपीटी, बी.फार्मा, बीएमएलटी, बीएमआरआईटी, बीएससी नर्सिंग में किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से उत्तीर्ण होना चाहिए। |
| एम.एस.सी. मेडिकल बायोकेमिस्ट्री | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फिजियोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. मेडिकल माइक्रोबायोलॉजी | 3 वर्ष | |
| एम.एस.सी. फार्माकोलॉजी | 3 वर्ष | |
| बी.एस.सी. फोरेन्सीक साइंस | 3 वर्ष | पात्रता: 10+2 (पी.सी.एम./पी.सी.बी.) |

फैकल्टी ऑफ कॉमर्स एण्ड मैनेजमेंट

| कोर्स | अवधि | योग्यता |
|---|---|---|
| एम.एच.ए. (मास्टर ऑफ हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन) | 2 वर्ष | किसी भी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से न्यूनतम 50% अंकों के साथ स्नातक की डिग्री पूरी की हो, अनुसूचित जाति/अनुसूचित जनजाति के उम्मीदवारों के लिए 45% अंक प्राप्त किए हों। |
| एम.पी.एच. (मास्टर इन पब्लिक हेल्थ) | 2 वर्ष | |

For Online Registration : www.vau.in, Contact No. 05842297879
E-mail : admission @vau.edu.in, info@vau.edu.in.
प्रवेश हेतु संपर्क करें
डॉ. अनिल पाल (डिप्टी रजिस्ट्रार) मो. 9956248504
डॉ. अमित सिंह (डिप्टी मेडिकल सपरिटेंडेन्ट) मो. 7521001987

## एक नजर

### तमिलनाडु के जल संसाधन मंत्री अस्पताल में भर्ती

**चेन्नई।** तमिलनाडु में सत्तारूढ़ द्रमुक के वरिष्ठ नेता एवं जल संसाधन मंत्री दुरईमुरुगन की शनिवार को तबीयत बिगड़ने के बाद अस्पताल में भर्ती कराया गया। दुरईमुरुगन विक्रवंडी विधानसभा सीट पर हुए उपचुनाव में द्रमुक की भारी जीत के लिए पार्टी अध्यक्ष एवं मुख्यमंत्री एम के स्टालिन को बधाई देने के लिए आज दोपहर पार्टी मुख्यालय अन्ना अरिवलयम आए थे। इस बीच उनकी तबियत बिगड़ गई। द्रमुक उप महासचिव को प्राथमिक उपचार के बाद अपोलो अस्पताल ले जाया गया। उनके बेटे एवं द्रमुक सांसद कथिर आनंद उनके साथ अस्पताल पहुंचे।

### रायपुर में कोयला कारोबारी के ऑफिस पर गोलीबारी

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में तेलीबांधा थाने के पास कोयला कारोबारी के ऑफिस पर शनिवार को गोली चलने की बड़ी घटना सामने आई है। झारखंड के अमन साहू गिरोह द्वारा घटना को अंजाम दिए जाने के कयास लगाए गए हैं। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार तेलीबांधा थाना अंतर्गत पचपेड़ी नाका से तेलीबांधा के बीच सर्विस रोड पर कोयला कोराबार से जुड़े पीपीए ग्रुप के ऑफिस के सामने मोटरसाइकिल सवार दो लोग हवाई फायर कर भाग निकले। एसएसपी संतोष सिंह ने बताया कि गोलीबारी की घटना सामने आई है।

### जगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार खुलेगा आज

**भुवनेश्वर।** पुरी में 12वीं सदी के श्रीजगन्नाथ मंदिर का रत्न भंडार रविवार को खोला जाएगा। राज्य के कानून मंत्री पृथ्वीराज हरिचंदन ने शनिवार को बताया कि मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने भंडार खोलने की मंजूरी दी है, जो 1978 में खोला गया था। राज्य सरकार ने 4 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट के पूर्व न्यायाधीश अरिजीत पशायत की समिति को भंग कर उड़ीसा हाईकोर्ट के पूर्व न्यायाधीश बिस्वनाथ रथ की अध्यक्षता में समिति का गठन किया। भंडार में आभूषणों सहित कीमती सामानों की सूची के लिए 16 सदस्यीय समिति का गठन किया गया था।

### बालाजी की जमानत पर 22 को होगी सुनवाई

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने तमिलनाडु के पूर्व मंत्री वी सेंथिल बालाजी की जमानत याचिका पर सुनवाई 22 जुलाई तक के लिए स्थगित कर दी है। बालाजी को पिछले साल धन शोधन के एक मामले में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने गिरफ्तार किया था। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और ऑगस्टीन जॉर्ज मसीह की पीठ ने समय की कमी से शुक्रवार को मामले की सुनवाई रद कर दी।

# भारत जल्द बन जाएगा तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था : प्रधानमंत्री मोदी

## मुंबई में 30 हजार करोड़ की परियोजनाओं का किया शिलान्यास एवं लोकार्पण

मुंबई, एजेंसी

प्रधानमंत्री मोदी ने शनिवार को कहा कि भारत जल्द तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बन जाएगा। मुंबई के बांद्रा-कुर्ला कॉम्प्लेक्स में इंडियन न्यूजपेपर सोसायटी के सचिवालय आईएनएस टावर का उद्घाटन करने के बाद वह बोले। इसके साथ ही प्रधानमंत्री ने मुंबई और आसपास के क्षेत्रों में सम्पर्क सुविधाओं के लिए 30 हजार करोड़ की सड़क और रेल परियोजनाओं का शिलान्यास एवं लोकार्पण किया।



मोदी ने इसका भी जिक्र किया कि कैसे भारत डिजिटल भुगतान में अग्रणी बन गया है। भारत के यूपीआई व डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे से लोगों की जिंदगी आसान हुई है और उनके लिए एक देश से दूसरे देश में पैसे भेजना आसान हुआ है।

प्रधानमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय जनतांत्रित गठबंधन (राजग) सरकार ही स्थिरता और स्थायित्व दे सकती है। उनकी सरकार अपने तीसरे कार्यकाल में तीन गुना रफ्तार से काम करेगी। कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस, मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे, पीयूष गोयल और रामदास अट्ठावले, देवेंद्र फडणवीस और अजित पवार उपस्थित थे।

### तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नौकरियां हुईं सृजित

मोदी ने कहा कि आरबीआई के अनुसार, तीन-चार वर्षों में आठ करोड़ नई नौकरियां उपलब्ध हुईं। मोदी मुंबई के गोरेगांव उपनगर में क्षेत्र में सड़क, रेलवे और बंदरगाह क्षेत्रों में 29,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत और आधारशिला रखने के बाद कार्यक्रम को संबोधित किया। मोदी ने कहा कि आरबीआई ने रोजगार पर विस्तृत रिपोर्ट प्रकाशित की है। इस आंकड़े ने नौकरियों पर फर्जी खबरें फैलाने वालों को चुप कर दिया है। देश में कौशल विकास और रोजगार की जरूरत है और हमारी सरकार इस दिशा में काम कर रही है। मुंबई और उसके आसपास की आगामी बुनियादी ढांचा परियोजनाओं से शहर के आसपास के इलाकों से कनेक्टिविटी बढ़ेगी।

# संविधान की आत्मा पर प्रहार करने वाले संविधान हत्या दिवस मनाएंगे : प्रियंका

नई दिल्ली, एजेंसी

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने केंद्र सरकार और भाजपा पर शनिवार को निशाना साधते हुए कहा कि इसमें आश्चर्य की क्या बात है कि संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार करने वाले लोग संविधान हत्या दिवस मनाएंगे। केंद्र ने 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने का निर्णय लिया है। इसी दिन 1975 में आपातकाल की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा है कि संविधान हत्या दिवस 25 जून को मनाया जाना हमें याद दिलाएगा कि जब संविधान को रौंदा गया था, तो क्या हुआ था।

प्रियंका ने एक्स पर किए पोस्ट में कहा कि भारत की महान जनता ने ऐतिहासिक लड़ाई लड़कर अपनी आजादी और अपना संविधान हासिल किया है। जिन्होंने संविधान को बनाया, जिनकी संविधान में आस्था है, वे ही संविधान की रक्षा करेंगे। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि संविधान लागू होने का विरोध किया, संविधान की समीक्षा करने के लिए आयोग बनाया, संविधान खत्म करने का आह्वान किया, अपने फैसलों और कृत्यों से बार-बार संविधान और लोकतंत्र की आत्मा पर प्रहार किया, वे नकारात्मक राजनीति वाला संविधान हत्या दिवस मनाएंगे ही, इसमें आश्चर्य कैसा?



- कांग्रेस महासचिव ने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा

### शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने की आलोचना

**मुंबई।** शिवसेना (यूबीटी) और राकांपा (एसपी) ने केंद्र सरकार की 25 जून को संविधान हत्या दिवस के रूप में मनाने के फैसले की आलोचना की। 25 जून 1975 को आपातकाल की घोषणा की गई थी। शिवसेना नेता संजय राउत ने कहा कि 50 साल पहले आपातकाल लागू हुआ था, लेकिन भाजपा भविष्य के बजाय अतीत को ही देखती रहती है। राकांपा (एसपी) ने कहा कि अगर भाजपा ने लोकसभा चुनाव में 400 सीटें जीती होतीं, तो वह संविधान बदली दिवस की घोषणा करती।

## 4 पर धोखाधड़ी, साजिश का आरोप तय करने का आदेश

फिक्सिंग मामला

**नई दिल्ली।** भारत और दक्षिण अफ्रीका में 2000 में खेले गए क्रिकेट मैच को फिक्स करने के आरोपी चार लोगों के खिलाफ कोर्ट ने साजिश और धोखाधड़ी के आरोप तय करने का आदेश दिया है। अतिरिक्त मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट नेहा प्रिया इस मामले में राजेश कालरा, कृष्ण कुमार, सुनील दारा और संजीव चावला के खिलाफ सुनवाई कर रही थीं। इनके खिलाफ चाणक्यपुरी थाना पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

मामले में उस समय की द. अफ्रीकी टीम के कप्तान हैंसी क्रोन्ये को भी आरोपी बनाया गया था जिनकी बाद में मौत हो गई थी। कोर्ट ने मौजूद सबूतों पर गौर करते हुए कहा कि घटनाओं के क्रम, बातचीत के रिकॉर्ड, आचरण और परिस्थितियों से पता चलता है कि चावला द्वारा हैंसी क्रोन्ये के साथ किए सौदों में कालरा, कृष्ण और दारा की मिलीभगत है। इस मामले की अगली सुनवाई 31 जुलाई को होगी।

## शहीद की विधवा पर टिप्पणी, प्राथमिकी दर्ज

**नई दिल्ली।** कीर्ति चक्र पुरस्कार विजेता (मरणोपरांत) कैप्टन अंशुमान सिंह की विधवा स्मृति सिंह पर कथित अपमानजनक टिप्पणी के मामले में दिल्ली पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस ने शनिवार को कहा कि इस संबंध में राष्ट्रीय महिला आयोग की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) 2023 की धारा 79 और आईटी अधिनियम 2000 की धारा 67 के तहत प्राथमिकी स्पेशल सेल थाने में दर्ज हुई है। महिला आयोग से शिकायत मिली, जिसमें आरोप है कि फेसबुक प्रोफाइल से शहीद की विधवा की तस्वीर पर अपमानजनक टिप्पणी की गई है।

## जीप ने सड़क किनारे सो रहे 4 लोगों को कुचला, दो की मौत

जालंधर, एजेंसी

पंजाब के महानगर जालंधर के पठानकोट चौक में शुक्रवार देर रात तेज रफ्तार जीप ने सड़क किनारे सो रहे चार लोगों को कुचल दिया। जिनमें से दो की मौत हो गई और दो की हालत गंभीर है।

नॉर्थ जालंधर के सहायक आयुक्त (एसीपी) दमनबीर सिंह ने शनिवार को कहा कि जीप चालक को हिरासत में ले लिया है। मृतकों या घायलों की पहचान नहीं हो सकी है। केस दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है।

### जम्मू के डोडा में बस खाई में गिरी, तीन की मौत

**जम्मू।** जम्मू कश्मीर के डोडा जिले में शनिवार को बस के सड़क से फिसलकर 200 फुट गहरी खाई में गिरने से तीन लोगों की मौत हो गई और 24 घायल हुए हैं। अधिकारियों ने बताया कि यह दुर्घटना पूर्वाह्न 10 .25 बजे भटयास के पास हुई। बस भलेसा से थाथरी जा रही थी। बचावकर्मियों को घटनास्थल पर एक महिला मृत मिली, जबकि दो अन्य यात्री ने अस्पताल में दम तोड़ दिया। आठ घायलों की हालत गंभीर है।

## स्पाइवेयर से मेरे फोन को बनाया निशाना

- कांग्रेस नेता वेणुगोपाल ने लगाया आरोप

**नई दिल्ली।** कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने शनिवार को मोदी सरकार पर उनके फोन को स्पाइवेयर से निशाना बनाने का आरोप लगाया और कहा इस घोर असंवैधानिक कृत्य तथा निजता के हनन का विरोध होगा। वेणुगोपाल ने एप्पल की ओर से भेजे संदेश का स्क्रीनशॉट साझा किया, जिसमें कहा गया है आपको एक ऐसे स्पाइवेयर हमले द्वारा निशाना बनाया जा रहा है जो आपके एप्पल आईडी से जुड़े आईफोन को प्रभावित करने की कोशिश कर रहा है।

## खुशी के मौके पर भी दी जा सकती है पैरोल : हाईकोर्ट

**मुंबई।** बंबई हाईकोर्ट ने एक व्यक्ति को पढ़ाई के लिए ऑस्ट्रेलिया जा रहे उसके बेटे को विदा करने के लिए पैरोल दी और कहा कि यदि दुख बांटने के लिए पैरोल दी जा सकती है तो, खुशी के अवसर पर यह मिलनी चाहिए। कोर्ट ने कहा कि दोषियों को थोड़े समय के लिए सशर्त रिहाई दी जाती है, ताकि वे बाहरी दुनिया से संपर्क में रह सकें और पारिवारिक मामलों की व्यवस्था कर सकें, क्योंकि अपराधी किसी का बेटा, पति, पिता या भाई होता है। न्यायमूर्ति भारती डांगरे और न्यायमूर्ति मंजूषा देशपांडे की खंडपीठ ने नौ जुलाई के आदेश में कहा कि पैरोल और फरलो के प्रावधानों को समय समय पर दोषियों के प्रति मानवतावादी दृष्टिकोण के रूप में देखा गया है। अदालत विवेक श्रीवास्तव की याचिका पर सुनवाई कर रही थी, जिसमें उसने आस्ट्रेलिया के विश्वविद्यालय में अपने बेटे की शिक्षा के लिए ट्यूशन फीस और अन्य खर्चों का प्रबंध करने तथा उसे विदा करने के लिए पैरोल मांगी थी।

## केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही भाजपा

नई दिल्ली, एजेंसी

आप के राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने शनिवार को दावा किया कि भाजपा और केंद्र सरकार दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल की जिंदगी से खेल रही है, जिनका वजन जेल में रहने के दौरान 8.5 किलोग्राम कम हो गया है और रक्त में शर्करा का स्तर 50 मिलीग्राम/डीएल से नीचे पांच बार जा चुका है। सिंह के दावों पर भाजपा की ओर से तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं आई है।

सिंह ने कहा कि केजरीवाल की स्वास्थ्य स्थिति ऐसी है कि अगर उन्हें जल्द जेल से बाहर नहीं लाया गया और इलाज नहीं किया गया तो उनके साथ कोई भी गंभीर घटना घट सकती है। जब 21 मार्च को प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने आबकारी नीति से जुड़े धनशोधन मामले में केजरीवाल को गिरफ्तार किया था, तब उनका वजन 70 किलोग्राम था, जो कम होकर 61.5 किलोग्राम रह गया है। सिंह ने दावा किया कि उनका वजन लगातार घटने का कारण अज्ञात है, क्योंकि कोई जांच नहीं हुई है।

सिंह ने कहा कि वजन घटना किसी गंभीर बीमारी का संकेत है। केजरीवाल का परिवार, आप और उनके शुभचिंतक जेल में उनकी स्वास्थ्य स्थिति को लेकर चिंतित हैं। उच्चतम न्यायालय ने ईडी द्वारा दर्ज मामले में दिल्ली के मुख्यमंत्री को शुक्रवार को अंतरिम जमानत दे दी थी। हालांकि, आबकारी नीति घोटाला मामले में सीबीआई द्वारा गिरफ्तार किए जाने के कारण वह अभी भी जेल में ही हैं।



- आप नेता बोले- जेल में रहने के दौरान केजरीवाल का वजन 8.5 किलो घटा

## अजमेर की लोक अदालत में 45 मामले निस्तारित

**अजमेर।** राजस्थान में अजमेर स्थित राजस्व मंडल मुख्यालय पर शानिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत 45 प्रकरण निस्तारित किये गए। राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत राजस्व प्रकरणों के निस्तारण को लेकर राजस्व मंडल के अध्यक्ष राजेश्वर सिंह के निर्देशानुसार राजस्व मंडल के स्तर पर गठित पीठ के माध्यम से शनिवार को 45 प्रकरणों का निस्तारण किया जा सका। इससे पहले अजमेर मण्डल परिसर में दीप प्रज्वलित करके राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत शुभारम्भ किया गया।

## बाढ़ से एक और मौत, 8.4 लाख लोग प्रभावित

गुवाहाटी, एजेंसी

- असम में बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से जान गंवाने वाले की संख्या हुई 107

असम में बाढ़ से एक और व्यक्ति की मौत हो गई, वहीं 20 जिलों में 8.4 लाख से अधिक लोग प्रभावित हैं। असम राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एएसडीएमए) की दैनिक बाढ़ रिपोर्ट के अनुसार धेमाजी जिले के गोगामुख राजस्व क्षेत्र में एक व्यक्ति की मौत हो गई। साथ ही इस वर्ष बाढ़, भूस्खलन, तूफान और बिजली गिरने से संबंधित घटनाओं में जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या 107 हो गई है।

रिपोर्ट के अनुसार बारपेटा, कछार, चिरांग, दरांग, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, गोलाघाट, हैलाकांडी, जोरहाट, कामरूप, कामरूप मेट्रोपॉलिटन, करीमगंज, माजुली, मोरीगांव, नगांव, नलबाड़ी, शिवसागर और दक्षिण सलमारा जिलों में 8,40,000 से अधिक लोग बाढ़ से प्रभावित हैं। इनमें कछार सबसे अधिक 1.5 लाख लोग प्रभावित हैं। धुबरी में 1.27 लाख और नगांव 88,500 लोग बाढ़ से जूझ रहे हैं। शुक्रवार तक राज्य के 23 जिलों में 12.33 लाख से अधिक लोग प्रभावित थे। प्रशासन 13 जिलों में 221 राहत शिविर और राहत वितरण केंद्र चला रहा है, जिनमें 72,046 विस्थापित लोग शरण लिए हैं।

एएसडीएमए ने कहा कि 1,705 गांव जलमग्न हैं और असम में 39,898.92 हेक्टेयर में लगी फसलें बर्बाद हो गई हैं। बारपेटा, धेमाजी, धुबरी, डिब्रूगढ़, ग्वालपाड़ा, कोकराझार, बोंगाईगांव, कछार, चराईदेव, गोलाघाट, मोरीगांव, नगांव और शिवसागर में बाढ़ से तटबंध, सड़कें, पुल और अन्य बुनियादी ढांचे को नुकसान पहुंचा है। ब्रह्मपुत्र नदी निमाटीघाट, तेजपुर और धुबरी में खतरे के निशान से ऊपर बह रही है। इसकी सहायक नदियां भी खतरे के निशान से ऊपर हैं। बराक नदी की सहायक नदी कुशियारा भी करीमगंज शहर में खतरे के निशान से ऊपर है।

# कारोबार/कृषि

## लखनऊ मंडी

**अनाज प्रति कुन्तल** गेहूँ (आरआर 21) 2360-2800, गेहूँ (के 65) 3500-3800, बाजरा 2200-2300, मक्का 2700-2800, जौ 2900-3000, **चावल प्रति कुन्तल** चावल सेल्हा 2800-3100, चावल बासमती 7000-8000, चावल मोटा 2800-3000, चावल मन्सूरी 3200-3500, चावल शक्कर चीनी 4800-5200, चावल गोल्डन सेल्हा 5600-8600, चावल राजरानी 7000-7500, **दाल दलहन** चना देशी 6800-7000, चना फार्मी 7200-7500, चना काबली 14500-17000, मटर हरा 6000-6200, मटर सफेद 6100-6500, दाल चना 8000-8400, दाल मटर 6400-6500, उड़द हरा 12000-12500, उड़द काला 9000-9500, दाल उड़द हरी 15500-16000, दाल उड़द काली 10500-11000, दाल उड़द धोवा 12000-12500, मूँग खड़ा 10000-10500, मूँग दाल 10500-11000, मूँग धोवा 12000-13000, मसूर 8800-9000, मलका 9000-9500, दाल अरहर फूल 16000-17000, दाल स्पेशल 13000-14000, राज्मा सफेद 13000-14000, राज्मा काला 11500-12500, मूँगफली का दाना 11000-12000, **तेल तिलहन** अलसी 5310-5510, लाही 4800-5200, काली सरसों 4900-5300, पीली सरसों 5600-5800, तेल सरसों 1475-1900, तेल अलसी 2600-2700, तेल तिल्ली 2600-2700, तेल मूँगफली रिफाइन्ड 3400-3500, तेल नारियल 2700-2800, तेल सोयाबीन 1650-1700 वनस्पति बावर्ची 1900, रथ 1950, चीनी (एम 30) 4250 चीनी (एस 30) 4100

## सर्राफा

लखनऊ

| | |
|---|---|
| सोना स्टैंडर्ड | 73,150 |
| सोना रवा | 73,000 |
| सोना गिन्नी (प्रति नग) | 42,500 |
| चांदी तैयार | 92,100 |
| चांदी (999) | 92,000 |
| चांदी सिक्के (100 नग) | 80,000 |

# इस्पात पिघला, आया 4 हजार रुपये टन का अंतर

## डिमांड घटने से स्टील के दाम में दर्ज की गई गिरावट, स्टील पाइप के दरों में भी आई कमी

- बारिश के चलते निर्माण कार्य पर ब्रेक लगने से फुटकर बाजार में डिमांड घटी
- लोकल रायपुर और गैलेंट, टाटा-जिंदल आदि नामी-गिरामी ब्रांड के भाव भी गिरे

नीरज मिश्र

**अमृत विचार :** बारिश के मौसम में डिमांड के घटते ही स्टील के दाम में लंबे समय के बाद बड़ी गिरावट दर्ज की गई है। करीब 4,000 रुपये प्रति टन का अंतर बाजार भाव में आया है। वहीं प्रति क्विंटल देखा जाए तो सरिया की कीमत में 400 रुपये का फर्क पड़ा है।

62 हजार रुपये से घटकर इसका भाव 58,000 रुपये प्रति टन हो गया है। यही नहीं बड़े ब्रांड की कंपनियों ने भी अपने सरिया की कीमतों में कमी की है। वहीं भाव में गिरावट से लोहे के पाइप के दाम भी नीचे आए हैं। लगातार गिरते भाव से इस्पात पिघलता सा नजर आ रहा है।



| ब्रांड | पुरानी दर | मौजूदा दर (कीमत प्रति टन) |
|---|---|---|
| लोकल एवं रायपुर | 60,000 | 56,000 से 57,000 |
| गैलेंट | 62,000 | 58,000 से 60,000 |
| टाटा-जिंदल आदि | 78,000 | 75,000 से 76,000 |
| स्टील पाइप | 70,000 | 65,000 से 67,000 |

"निर्माण कार्य रुकने से डिमांड नहीं है। थोक बाजार हो या फुटकर सभी में महज 30 से 40 फीसद मजबूरी वाला सौदा रह गया है। सभी ब्रांड सस्ते हैं। चाहे वह लोकल हो या बड़े ब्रांड के टाटा और जिंदल जैसे नाम। सभी के भाव में लगातार गिरावट बनी हुई है।

-विशाल अग्रवाल, आयरन स्टील के थोक कारोबारी

"स्टील सस्ती हो गई है। अरसे बाद इस्पात का भाव नीचे आया है। या यूं कहे कि पुराने रेट को छू रहा है तो गलत न होगा। स्टील की डिमांड कम है। ऐसे में कीमतें गिर रही हैं। सरिया सस्ती है लेकिन खपत नहीं है।

-श्याममूर्ति गुप्ता, प्रदेश अध्यक्ष उप्र. सीमेंट व्यापार संघ

### फुटकर कारोबार रह गया है महज 30 से 40 फीसद

निर्माण कार्य बंद होने से बाजार शांत है। सरिया का फुटकर बाजार का लगातार डाउन है। माल डंप है। डिमांड बिल्कुल नहीं है।

# कॉरपोरेट अग्रिम कर में वृद्धि से प्रत्यक्ष कर संग्रह 5.74 लाख करोड़ रुपये

नई दिल्ली, एजेंसी

- अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ रुपये हुई

कॉरपोरेट कंपनियों के अग्रिम कर भुगतान में वृद्धि से चालू वित्त वर्ष (2024-25) में अब तक शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़कर 5.74 लाख करोड़ से अधिक हो गया है। अग्रिम कर की पहली किस्त 27.34% बढ़कर 1.48 लाख करोड़ हो गई। यह 15 जून को देनी होती है। इसमें 1.14 लाख करोड़ का निगम आयकर (सीआईटी) और 34,470 करोड़ रुपये का व्यक्तिगत आयकर (पीआईटी) शामिल है।

केंद्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड (सीबीडीटी) के शनिवार को जारी आंकड़ों के अनुसार, 11 जुलाई तक का शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 5,74,357 करोड़ रुपये है। इसमें 2,10,274 करोड़ का सीआईटी और 3,46,036 करोड़ का पीआईटी है। प्रतिभूति लेनदेन कर (एसटीटी) ने प्रत्यक्ष कर संग्रह में 16,634 करोड़ का योगदान दिया। गत वर्ष इसी अवधि में शुद्ध प्रत्यक्ष कर संग्रह 4,80,458 करोड़ था। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70,902 करोड़ रुपये का रिफंड जारी हुआ है, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि के दौरान जारी रिफंड से 64.4% अधिक है। अप्रैल से 11 जुलाई तक प्रत्यक्ष करों का सकल संग्रह (रिफंड समायोजन से पहले) 6.45 लाख करोड़ रहा, जबकि एक वर्ष पूर्व यह 5.23 लाख करोड़ था, जो 23.24% की वृद्धि है।

### प्रत्यक्ष कर संग्रह 19.54% बढ़ा

आयकर विभाग ने आयकर संग्रह के आंकड़े जारी किये, जिसके अनुसार इस अवधि में सकल प्रत्यक्ष कर संग्रह 645259 करोड़ रुपये रहा है जो वित्त वर्ष 2023-24 की समान अवधि के 523563 करोड़ रुपये की तुलना में 23 .24% अधिक है। चालू वित्त वर्ष में 11 जुलाई तक 70902 करोड़ का रिफंड जारी किया जा चुका है जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 43105 करोड़ रुपये की तुलना में 64 .49 % अधिक है।

## बीएसएनएल को एमटीएनएल सौंपने पर विचार, विलय की संभावना नहीं

**नई दिल्ली।** सरकार समझौते के जरिए महानगर टेलीफोन निगम लिमिटेड (एमटीएनएल) का संचालन बीएसएनएल को सौंपने के विकल्प पर विचार कर रही है। सरकार विलय की जगह इस विकल्प पर विचार कर रही है। इस पर अंतिम फैसला एक महीने में लिए जाने की संभावना है।

एमटीएनएल का संचालन समझौते के जरिए भारत संचार निगम लिमिटेड (बीएसएनएल) को सौंपने के विकल्प पर विचार हो रहा है। एमटीएनएल के कर्ज को देखते हुए बीएसएनएल के साथ विलय अनुकूल विकल्प नहीं है। फैसले के बाद प्रस्ताव सचिवों के सामने रखा जाएगा और मंत्रिमंडल इस पर अंतिम निर्णय लेगी। एमटीएनएल ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा था कि वह बॉण्डधारकों को ब्याज का भुगतान करने में असमर्थ है। यह ब्याज 20 जुलाई को देय है। एमटीएनएल, दूरसंचार विभाग व बीकन ट्रस्टीशिप लिमिटेड के बीच हस्ताक्षरित त्रिपक्षीय समझौते के अनुसार एमटीएनएल को 10 दिन पहले एस्क्रो खाते में राशि के साथ अर्धवार्षिक ब्याज का भुगतान करना होगा।

# सब्जियों की कम आपूर्ति, ऊंचे दामों से बिगड़ा बजट

नई दिल्ली, एजेंसी

हिमाचल प्रदेश जैसे राज्यों में देर से हुई बारिश से फसलों को हुए नुकसान से दिल्ली में सब्जियों के दाम आसमान छू रहे हैं। ऐसे में उपभोक्ताओं को टमाटर जैसी रोजमर्रा की चीजें दोगुनी कीमत पर खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। थोक बाजारों में दुकानदारों ने बताया कि खासतौर पर आलू, प्याज और टमाटर जैसी वस्तुओं के साथ फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में उछाल आया है।

आजादपुर सब्जी मंडी के व्यापारी संजय भगत ने बताया कि फिलहाल टमाटर का थोक भाव 50 से 60 रुपये प्रति किलो है। स्थानीय किस्म का टमाटर 1,200 रुपये प्रति 28 किलो (एक क्रेट) और हाइब्रिड 1,400 से 1,700 रुपये में बिक रहा है। पहले टमाटर का भाव 25-30 रुपये प्रति किलो था। थोक बाजार में अन्य सब्जियों की कीमत 25 से 28 रुपये प्रति किलो है। जो सब्जियां 10 से 15 रुपये में बिकती थीं, वे अब 25 से 30 रुपये में मिल रही हैं। बीन्स की कीमतों में भी बढ़ोतरी हुई है, जो 40 से 50 रुपये प्रति किलो बिक रही हैं। इस साल तेज गर्मी और बारिश में देरी के कारण कीमतों में उछाल आया है। ओखला सब्जी मंडी के व्यापारी ने कहा कि अभी केवल दो जगहों से टमाटर की आपूर्ति हो रही है - कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश। महाराष्ट्र से 10-15 अगस्त के आसपास नई फसल आने तक कीमतें ऊंची रहेंगी।



- आलू, प्याज, टमाटर, फूलगोभी, पत्तागोभी और लौकी जैसी हरी सब्जियों के दामों में आया उछाल

### टमाटर की कीमतों में आ सकती है गिरावट

**नई दिल्ली।** टमाटर की खुदरा कीमत 75 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गई है। एक सरकारी अधिकारी के अनुसार दक्षिणी राज्यों से आपूर्ति बढ़ने से आने वाले हफ्तों में इसमें नरमी आने की उम्मीद है। आपूर्ति में बाधा से बढ़ीं टमाटर और प्याज की कीमतों के जल्द स्थिर होने की उम्मीद है। उपभोक्ता मामलों के मंत्रालय के अधिकारी ने कहा कि दिल्ली और कुछ अन्य शहरों में टमाटर, आलू और प्याज की कीमतें बहुत ज्यादा हैं। फिलहाल दिल्ली को हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड से टमाटर की आपूर्ति हो रही है। आंध्र प्रदेश और कर्नाटक से हाइब्रिड टमाटर राष्ट्रीय राजधानी में पहुंचने के साथ ही कीमतों में नरमी आने लगेगी। सरकार सब्सिडी वाले टमाटर की बिक्री को फिर से शुरू करने की योजना नहीं बना रही है।

## सरकार की ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष शुरू करने की तैयारी

**नई दिल्ली।** सरकार कृषि उद्यमियों को समर्थन देने के लिए स्टार्टअप और ग्रामीण उद्यमों के लिए कृषि कोष (एग्रीश्योर) शुरू करने की तैयारी कर रही है। आधिकारिक बयान के अनुसार इस कोष से विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश और कृषि व संबद्ध क्षेत्रों में काम करने वाले स्टार्टअप को ऋण वैकल्पिक निवेश कोष (एआईएफ) संग प्रत्यक्ष इक्विटी समर्थन दिया जाएगा।

इस पहल का उद्देश्य 750 करोड़ रुपये की श्रेणी-2 एआईएफ की स्थापना के जरिए कृषि क्षेत्र में नवाचार और स्थिरता को बढ़ावा देना है। यह कोष इक्विटी और ऋण दोनों को समर्थन देगा और कृषि मूल्य श्रृंखला में उच्च जोखिम, उच्च प्रभाव वाली गतिविधियों को लक्षित करेगा। यह घोषणा मुंबई में नाबार्ड मुख्यालय में की गई। इस कार्यक्रम में वित्तीय संस्थानों, निवेशकों, एआईएफ प्रबंधकों और कृषि स्टार्टअप सहित प्रमुख हितधारकों ने भाग लिया। कृषि और किसान कल्याण विभाग के संयुक्त सचिव अजीत साहू ने इसको बढ़ाने पर जोर दिया।

## गोल्फर अदिति ने हासिल किया कट, दीक्षा बाहर

**एवियन ले बेंस, एजेंसी**

भारतीय ओलंपिक दल की महिला गोल्फर अदिति अशोक ने अमुंडी एवियन चैंपियनशिप में कट में प्रवेश किया जबकि हमवतन दीक्षा डागर ने चिकित्सीय आधार पर दूसरे दौर से हटने का फैसला किया।

खराब मौसम में बिजली चमकने के कारण दिन का खेल निलंबित कर दिया गया। अदिति ने पहले दौर के 71 के कार्ड खेला था और वह दूसरे दौर में एक अंडर 70 के कार्ड से 36 होल में एक अंडर पर बनी हुई थीं। दीक्षा ने पहले दौर में 76 का कार्ड बनाया था लेकिन चिकित्सीय आधार पर उन्होंने हटने का फैसला किया।


अदिति अशोक

### अर्जुन ने हासिल किया कट

**एक्रोन (ओहियो, अमेरिका)।** भारतीय गोल्फर अर्जुन अटवाल (74-71) ने यहां फायरस्टोन कंट्री क्लब में खेले जा रहे कॉलिंग कंपनीज चैंपियनशिप गोल्फ के कट प्रवेश कर लिया है। अटवाल ने दूसरे दौर में दो बर्डी और तीन बोगी के साथ एक ओवर 71 का कार्ड खेला। उन्होंने पहले दौर में चार ओवर 74 का स्कोर किया। वह पांच ओवर 145 के स्कोर के साथ संयुक्त 49वें स्थान पर है।

## भारत के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में हुआ बदलाव

**मुंबई।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने शनिवार को कहा कि भारत के आगामी सफेद गेंद के श्रीलंका दौरे के कार्यक्रम में संशोधन किया गया है और अब यह एक दिन आगे 27 जुलाई से शुरू होगा।

भारतीय टीम इस महीने के अंत में तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय और इतने ही वनडे मैचों के लिए श्रीलंका का दौरा करेगी। कार्यक्रम के पहले के कार्यक्रम के अनुसार पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच 26 जुलाई को खेला जाना था, लेकिन अब यह 27 जुलाई को होगा। इसके बाद दो टी-20 मैच 28 जुलाई और 30 जुलाई को होंगे। सभी मुकाबले पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में खेले जायेंगे।


महिला एकल फाइनल में हार के बाद निराश जैस्मीन पाओलिनी।

## जैस्मीन को हराकर बारबोरा बनीं चैंपियन

**लंदन, एजेंसी**

चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा ने महिला एकल फाइनल में जैस्मीन पाओलिनी को हराकर विंबलडन खिताब अपने नाम किया और अपनी दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी जीती।

28 साल की क्रेजिसिकोवा ने 2021 में फ्रेंच ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। इस सत्र में पीठ की चोट के कारण ऑल इंग्लैंड क्लब में भी वह 32 वरीयता प्राप्त खिलाड़ियों में 31वें नंबर पर थीं। टूर्नामेंट के पिछले आठ चरण से नई महिला चैंपियन निकली हैं और तब से क्रेजिसिकोवा विंबलडन चैंपियन बनने वाली आठवीं महिला खिलाड़ी हैं। पिछले साल का खिताब भी चेक गणराज्य की ही खिलाड़ी के नाम रहा था जो गैर वरीय मार्केटा वोंद्रोयूसोवा थीं जो पिछले हफ्ते यहां पहले दौर में हार गयी थीं। सातवीं वरीय पाओलिनी पिछले महीने फ्रेंच ओपन में उप विजेता रही थीं और वह 2016 में सेरेना विलिम्यस के बाद एक ही सत्र रोलां गैरों और विंबलडन के फाइनल में पहुंचने वाली पहली महिला खिलाड़ी हैं।


● क्रेजिसिकोवा ने जीती दूसरी ग्रैंडस्लैम ट्रॉफी

‹‹ विंबलडन खिताब को चूमतीं चेक गणराज्य की बारबोरा क्रेजिसिकोवा।

### फाइनल देखने आएंगी वेल्स की राजकुमारी केट

**लंदन।** कैंसर का उपचार करा रही ब्रिटेन के वेल्स की राजकुमारी केट मिडलटन विम्बलडन टेनिस चैंपियनशिप में पुरूष एकल फाइनल के विजेता को ट्रॉफी प्रदान करेंगी। मिडलटन ऑल इंग्लैंड लॉन टेनिस की संरक्षक के रूप में फाइनल देखने आएंगी।



### डिएडे डि ग्रूट ने लगातार 15वां खिताब जीता

**लंदन।** डिएडे डि ग्रूट ने शनिवार को ऑल इंग्लैंड क्लब में महिला व्हीलचेयर फाइनल में अपनी छठी विंबलडन एकल ट्रॉफी जीतकर लगातार 15वां ग्रैंड स्लैम खिताब हासिल किया। उन्होंने हमवतन नीदरलैंड की अपनी साथी खिलाड़ी एनीक वैन कूट को हराया। डिएडे डि ग्रूट ने लगातार मेजर खिताबों के रिकॉर्ड में इजाफा करते हुए अपनी ट्रॉफियों की कुल संख्या 23 कर दी।

# जिम्बाब्वे पर भारी पड़ी भारतीय सलामी जोड़ी

### शतक से चुके जायसवाल, गिल ने जड़ा अर्धशतक, बिना विकेट गंवाए जीता चौथा मैच, शृंखला में 3-1 की अजेय बढ़त




**हरारे, एजेंसी**

सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल (नाबाद 93) के ताबड़तोड़ और कप्तान शुभमन गिल (नाबाद 58) के संयमित अर्धशतक तथा दोनों के बीच पहले विकेट के लिए 156 रन की अटूट साझेदारी से भारत ने शनिवार को यहां चौथे टी-20 अंतर्राष्ट्रीय मुकाबले में जिम्बाब्वे को 10 विकेट से रौंदकर पांच मैच की शृंखला में 3-1 से अजेय बढ़त हासिल की।

भारत ने इस तरह जिम्बाब्वे पर दूसरी दफा 10 विकेट के अंतर से जीत हासिल की। 2016 में इसी स्थल पर भारत ने मेजबान टीम को 10 विकेट से हराया था। भारत ने टॉस जीतकर गेंदबाजी का फैसला करते हुए कामचलाऊ गेंदबाज शिवम दूबे और अभिषेक शर्मा के शानदार प्रदर्शन से जिम्बाब्वे को सात विकेट पर 152 रन पर रोक दिया। फिर जायसवाल और गिल की मदद से उछाल भरी पिच पर यह लक्ष्य महज 15.2 ओवर में 156 रन बनाकर हासिल कर लिया। जायसवाल ने 53 गेंद की नाबाद पारी में 13 चौके और दो छक्के जड़े थे। गिल ने 39 गेंद की नाबाद पारी के दौरान छह चौके और दो छक्के जमाए।

इससे पहले जिम्बाब्वे के कप्तान सिकंदर रजा ने 28 गेंद में 46 रन की पारी खेली, लेकिन भारत के पांचवें गेंदबाज अभिषेक (तीन ओवर में 20 रन देकर एक विकेट) और छठे विकल्प दूबे (दो ओवर में 11 रन देकर एक विकेट) ने अच्छे गेंदबाजी प्रयास से जिम्बाब्वे को दबाव में रखा। इन्होंने खतरनाक दिख रही वेस्ले माधेवेरे (24 गेंद में 25 रन) और टाडीवानाशे मारूमनी (31 गेंद में 32 रन) की सलामी जोड़ी को आउट करके मध्य ओवरों में लगाम कसी। कप्तान रजा ने अपनी पारी में तीन छक्के और दो चौके लगाकर जिम्बाब्वे को 150 से अधिक रन के स्कोर तक पहुंचाया।

पदार्पण करने वाले मध्यम गति के गेंदबाज तुषार देशपांडे (तीन ओवर में 30 रन देकर एक विकेट) का पहला स्पैल काफी अधिक फुल लेंथ वाली गेंद या बहुत शॉर्ट गेंद लेंथ वाला रहा। पहले तीन मैच में जिम्बाब्वे के लिए पहले विकेट की सर्वश्रेष्ठ साझेदारी नौ रन की थी लेकिन माधेवेर और मारूमनी ने 63 रन की साझेदारी निभायी, हालांकि यह इतनी तेज नहीं थी। बायें हाथ के स्पिनर अभिषेक ने पहले विकेट की साझेदारी तोड़ी। उनकी गेंद पर मारूमनी पुल शॉट को टाइम नहीं कर सके और रिंकू सिंह के हाथों कैच आउट हुए। दूबे ने फिर माधेवेरे को आउट किया। उनका कैच भी रिंकू ने ही लपका। दूसरे मैच में अच्छी बल्लेबाजी करने वाले ब्रायन बेनेट (14 गेंद में नो रन) को वाशिंगटन ने अपना शिकार बनाया। दूबे और अभिषेक ने 'विकेट टू विकेट' गेंदबाजी करते हुए स्कोर गति पर लगाम कसी।

### स्कोर बोर्ड

**जिम्बाब्वे 152/7 (20 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| वेस्ली माधेवेर का रिंकू सिंह बो शिवम दूबे | 25 | 24 | 4/0 |
| मारूमनी का रिंकू सिंह बो अभिषेक | 32 | 31 | 3/0 |
| ब्रायन बेनेट का जायसवाल बो सुंदर | 9 | 14 | 0/0 |
| सिंकदर रजा का गिल बो देशपांडे | 46 | 28 | 2/3 |
| जोनाथन कैंपबेल रन आउट | 3 | 3 | 0/0 |
| डायन मेयर्स का एवं बो खलील अहमद | 12 | 13 | 0/0 |
| मडांडे का रिंकू सिंह बो खलील अहमद | 7 | 5 | 1/0 |
| फराज अकरम नाबाद | 4 | 3 | 0/0 |

**अतिरिक्त** : 14, **गेंदबाजी** : खलील अहमद 4-0-32-2, तुषार देशपांडे 3-0-30-1, रवि बिश्नोई 4-0-22-0, वाशिंगटन सुंदर 4-0-32-1, अभिषेक शर्मा 3-0-20-1, शिवम दूबे 2-0-11-1

**भारत 156/0 (15.2 ओवर)**

| | रन | गेंद | 4/6 |
|---|---|---|---|
| यशस्वी जायसवाल नाबाद | 93 | 53 | 13/2 |
| शुभमन गिल नाबाद | 58 | 39 | 6/2 |

**अतिरिक्त** : 5, **गेंदबाजी** : नगारवा 3-0-27-0, ब्लेसिंग मुजारबानी 3.2-0-25-0, टेंडाई चतारा 2-0-23-0, फराज अकरम 4-0-41-0, सिकंदर रजा 2-0-24-0, ब्रायन बेनेट 1-0-16-0

## इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान को हराकर जीता खिताब

**लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप**

● रायुडू का अर्धशतक यूसुफ ने खेली शानदार पारी

**बर्मिंघम, एजेंसी**

अंबाती रायुडू (50) और यूसुफ पठान की (30) रनों की शानदार तूफानी पारियों की बदौलत इंडिया चैंपियंस ने पाकिस्तान को फाइनल मुकाबले में पांच विकेट से हराकर लीजेंड्स विश्व चैंपियनशिप का खिताब अपने नाम किया।

खिताबी मुकाबले में 157 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी इंडिया चैंपियंस की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने तीन ओवर में 38 के स्कोर पर अपने दो विकेट गवां दिये थे। रॉबिन उथप्पा (10) और सुरेश रैना (4) रन बनाकर आउट हुए। ऐसे समय में अंबाती रायुडू और गुरकीरत सिंह ने पारी को संभाला और तीसरे विकेट के लिए 60 रन जोड़े। रायुडू ने 30 गेंदों में पांच चौके और दो छक्के लगाते हुए 50 रन बनाए। गुरकीरत सिंह 34 रन बनाकर आउट हुए। युवराज और यूसुफ ने पांचवें विकेट के लिए 42 रन जोड़े। 19वें ओवर में वहाब ने यूसुफ को आउट कर साझेदारी को तोड़ा। यूसुफ ने 16 गेंदों में 30 रन बनाए। युवराज सिंह (15) और इरफान (5) रन बनाकर नाबाद रहे। इंडिया चैंपियंस ने 19.1 ओवर में पांच विकेट पर 159 रन बनाकर पांच विकेट से मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले पाकिस्तान ने आज यहां टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। शोएब मलिक (41) रनों की पारी के दम पर पाकिस्तान चैंपियंस ने इंडिया चैंपियंस को जीत के लिये 157 रनों का लक्ष्य दिया। दूसरे ही ओवर में अनुरीत सिंह ने शरजील खान (12) को आउटकर पवेलियन भेज दिया। इसके बाद कमरान अकमल ने सोहेब मकसूद के साथ पारी संभालने का प्रयास किया। पांचवें ओवर में विनय ने सोहेब मकसूद (21) को आउट कर भारत को दूसरी सफलता दिलाई। कप्तान यूनुस खान को इरफान पठान ने बोल्ड आउट किया। मिस्बाह उल हक नाबाद (18) रिटायर्ड हुए। आमेर यमीन (7) रन बनाकर आउट हुए। शोएब मलिक ने 36 गेंदों में 41 रन बनाए। अफरीदी (4) और सोहेल तनवीर (19) पर नाबाद रहे। भारत की ओर से अनुरीत सिंह ने तीन विकेट लिए। रंगनाथ विनय, पवन नेगी, हरभजन और इरफान ने एक-एक बल्लेबाज को आउट किया।

## अनाहत, टियाना विश्व जू. स्क्वैश के तीसरे दौर में

**ह्यूस्टन।** भारत की अनाहत सिंह और उनकी हमवतन टियाना पारसरामपुरिया विश्व जूनियर स्क्वैश चैंपियनशिप में में जीत दर्ज करते हुए लड़कियों के वर्ग में तीसरे दौर में पहुंच गईं है।

ह्यूस्टन में खेले गए मुकाबले में 16 वर्षीय राष्ट्रीय चैंपियन अनाहत सिंह ने दक्षिण अफ्रीका की डेने वान जिल को 11-3, 11-2, 11-6 से हराया। अगले दौर में अनाहत का मुकाबला अमेरिका की सामंथा जाफी से होगा। लड़कों के वर्ग में पहले दौर में पांच भारतीय खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की। अयान वजीरल्ली ने सऊदी अरब के मोहम्मद अलनासफान को हराया। शौर्य बावा ने पाकिस्तान के मोहम्मद अम्माद को पराजित किया। अरिहंत केएस ने फिलीपींस के जोनाथन रेयेस को हराया। युवराज ने जापान के शू ताकाहाशी को पराजित किया। अवलोकित ने कैस्पर चेउंग को हराया।

## पूर्व ओलंपियंस बोले- सतत चलनी चाहिए तैयारी

**कोलकाता, एजेंसी**

पूर्व ओलंपियनों का मानना है कि ओलंपिक खेलों के लिए भारत की तैयारी सतत चलने वाली प्रक्रिया होनी चाहिए और अधिकारियों को खेलों के कुछ महीने पहले ही नहीं जागना चाहिए। इंडियन चैंबर आफ कॉमर्स द्वारा शुक्रवार की रात आयोजित परिचर्चा इन सर्च आफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024 ओलंपिक में पूर्व ओलंपियनों ने भाग लिया था।

ओलंपिक 1964 की स्वर्ण पदक विजेता और 1968 की कांस्य पदक विजेता हॉकी टीम के सदस्य रहे गुरबख्श सिंह ने कहा ओलंपिक आने पर ही हम जागते हैं, पूरा देश जागता है। यह रवैया बदलना चाहिए। हॉकी में 2024 ओलंपिक में भारत की संभावना के बारे में उन्होंने कहा हमें कठिन पूल मिला है। पहला लक्ष्य सेमीफाइनल में पहुंचना होना चाहिए। सिर्फ जीत की सोच के साथ मैदान पर उतरना होगा। जिम्नास्ट दीपा करमाकर ने कहा अपने भीतर सब कुछ हासिल करने की इच्छाशक्ति होनी चाहिए। रियो ओलंपिक 2016 में कांस्य पदक से मामूली अंतर से चूकी करमाकर ने कहा चौथे स्थान पर रहने के बाद मैंने कोच बिश्वेश्वर नंदी सर से कहा कि मुझ पर भरोसा करने वाले करोड़ों भारतीयों का सामना कैसे करूंगी। उन्हें मुझसे इतनी अपेक्षाएं थीं। मैं सीधे अगरतला जाना चाहती थी लेकिन उन्होंने कहा कि पूरा देश तुम्हारा इंतजार कर रहा है।

उन्होंने कहा और मेरे आने के बाद जिस तरह से स्वागत हुआ, मैं दंग रह गई। मुझे याद है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कितने प्रेरक शब्द कहे थे और उन्हें मेरे प्रदर्शन के हर मिनट की जानकारी थी। नंदी ने कहा भारत में जिम्नास्टिक पांच या छह राज्यों में ही खेला जाता है। इसमें बदलाव जरूरी है ताकि दीपा के नक्शे कदम पर और भी युवा चल सकें। पूर्व ओलंपियन तीरंदाज राहुल बनर्जी ने कहा कि एक खिलाड़ी को हमेशा नाकामियों से सीखना चाहिए। अगर आप पहला टूर्नामेंट जीतते हैं तो जश्न मनाते हैं और दूसरा हारने पर आपको नाकाम करार दिया जाता है।

PARIS 2024 | ओलंपिक 13 दिन शेष

● 'इन सर्च ऑफ ग्लोरी इंडियाज प्रोस्पेक्टस इन द 2024' कार्यक्रम में पूर्व ओलंपियनों ने रखे अपने विचार

## ओलंपियाड के लिए गुकेश और प्रज्ञानानंदा को टीम में मिली जगह

**चेन्नई, एजेंसी**

भारत के स्टार खिलाड़ी डी गुकेश और आर प्रज्ञानानंदा हंगरी के बुडापेस्ट में सितंबर में होने वाले आगामी शतरंज ओलंपियाड में भाग लेंगे। नवंबर में विश्व शतरंज चैंपियनशिप में चीन के मौजूदा विश्व चैंपियन डिंग लिरेन को चुनौती देने वाले गुकेश के लिए यह टूर्नामेंट ड्रेस रिहर्सल की तरह होगा।

गुकेश ने इस साल शानदार प्रदर्शन किया है। वह अप्रैल में टोरंटो में कैंडिडेट्स टूर्नामेंट जीतकर विश्व चैंपियनशिप के फाइनल में पहुंचने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी बने थे। अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) के अध्यक्ष नितिन नारंग ने पीटीआई को पुष्टि करते हुए बताया कि टीम में अर्जुन एरिगेसी, विदित गुजराती और पी हरिकृष्णा भी शामिल हैं। महिला टीम में डी हरिका, वैशाली रमेशबाबू, दिव्या देशमुख, वंतिका अग्रवाल और तानिया सचदेव मौजूद हैं। ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी टीम से बाहर हैं।



आर प्रज्ञानानंदा और डी गुकेश। ● एजेंसी

## बॉलीवुड हलचल



### स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं आदित्य रॉय कपूर

**मुंबई।** बॉलीवुड अभिनेता आदित्य रॉय कपूर अपनी आने वाली फिल्म के स्पेशल ट्रेनिंग ले रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर अपनी अगली फिल्म में दमदार एक्शन सीन करते नजर आने वाले हैं। इस फिल्म की शूटिंग इस साल के अंत तक हो सकती है। कहा जा रहा है कि वह इस फिल्म के लिए काफी मेहनत कर रहे हैं और इसके लिए खास ट्रेनिंग भी ले रहे हैं। उनकी ट्रेनिंग सेलिब्रिटी फिटनेस ट्रेनर रोहित नायर के अंडर चल रही है। आदित्य रॉय इस एक्शन फिल्म के लिए जबरदस्त फिजिकल ट्रेनिंग कर रहे हैं। आदित्य रॉय कपूर के लिए यह खास ट्रेनिंग कानपुर में रखी की गई है। इस स्पेशल ट्रेनिंग में किक बॉक्सिंग और मार्शल आर्ट्स तकनीक पर फोकस किया जा रहा है। कहा जा रहा है कि इस ट्रेनिंग के जरिए आदित्य रॉय कपूर को न सिर्फ फिल्म के लिए तैयार किया जा रहा है बल्कि उनकी ओवरऑल फिजिकल कंडीशन भी बेहतर की जा रही है। आदित्य की ट्रेनिंग दो महीने तक चलने वाली है।

### हाउसफुल 5 में काम करेंगे संजय दत्त



**मुंबई।** बॉलीवुड के माचो हीरो संजय दत्त, की एंट्री हाउसफुल 5 में हो गई है। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार साजिद नाडियाडवाला कॉमेडी फ्रेंचाइजी हाउसफुल का पांचवा संस्करण बनाने जा रहे हैं। तरूण मनसुखानी के निर्देशन में बनने वाली फिल्म हाउसफुल 5 में अक्षय कुमार, अभिषेक बच्चन और रितेश देशमुख की अनाउंसमेंट पहले ही चुकी थी और अब हाउसफुल 5 में संजय दत्त की एंट्री कन्फर्म हो चुकी है। सोशल मीडिया पर फोटो शेयर कर साजिद नाडियाडवाला ने लिखा, ''#एनजीइएफ फैमिली को ये घोषणा करते हुए खुशी महसूस हो रही है कि संजय दत्त, हाउसफुल 5 की फैमिली को ज्वाइन कर रहे हैं। पागलपंती से भरी इस अगली जर्नी पर काम करने के लिए उत्साहित हूं।

**यूरो कप फाइनल** | 1966 विश्वकप के बाद पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने का इंग्लैंड के पास मौका, आज स्पेन से होगा मुकाबला

## 58 साल का सूखा खत्म करना चाहेगा इंग्लैंड

**बर्लिन, एजेंसी**

स्पेन की टीम रविवार को जब यूरो 2024 के फाइनल में उतरेगी तो उसकी कोशिश रिकॉर्ड चौथा खिताब जीतने की होगी जबकि प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड 1966 विश्व कप खिताब के बाद इस खेल में पहली बड़ी ट्रॉफी जीतने के लिए एड़ी चोटी का जोर लगाएगा।

स्पेन और जर्मनी ने तीन-तीन यूरो खिताब जीते हैं और रविवार को इंग्लैंड के खिलाफ मैच में स्पेन का पलड़ा भारी होगा। स्पेन की टीम टूर्नामेंट में अब तक अपने सभी मैच जीतने में सफल रही है। टीम पिछले कुछ समय से शानदार लय में है। उसने पिछले साल जून में यूईएफए नेशंस लीग का खिताब जीता था। 17 साल के लामाइन यमल स्पेन के तुरुप के इक्के साबित हुए हैं। उन्होंने टूर्नामेंट में तीन बार गोल के मौके बनाए और फिर सेमीफाइनल में फ्रांस के खिलाफ अपना पहला गोल किया। वह इस टूर्नामेंट के इतिहास में सबसे कम उम्र में गोल करने वाले खिलाड़ी बन गए। यमल के लिए यह टूर्नामेंट वैसा ही रहा है जैसा कि 2018 विश्व कप में फ्रांस के काइलियान एमबाप्पे और 1958 विश्व कप में 17 साल के पेले के लिए था। स्पेन 12 साल के बाद किसी बड़े टूर्नामेंट के फाइनल में पहुंचा है। टीम ने अपना पिछला फाइनल यूरो 2012 में इटली के खिलाफ खेला था। टीम ने तब इटली को 4-0 से करारी शिकस्त देकर खिताब जीता था।

इंग्लैंड के कोच जेरेथ साउथगेट की देखरेख में टीम का प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा है। 2016 में उनके टीम से जुड़ने के बाद इंग्लैंड 2018 में विश्व कप सेमीफाइनल और अब लगातार यूरोपीय चैम्पियनशिप फाइनल में पहुंच गया है। स्पेन के कप्तान अलवारो मोराटा चोट से उबर कर अभ्यास करते दिखे जो टीम के लिए अच्छा संकेत है। मोराटा को यह चोट पिछले मैच में जीत का जश्न मनाते हुए लगी थी।


अभ्यास सत्र में पसीना बहाते स्पेन के यमल व अन्य खिलाड़ी। ● एजेंसी

### स्पेन तीन बार का चैंपियन

स्पेन की टीम 1964, 2008 और 2012 में चैम्पियन रही है। यूरो 2024 में छह खिलाड़ी टूर्नामेंट के सबसे अधिक तीन गोल पर हैं और इनमें दो फाइनल में खेल रहे हैं। इसमें इंग्लैंड के कप्तान हैरी केन और स्पेन के डानी ओल्मो शामिल है। इंग्लैंड की और स्पेन की टीम छह साल के अंतराल पर एक दूसरे का सामना करेगी। दोनों ने 2018 नेशंस लीग में डबल-हेडर खेला था, जिसमें स्पेन ने 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड ने एक महीने बाद सेविला में 3-2 से जीत दर्ज की थी।


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर,इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), ईमेल-amritvicharlucknow@gmail.com आर.एन.आई नं0-50986/1989 (नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।

# अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को प्रधानमंत्री ने दिया आशीर्वाद

मुंबई, एजेंसी



● नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छुए, मुकेश अंबानी और नीता अंबानी ने किया स्वागत

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शनिवार को नवविवाहित जोड़े अनंत अंबानी और राधिका मर्चेंट को उनकी शादी के बाद आशीर्वाद दिया। विवाह समारोह में देश-विदेश की मशहूर हस्तियों, उद्योगपतियों और राजनेताओं ने भाग लिया। मोदी यहां अंबानी परिवार के स्वामित्व वाले जियो वर्ल्ड कन्वेंशन सेंटर में आयोजित समारोह में शामिल होने पहुंचे, जिसका नाम शुभ आशीर्वाद रखा गया है। नवविवाहित जोड़े ने मोदी के पैर छूकर उनका आशीर्वाद लिया। मोदी का स्वागत मुकेश अंबानी और उनकी पत्नी नीता अंबानी ने किया तथा उन्हें समारोह स्थल तक ले गये।

एशिया के सबसे अमीर व्यक्ति मुकेश अंबानी के बेटे अनंत अंबानी और उद्योगपति वीरेन मर्चेंट की बेटी राधिका मर्चेंट शुक्रवार को मुंबई में एक भव्य समारोह में परिणय सूत्र में बंध गए। शनिवार के समारोह के लिए आमंत्रित अतिथि लगभग वही थे, जो एक दिन पहले शादी में शामिल हुए थे। विवाह समारोह में शामिल होने वालों में बॉलीवुड के दिग्गज अमिताभ बच्चन, शाहरुख खान, सलमान खान और रणबीर कपूर, क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर, महेंद्र सिंह धोनी, जसप्रीत बुमराह, हार्दिक पांड्या और सूर्यकुमार यादव शामिल थे। ब्रिटेन के पूर्व प्रधानमंत्री टोनी ब्लेयर और बोरिस जॉनसन के अलावा सऊदी अरामको के सीईओ अमीन एच. नासर भी अतिथि सूची में शामिल थे।

# सिएटल में वीजा आवेदन केंद्र की शुरुआत हुई

ह्यूस्टन, एजेंसी

● भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया

अमेरिका के सिएटल में स्थित भारतीय वाणिज्य दूतावास ने शुक्रवार को वीजा आवेदन केंद्र का उद्घाटन किया। सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल, पोर्ट कमिश्नर सैम चो सहित स्थानीय नेता इस उद्घाटन समारोह में शामिल हुए। मेयर हैरेल ने आवेदकों को भारतीय पासपोर्ट और वीजा प्रदान किया, जो समुदाय के लिए एक खास पल था।

सिएटल के मेयर ब्रूस हैरेल ने वहां रह रहे भारतीयों की तारीफ की, साथ ही भारत और अमेरिका के बीच संबंधों को समृद्ध बनाने में उनके योगदान की सराहना की। सिएटल के अलावा बेलेव्यू में भी एक ड्रॉप-ऑफ प्रतिष्ठान प्रारंभ किया है ताकि पूर्वी क्षेत्र के लोगों को वीजा और पासपोर्ट संबंधी सुविधाएं आसानी से मिल सकें। सिएटल और बेलेव्यू भारतीय वीजा आवेदन केंद्र (आईवीएसी) का संचालन वीएफएस ग्लोबल कर रहा है,यह विदेश मंत्रालय का आउटसोर्स्ड वीजा सेवा साझेदार है। ये केंद्र भारतीय नागरिकों के लिए वीजा प्रक्रिया को सरल बनाने और इससे संबंधित अन्य समस्याओं से निपटने में मदद के लिए स्थापित किए गए हैं।

# रिजॉल्व तिब्बत एक्ट पर किए हस्ताक्षर

वाशिंगटन, एजेंसी



● अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन के हस्ताक्षर के बाद बना कानून

अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने तिब्बत के लिए अमेरिकी समर्थन बढ़ाने और इस हिमालयी क्षेत्र के दर्जे व शासन से संबंधित विवाद के शांतिपूर्ण समाधान के लिए चीन और दलाई लामा के बीच संवाद को बढ़ावा देने संबंधी एक विधेयक पर हस्ताक्षर किए हैं, जिसके बाद यह एक कानून बन गया है। चीन ने रिजॉल्व तिब्बत एक्ट का विरोध करते हुए इसे अस्थिरता पैदा करने वाला कानून बताया था। पिछले साल फरवरी में प्रतिनिधि सभा ने जबकि मई में सीनेट ने इस विधेयक को मंजूरी दी थी।

बाइडन ने शुक्रवार देर रात जारी एक बयान में कहा, मैंने एस. 138, तिब्बत-चीन विवाद समाधान को बढ़ावा देने वाला अधिनियम पर हस्ताक्षर किए हैं। बाइडन ने कहा, मेरा प्रशासन पीपुल्स रिपब्लिक ऑफ चाइना से दलाई लामा या उनके प्रतिनिधियों के साथ बिना किसी पूर्व शर्त के सीधी बातचीत फिर से शुरू करने का आह्वान करता रहेगा, ताकि मतभेदों को दूर किया जा सके और तिब्बत पर बातचीत के जरिए समझौता किया जा सके। चौदहवें दलाई लामा 1959 में तिब्बत से भागकर भारत चले गए थे।

### होनहार विदेशी छात्रों के लिए विधेयक पेश

**वाशिंगटन।** अमेरिकी कांग्रेस (संसद) के सदस्य थानेदार ने एच-1बी वीजा की उपलब्धता बढ़ाकर होनहार विदेशी छात्रों को अपनी पढ़ाई पूरी करने के बाद अमेरिका में रहने के लिये प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से एक विधेयक पेश किया है। एच-1बी वीजा की भारतीय आईटी पेशेवरों द्वारा सर्वाधिक मांग है। डेमोक्रेटिक पार्टी से अमेरिकी कांग्रेस के सदस्य थानेदार ने कहा, एक आप्रवासी के तौर पर, अमेरिका में शिक्षा के अवसरों ने मुझे हर मौका दिया और मैं देश में हमारे सबसे प्रतिभाशाली छात्रों को रखने के महत्व को समझता हूं।

## एक नजर

### किसी देश के दबाव में नहीं आएंगे : पेजेश्कियन

**तेहरान।** ईरान के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति मसूद पेजेश्कियन ने कहा है कि उनकी सरकार राष्ट्रीय हितों और शांति की पूर्व शर्त के अनुरूप सभी देशों के साथ संतुलित संबंध स्थापित करेगी, लेकिन अमेरिका पर जोर देते हुए कहा कि उनका देश दबाव में नहीं आएगा। मसूद पेजेश्कियन ने शुक्रवार देर रात देश के सरकारी अखबार तेहरान टाइम्स में नयी दुनिया के लिए मेरा संदेश शीर्षक से लिखा जिसमें नवीनतम राष्ट्रपति चुनाव की प्रशंसा की गई है जिसने उल्लेखनीय स्थिरता का प्रदर्शन किया। इसमें उन्होंने लिखा कि वह चुनाव प्रचार के दौरान किये गय वादों को बरकरार रखने का संकल्प लेते हैं। ईरान के 69 वर्षीय हार्ट सर्जन और लंबे समय तक सांसद रहे पेजेश्कियन ने पांच जुलाई के चुनाव में कट्टरपंथी पूर्व परमाणु वार्ताकार सईद जलीली को हराकर राष्ट्रपति इब्राहिम रईसी की जगह ली।

### अर्जेंटीना ने हमास को आतंकी समूह घोषित किया

**ब्यूनस आयर्स (अर्जेंटीना)।** अर्जेंटीना ने शुक्रवार को हमास को आतंकी समूह घोषित किया और इस फलस्तीनी समूह की वित्तीय संपत्तियां जब्त करने का आदेश दिया। राष्ट्रपति जेवियर माइली अर्जेंटीना को अमेरिका और इजराइल के साथ मजबूती से जोड़ना चाहते हैं। उस दिशा में इसे बहुत हद तक एक सांकेतिक कदम माना जा रहा है। माइली के कार्यालय ने पिछले सात अक्टूबर को इजराइल में फलस्तीनी समूह द्वारा किये गये हमले का हवाला देते हुए यह घोषणा की। यह हमला इजराइल के 76 साल के इतिहास में सबसे घातक हमलों में से एक था। बयान में, हमास से ईरान के घनिष्ठ संबंधों का भी उल्लेख किया गया है, जिसे अर्जेंटीना देश में यहूदी स्थलों पर दो घातक आतंकी हमले के लिए जिम्मेदार ठहरा रहा है।

### वियतनाम में भूस्खलन 11 लोगों की मौत की पुष्टि

**हनोई।** वियतनाम के उत्तरी प्रांत हा गियांग में शनिवार सुबह भूस्खलन से दबकर एक मिनीबस में सवार कम से कम 11 लोगों की मौत हो गई, जबकि चार अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। वियतनाम समाचार एजेंसी के ताजा अपडेट में यह जानकारी दी गयी। जब बाक मी जिले में एक सड़क पर भूस्खलन के कारण वाहन फंस गया, तो उसमें सवार सभी लोग मदद के लिए बाहर निकल आए। बताया जा रहा है कि मिनीबस में लगभग 16 लोग सवार थे। राष्ट्रीय जल-मौसम पूर्वानुमान केंद्र के अनुसार, जिस क्षेत्र में दुर्घटना हुई, वहां शुक्रवार शाम 7 बजे से शनिवार सुबह 7 बजे तक तक 280-290 मिमी बारिश दर्ज की गई।

# इमरान और बुशरा बीबी को अदालत ने किया बरी

## गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि रद्द करने की याचिका स्वीकार

इस्लामाबाद, एजेंसी



पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान और उनकी पत्नी को बरी करने के कोर्ट के आदेश के बाद खुशी मनाते पाकिस्तान की तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी के कार्यकर्ता। ● एजेंसी

पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) के संस्थापक इमरान खान और उनकी पत्नी बुशरा बीबी को शनिवार को जिला एवं सत्र अदालत ने इद्दत मामले में बरी कर दिया। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार अदालत ने गैर-इस्लामिक निकाह मामले में दोषसिद्धि को रद्द करने की उनकी याचिका स्वीकार कर ली। अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश मुहम्मद अफजल मजोका ने पहले संक्षिप्त आदेश की घोषणा की।

इमरान खान और बुशरा बीबी को फरवरी में सात साल की जेल की सजा सुनाई गई थी और प्रत्येक पर 500,000 रुपये का जुर्माना लगाया गया था। उस समय निचली अदालत ने उनके निकाह को धोखाधड़ी करार दिया था। बुशरा के पूर्व पति खावर मेनका ने जोड़े की शादी के खिलाफ अदालत का रुख किया था। इसके बाद खान दंपति ने सजा को चुनौती दी थी और राहत के लिए इस्लामाबाद उच्च न्यायालय का दरवाजा भी खटखटाया था। अदालत ने 28 पन्नों के फैसले में कहा कि मेनका लगभग छह साल तक निष्क्रिय रहा, जिससे उसका रुजू का अधिकार समाप्त हो गया, जो तलाक के बाद इद्दत की अवधि के भीतर रिश्ते को सामान्य करने की अवधि है। अदालत ने कहा, यदि उन्हें किसी अन्य मामले में हिरासत में रखने की आवश्यकता नहीं है, तो खान और बुशरा को तत्काल रिहा करने का निर्देश दिया जाता है।

अदालत ने मेडिकल बोर्ड के गठन और धार्मिक विद्वानों से परामर्श की मांग करने वाली याचिकाओं को भी खारिज कर दिया। आज के फैसले ने खान को जेल में रखने वाली आखिरी मौजूदा कानूनी बाधा को दूर कर दिया है। दो तोशाखाना मामलों में उनकी सजा निलंबित कर दी गई, जबकि सिफर मामले में उन्हें इस्लामाबाद उच्च न्यायालय ने बरी कर दिया। नौ मई, 2023 की घटनाओं के बाद से उनके खिलाफ दर्ज कई अन्य मामलों में भी विभिन्न अदालतों ने उन्हें बरी कर दिया है। अदालत के फैसले के बाद पीटीआई के चेयरमैन बैरिस्टर गौहर खान ने मीडिया से कहा कि सजा का उद्देश्य खान को समझौता करने के लिए मजबूर करना था।

# इजराइल में वेस्ट नाइल बुखार से अब तक 31 की मौत

**यरूशलम।** इजराइल में मई की शुरुआत में वेस्ट नाइल बुखार फैलने के बाद से शुक्रवार को 12 नई मौतों की पुष्टि के साथ मौत का आंकड़ा 31 हो गया है। यह जानकारी स्वास्थ्य अधिकारियों ने दी। स्वास्थ्य मंत्रालय ने एक बयान में 49 नए संक्रमण की सूचना दी, जिससे देश में संक्रमित लोगों की कुल संख्या 405 हो गई, जो वर्ष 2000 में 425 की वार्षिक रिकॉर्ड के समीप है।

मंत्रालय ने इस वायरस के लिए मच्छरों के लिए अनुकूल गर्म और अधिक आर्द्र मौसम को जिम्मेदार ठहराया, जो मच्छरों के काटने से पक्षियों में और पक्षियों से मनुष्यों तक पहुंचाता है। इजराइल की समाचार वेबसाइट वाईनेट ने कहा कि अधिकांश संक्रमित 70 वर्ष और उससे अधिक उम्र के लोग हैं, हालांकि बच्चों में भी वायरस का पता चला है। अधिकांश संक्रमणों में हल्के सर्दी के लक्षण दिखाई नहीं देते हैं, लेकिन कभी-कभी, कुछ लोगों में केंद्रीय तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करने वाली गंभीर बीमारियां विकसित हो जाती हैं। इस सप्ताह की शुरुआत में, इज़राइल के मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, तामीर गोशेन ने समाचार वेबसाइट को जानकारी दिया कि पिछले दो महीनों में 159 पक्षी वायरस से संक्रमित पाए गए।

# दक्षिणी गाजा में हमला 90 लोगों की गई जान

खान यूनिस, एजेंसी

● हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाने के लिए इजराइल ने किया था हमला

इजराइल ने शनिवार को कहा कि उसने दक्षिणी गाजा पट्टी में एक बड़े हमले में हमास के एक सैन्य कमांडर को निशाना बनाया। हालांकि स्थानीय स्वास्थ्य अधिकारियों का कहना है इस हमले में बच्चों सहित कम से कम 90 लोग मारे गए हैं। हमास ने इजराइल के इस दावे को खारिज कर दिया कि उसका सैन्य कमांडर मोहम्मद दीफ उस क्षेत्र में था, जहां इजराइली हमला हुआ।

इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने संवाददाताओं से कहा कि यह अभी पूरी तरह से स्पष्ट नहीं है कि दीफ और हमास के दूसरे कमांडर राफा सलामा की इस हमले में मौत हो गई है। यह हमला उस क्षेत्र में हुआ जिसे सेना ने हज़ारों फलस्तीनियों के लिए सुरक्षित घोषित किया था। मोहम्मद दीफ के बारे में कई लोगों का मानना है कि वह सात अक्टूबर के हमले का मुख्य साजिशकर्ता था। उक्त हमले में दक्षिणी इजराइल में लगभग 1,200 लोग मारे गए थे जिसके बाद इजराइल-हमास युद्ध शुरू हो गया था। दीफ कई वर्षों से इजराइल की अति वांछित सूची में सबसे ऊपर है और माना जाता है कि वह अतीत में कई इजराइली हमलों में बच निकला है। गाजा स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा कि हमले में कम से कम 90 लोगों की मौत हो गई और कम से कम 300 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं।

### वरिष्ठ हमास कमांडर को मार गिराया

**गाजा।** इजरायल रक्षा बल (आईडीएफ) ने कहा कि इजरायल पर गत वर्ष सात अक्टूबर के हमले की साजिश में शामिल हमास के एक वरिष्ठ कमांडर को हाल ही में गाजा शहर पर हुए हवाई हमले में मारा गया। आईडीएफ ने अपने बयान में कहा कि हमास का उप कमांडर अयमान शोवादेह , वर्तमान में शेजैया बटालियन और पूर्व में हमास के संचालन मुख्यालय में एक प्रमुख संचालक मारा गया। सूत्रों के मुताबिक आईडीएफ सैनिकों पर शोवादेह ने कई हमले किए थे। इजरायली सेना ने शेजैया शहर में दो सप्ताह में सक्रिय आतंकवादियों और उनके बुनियादि ढांचे को खत्म करने का काम किया। बुधवार को आईडीएफ ने शेजैया मिशन समाप्त करने की घोषणा की।

# गुरुद्वारा में हमले में एक किशोर को आरोपी बनाया गया

**लंदन।** ब्रिटेन में एक गुरुद्वारा में धारदार हथियार से किये गये हमले में दो महिलाओं के घायल होने के बाद गिरफ्तार 17 वर्षीय लड़के पर शनिवार को विभिन्न आरोप लगाए गए। किशोर के खिलाफ हमला करने और जान से मारने की धमकी देने जैसे आरोप लगाये गये हैं।

केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने लड़के पर गुरुवार शाम की उस घटना के लिए आरोप लगाया है जिसे स्थानीय पुलिस दक्षिण-पूर्व इंग्लैंड के ग्रेवसेंड में स्थित श्री गुरु नानक दरबार गुरुद्वारे में अशांति के रूप में संदर्भित कर रही है। नाबालिग होने के कारण लड़के के नाम का खुलासा नहीं किया गया है। भारत के बाहर सबसे बड़े गुरुद्वारों में से एक इस गुरुद्वारा की ओर से कहा गया है कि वह जांच में सहयोग कर रहा है और घटना के समय गुरु ग्रंथ साहिब जी दरबार हॉल में नहीं थे।

केंट पुलिस ने एक बयान में कहा, शनिवार को केंट एवं एसेक्स गंभीर अपराध निदेशालय के जांचकर्ताओं ने 17 वर्षीय एक लड़के पर हिंसा करने, जान से मारने की धमकी देने, धारदार हथियार से किसी व्यक्ति को धमकाने और सार्वजनिक स्थान पर धारदार वस्तु रखने का आरोप लगाया।

# मध्य नाइजीरिया में स्कूल की इमारत ढही 22 लोगों की मौत

**अबुजा।** नाइजीरिया के उत्तर-मध्य पठारी राज्य में शुक्रवार को दो मंजिला स्कूल की इमारत गिरने से कम से कम 22 लोगों की मौत हो गई और 132 अन्य घायल हो गए। यह जानकारी अधिकारियों ने दी। जोस शहर में एक प्राथमिक और माध्यमिक विद्यालय, निजी स्वामित्व वाली सेंट अकादमी की इमारत उस समय ढह गई जब छात्र शुक्रवार सुबह एक प्रचार परीक्षा दे रहे थे। इमारत में कई कक्षाएँ और कार्यालय थे। पठारी राज्य में सूचना एवं संचार आयुक्त मूसा अशोम्स ने कहा कि बचाव दल ने शुक्रवार शाम तक कुल 154 लोगों को मलबे से बाहर निकाला, जिनमें 22 मृत शव और 132 लोग शामिल थे, जिनमें से छह की हालत गंभीर थी। पठारी गवर्नर कालेब मुतफवांग ने इस घटना को राज्य के लिए एक दुखद और एक बड़ी क्षति बताया।

# नेताओं ने घरों में नजरबंद किए जाने का दावा किया

श्रीनगर, एजेंसी

● पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं का दावा- शहीदों को श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया

जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने शनिवार को मुख्यधारा के राजनीतिक दलों की 1931 में आज ही के दिन एक डोगरा शासक की सेना द्वारा मारे गए 22 कश्मीरी लोगों को श्रद्धांजलि देने की योजना को विफल कर दिया। प्रशासन ने उन्हें मार्च निकालने से रोक दिया और नेताओं को नजरबंद कर दिया।

पीडीपी प्रमुख महबूबा मुफ्ती समेत कई नेताओं ने दावा किया कि प्रशासन ने उन्हें घरों में नजरबंद कर दिया और शहीदों की मजार पर श्रद्धांजलि देने नहीं जाने दिया। इन नेताओं के दावों पर कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा ने आरोप लगाया कि श्रीनगर के बाहरी इलाके खिम्बेर में उन्हें उनके घर में नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने एक्स पर पोस्ट किया, मेरे घर के द्वार एक बार फिर बंद कर दिए गए हैं, ताकि मैं मजार-ए-शुहादा पर न जा सकूँ - जो निरंकुशवाद, दमन और अन्याय के खिलाफ कश्मीर के प्रतिरोध का एक स्थायी प्रतीक है। पीडीपी प्रमुख ने कहा, हमारे शहीदों का बलिदान इस बात का प्रमाण है कि कश्मीरियों के जज्बे को कुचला नहीं जा सकता।


उन्होंने कहा, आज ही के दिन शहीद हुए प्रदर्शनकारियों की शहादत की याद करना भी आज अपराध बन गया है। उन्होंने कहा, पांच अगस्त, 2019 को जम्मू-कश्मीर को विखंडित कर दिया गया, शक्तिहीन कर दिया गया और वह सब कुछ छीन लिया गया, जो हमारे लिए पवित्र था। उनका हमारी प्रत्येक सामूहिक स्मृति को मिटाने का इरादा है।

# नेपाल भूस्खलनः एक भारतीय समेत तीन के शव बरामद

**काठमांडू।** नेपाल में शुक्रवार तड़के भूस्खलन की चपेट में आकर दो बसों के उफनती नदी में बहने के बाद शनिवार को 40 वर्षीय एक भारतीय नागरिक समेत तीन लोगों के शव बरामद किये गये। दोनों बसों में सात भारतीय नागरिकों समेत 50 से अधिक लोग सवार थे। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नेपाल के चितवन जिले के सिमलताल इलाके में नारायणघाट-मुगलिंग मार्ग पर सात भारतीयों सहित 54 यात्रियों को लेकर जा रही दो बसें भूस्खलन की चपेट में आने के बाद उफनती त्रिशूली नदी में बह गई थीं। इनमें से तीन यात्री तैरकर सुरक्षित बाहर निकल आए थे। पुलिस ने बताया कि दुर्घटनास्थल से 50 किलोमीटर दूर से पहला शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान भारतीय नागरिक ऋषि पाल शाही के रूप में हुई है।

# ओली बनेंगे नेपाल के प्रधानमंत्री

काठमांडू, एजेंसी



● निवर्तमान प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल की सरकार ने शुक्रवार को संसद का विश्वास मत खो दिया

नेपाल के नए प्रधानमंत्री बनने जा रहे के पी शर्मा ओली ने अपने गठबंधन सहयोगी नेपाली कांग्रेस के साथ नयी गठबंधन सरकार में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों की सूची तैयार करने को लेकर शनिवार को विचार विमर्श किया। नयी गठबंधन सरकार के सोमवार को शपथ लेने की संभावना है। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल रविवार दोपहर तक ओली (72) को नेपाली कांग्रेस-सीपीएन (यूएमएल) गठबंधन का नया प्रधानमंत्री नियुक्त कर सकते हैं। नेपाली कांग्रेस और यूएमएल के करीबी सूत्रों ने बताया, राष्ट्रपति सोमवार सुबह नए प्रधानमंत्री और मंत्रिमंडल के अन्य सदस्यों को शपथ दिला सकते हैं। शपथ ग्रहण समारोह शुरू होने से पहले सोमवार को एक छोटे मंत्रिमंडल की घोषणा होने की संभावना है।

नेपाल में राजनीतिक उथल-पुथल के बीच, नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी-एकीकृत मार्क्सवादी लेनिनवादी (सीपीएन-यूएमएल) के अध्यक्ष ओली (72) का एक बार फिर प्रधानमंत्री बनना तय है, क्योंकि मौजूदा प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल प्रचंड शुक्रवार को संसद में विश्वास मत हासिल करने में असफल रहे। शुक्रवार देर रात ओली ने शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली पार्टी नेपाली कांग्रेस (एनसी) के समर्थन से अगला प्रधानमंत्री बनने का दावा पेश किया था और संविधान के अनुच्छेद 76-2 के तहत सरकार बनाने के लिए प्रतिनिधि सभा के 165 सदस्यों के हस्ताक्षर सौंपे थे। इन सांसदों में ओली की पार्टी के 77 और नेपाली कांग्रेस के 88 सांसद शामिल हैं।

ओली के एक करीबी सूत्र ने बताया कि कुल 21 मंत्रालयों में से नेपाली कांग्रेस को नौ मंत्रालय और सीपीएन-यूएमएल को आठ मंत्रालय मिलेंगे, साथ ही प्रधानमंत्री का पद भी मिलेगा।

सूत्र ने बताया, गृह, विदेश, वित्त और ऊर्जा जैसे प्रमुख पदों को एनसी और यूएमएल के बीच बांटा जाएगा। नेपाली कांग्रेस को गृह मंत्रालय मिलने की संभावना है, जबकि वित्त मंत्रालय यूएमएल को मिलेगा। इससे पहले, शनिवार को सीपीएन-यूएमएल ने भविष्य की रणनीति पर चर्चा करने और नए मंत्रिमंडल में शामिल किए जाने वाले मंत्रियों के नामों को अंतिम रूप देने के लिए एक उच्च स्तरीय बैठक की। हालांकि, पार्टी के वरिष्ठ नेता और स्थायी समिति के सदस्य राजन भट्टराई के अनुसार, शुरुआत में एक छोटा मंत्रिमंडल होगा।

# आईएएस पूजा खेडकर की मां को नगर निगम का नोटिस

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

● सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का निर्देश दिया गया

पुणे नगर निगम ने विवादों में घिरीं परिवीक्षाधीन आईएएस अधिकारी पूजा खेडकर की मां मनोरमा खेडकर को एक नोटिस जारी कर सात दिनों के भीतर उनके बंगले की चारदीवारी के पास बने अनधिकृत ढांचे को हटाने का शनिवार को निर्देश दिया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पुलिस ने आईएएस प्रशिक्षु पूजा के माता-पिता मनोरमा और दिलीप खेडकर के अलावा पांच अन्य के खिलाफ भी प्राथमिकी दर्ज की है। कुछ दिन पहले ही एक वीडियो सामने आया था जिसमें मनोरमा भूमि विवाद को लेकर कुछ लोगों को कथित तौर पर बंदूक से धमकाती नजर आ रही थीं। वर्ष 2023 बैच की भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी खेडकर परिवीक्षाधीन हैं और वर्तमान में अपने गृह कैडर महाराष्ट्र में तैनात हैं। खेडकर (34) पर भारतीय प्रशासनिक सेवा में शामिल होने के लिए शारीरिक दिव्यांगता श्रेणी और अन्य पिछड़ा वर्ग कोटा के तहत लाभों का दुरुपयोग करने का आरोप लगाया गया है। शनिवार शाम को पुणे नगर निगम के अधिकारियों ने शहर के बाणेर रोड स्थित ओम दीप बंगले पर मनोरमा खेडकर को नोटिस थमाने की कोशिश की, लेकिन घंटी बजाने के बाद भी कोई जवाब नहीं मिला। बंगले के मुख्य द्वार पर नोटिस चिपका दिया है।

खगोल विज्ञान

## आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना

# अधर में लटका ए3 त्सुचिंशान एटलस का भविष्य

संवाददाता, नैनीताल



ए3 त्सुचिंशान एटलस।

**अमृत विचार :** आसमान में विचर रहा एक धूमकेतु इन दिनों खगोलविदों के आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। यह धूमकेतु बिखर जाएगा या फिर आसमान में अपनी छटा बिखेरेगा, कहा जाना निश्चित नहीं है। इस धूमकेतु की खोज पिछले साल हुई। इसका नाम ए3 त्सुचिंशान एटलस है।

धूमकेतु हमारे सौरमंडल के रोमांचक पिंडों में शुमार हैं, जो एक लंबी पूंछ बनाते हैं और हमारी धरती के करीब से होकर गुजर जाते हैं। इनकी चमक खूबसूरत होती है और सूर्य की परिक्रमा कर वापस अपने गंतव्य को लौट जाते हैं। इन दिनों धूमकेतु ए3 त्सुचिनशान एटलस हमारे करीब पहुंचने वाला है। खास बात यह है कि इसकी आगे की यात्रा का रास्ता शायद खुला नहीं है। जिस कारण आशंका जताई जा रही है कि यह अपरिहार्य कारणों से बिखर चुका है और ब्रह्मांड के अंधियारे में आगे बढ़ रहा है। मगर बड़ी बात यह भी कही जा रही है कि यदि यह सुरक्षित आगे बढ़ा तो इस वर्ष का सर्वाधिक चमकदार धूमकेतु बनेगा।

बहरहाल खगोलीय रहस्यों में रुचि रखने वाले दुनियाभर के लोग इस धूमकेतु के नग्न आंखों से दिखाई देने का इंतजार कर रहे हैं। 2023 की शुरुआत में इसकी खोज हुई थी। अक्टूबर 2024 में पृथ्वी व सूर्य के नजदीक पहुंचेगा। फिलहाल आंतरिक सौर मंडल के करीब आ रहा है। पिछले तीन महीनों के दौरान इसकी चमक में वृद्धि नहीं देखी गई है। मगर नए अध्ययन से पता चला है कि इसका केंद्र खंडित हो रहा है। यह अध्ययन चेक अमेरिकी खगोलशास्त्री और नासा की जेट प्रोपल्शन प्रयोगशाला के धूमकेतु विशेषज्ञ ज़ेडेनेक सेकनिना ने किया है।

### दूरबीन से देखा जा सकता है धूमकेतु

खगोल के प्रति रुचि रखने वालों का कहना है कि यह धूमकेतु बड़ी चुनौती है। इसकी तस्वीर ले पाना आसान नहीं होगा। इसकी पहचान कर पाना भी मुश्किलों भरा होगा। इसका अध्ययन कर रहे नासा समेत कई अन्य अंतरिक्ष एजेंसियों के खगोल वैज्ञानिकों के लिए भी इसके रहस्य उजागर कर पाना बड़ा इतिहास बनेगा। एक छोटी दूरबीन के सहारे इसे देखा जा सकता है।

# यूक्रेन के ड्रोन हमले में रूसी तेल डिपो में आग लगी

कीव, एजेंसी

● खेरसॉन क्षेत्र में गोलाबारी में तीन लोगों की गई जान

यूक्रेन के खेरसॉन क्षेत्र में रूस की गोलाबारी में शनिवार को तीन लोगों की मौत हो गई। यह जानकारी स्थानीय अधिकारियों ने यहां दी। इस बीच, शुक्रवार एवं शनिवार की दरमियानी रात रूस और यूक्रेन के बीच लगातार ड्रोन हमले हुए। आंशिक रूप से कब्जे वाले खेरसॉन प्रांत के गवर्नर अलेक्सांद्र प्रोकुडिन ने बताया कि इसकी राजधानी के करीब हुए हमले में दो लोगों की मौत हो गयी और दो घायल हो गए। यूक्रेन के उत्तर-पूर्वी खारकीव क्षेत्र के गवर्नर ओलेह सिनीहुबोव के अनुसार, शनिवार दोपहर एक और व्यक्ति की मौत हो गई और 16 अन्य घायल हो गए।

यूक्रेनी सेना ने शनिवार तड़के रूस के दक्षिण-पश्चिमी रोस्तोव क्षेत्र स्थित त्सिमल्यांस्की जिले में एक तेल डिपो को निशाना बनाया। ड्रोन हमले में रूस के रोस्तोव इलाके में स्थित एक तेल डिपो में आग लग गई। यह सीमावर्ती क्षेत्र पर कीव की सेना द्वारा किया गया नवीनतम लंबी दूरी का हमला है। यूक्रेन ने हाल के महीनों में क्रेमलिन के युद्ध तंत्र को कुंद करने के प्रयास में विभिन्न रिफाइनरी और तेल टर्मिनल को निशाना बनाते हुए रूसी धरती पर हवाई हमले बढ़ा दिए हैं। रूसी सेना पूर्वी यूक्रेन में अग्रिम पंक्ति पर कड़ी मेहनत कर रही है, जहां युद्ध के तीसरे वर्ष में सैनिकों और गोला-बारूद की कमी के कारण यूक्रेनी सैनिक कमजोर हुए हैं।